# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

सोमवार, 10 नवम्बर , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 303, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## कंपनियों की पूंजी 88635 करोड़ घटी

10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 88,635 .28 करोड़ रुपये की गिरावट आई। } 14

## पूर्वोत्तर राज्यों के सीपीए इंडिया सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे ओम बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सोमवार को कोहिमा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन–तृतीय के 22वें वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। } 16



# बिहार में दूसरे चरण का प्रचार थमा, मतदान कल

### 122 विधान सभा क्षेत्रों में 1302 प्रत्याशियों के भाग्य होंगे ईवीएम में कैद

एजेंसी



पटना। बिहार में चुनावी प्रचार पर विराम लग चुका है। दूसरे चरण के मतदान को लेकर तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। आज चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सभी दलों अपनी पूरी ताकत लगा दी। मतदान में कहीं कोई गड़बड़ी नहीं हो, इसके लिए चार लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे।

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए जारी सियासी दलों के चुनावी प्रचार अभियान पर पांच बजते ही विराम लग गया। अब मतदान दो दिन बाद यानी 11 नवंबर को होगा। आज चुनाव प्रचार का आखिरी दिन रहा। दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। इसके लिए 45339 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 4109 बूथों को संवेदनशील बनाया गया है। इसमें 4003 अतिसंविदनशील बूथ घोषित हैं। यहां पर चार बजे तक मतदान होगा। कटोरिया, बेलहर, चैनपुर, चेनारी, गोह, नवीनगर, कुटुंबा, औरंगाबाद, रफीगंज, गुरुआ, शेरघाटी, इमामगंज, बाराचट्टी के (36 बूथ), बोधगया (200 बूथ), रजौली, गोविंदपुर, सिकंदरा, जमुई, झाझा, चकाई विधानसभा में बनाए गए बूथों पर शाम चार बजे मतदान होगा। वहीं बोधगया में 106 बूथों पर शाम पांच बजे तक मतदान होगा। इन बूथों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात रहने का निर्देश ...शेष पृष्ठ 14 पर

# वाइब्रेंट विलेज को मिली पर्यटन हब की पहचान : मोदी

### प्रधानमंत्री के स्नेहपूर्ण सहयोग की बदौलत आपदाओं से उभरा उत्तराखंड : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। हर विधानसभा क्षेत्र में योग केंद्रों की स्थापना, वाइब्रेंट विलेज को छोटे पर्यटन हब के रूप में विकसित करने और पहाड़ी व्यंजनों को होमस्टे संस्कृति से जोड़ने से जोड़कर राज्य को नई पहचान दी जा सकती है। हरेला, फूलदेई, भिंटोली जैसे त्योहार तथा नंदा देवी, जौलजीवी, बागेश्वर उत्तरायणी, देवीधुरा और श्रावणी जैसे पारंपरिक मेले राज्य को पहचान दिलाते हैं और इन्हें वन डिस्ट्रिक्ट वन फेस्टिवल के माध्यम से विश्व मंच पर लाया जा सकता है।

देहरादून के एफआरआई के ऐतिहासिक परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देवभूमिवासियों को सम्बोधित करते हुए उक्त उद्गार व्यक्त किए। प्रधानमंत्री ने गढ़वाली और कुमाऊंनी में प्रदेशवासियों को स्थापना दिवस की 25 वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने 8260 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जहां चाह, वहां राह के मूलमंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। उत्तराखंड के हर विधानसभा क्षेत्र में योग केंद्रों की स्थापना, वाइब्रेंट विलेजों को छोटे पर्यटन हब के रूप में विकसित करने और पहाड़ी व्यंजनों को होमस्टे संस्कृति से जोड़ कर राज्य को नई दिशा दी जा सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की नेतृत्व वाली सरकार ने जिस आशा और विश्वास के साथ उत्तराखंड राज्य का गठन किया था, उन स्वप्नों को राज्य ने 25 वर्षों में साकार करके दिखाया है। उन्होंने अपने उत्तराखंड से भावनात्मक जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां की आध्यात्मिक यात्रा के दौरान पहाड़ों में रहने वाले लोगों के धैर्य और परिश्रम ने हमेशा उन्हें प्रेरित किया। इसी आधार पर उन्होंने वर्षों पहले कहा था कि यह दशक उत्तराखंड का होगा, और अब यह विश्वास और मजबूत हुआ है कि राज्य अपनी प्रगति के उत्कर्ष काल में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने बताया कि 25 वर्ष पहले राज्य के सामने संसाधनों की भारी कमी, सीमित आय और छोटे बजट जैसी कई चुनौतियां थीं। उस समय 4 हजार करोड़ रुपये का बजट आज एक लाख करोड़ रुपये से अधिक तक पहुंच गया है। बीते वर्षों में जहां बिजली उत्पादन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### फ्लोरिडा के एक बार में घुसी कार, चार की मौत, 11 घायल

न्यूयॉर्क। अमेरिका के टाम्पा जिले में शुक्रवार रात को पुलिस से बचकर भागने की कोशिश कर रहे कार चालक ने वाहन भीड़भाड़ वाले बार में मौजूद लोगों के बीच घुसा दिया। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। टाम्पा रात के समय में भी चहल पहल और पर्यटन के लिए मशहूर है। टाम्पा पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा कि एक हवाई गश्ती दल ने रात लगभग 12 बजकर 40 मिनट पर एक मार्ग पर तेज गति से चल रही कार को देखा था। चालक बड़ी लापरवाही से वाहन चला रहा था। इस कार को इससे पहले एक अन्य इलाके में सड़क पर रेस लगाते देखा गया था। फ्लोरिडा में राजमार्गों पर गश्त करने वाली फ्लोरिडा हाईवे पेट्रोल ने गाड़ी की पहचान की और उसे रोकने की कोशिश की लेकिन यह प्रयास असफल रहा। पुलिस ने बताया कि जैसे ही गाड़ी टाम्पा के मध्य में स्थित ऐतिहासिक यबोर सिटी की ओर तेजी से बढ़ी हाईवे पेट्रोल के अधिकारियों ने गाड़ी को रोकने की कोशिश की जिससे बचने के लिए चालक ने गाड़ी की गति तेज कर दी और वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद कार ब्रैडलीज ऑन सेवेंथ बार के बाहर 12 से अधिक लोगों की भीड़ में जा घुसी।

### पति की हत्या में पत्नी समेत तीन लोगों को उम्रकैद

आगरा। जिले की एक अदालत ने पति की हत्या करने और शव को कुएं में फेंकने के जुर्म में एक महिला तथा उसके प्रेमी समेत तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता प्रदीप शर्मा ने बताया कि डौकी थाना क्षेत्र में 14 फरवरी 2019 को रामवीर (32) की हत्या उसकी पत्नी कुसुमा देवी और दो कथित प्रेमियों सुनील और धर्मवीर ने मिलकर फावड़े से प्रहार करके कर दी थी। शर्मा ने कहा कि दोषियों ने सबूत मिटाने के लिए शव को घर के पास ही एक कुएं में फेंक दिया था। शर्मा के अनुसार, इस घटना की प्राथमिकी रामवीर के मामा टीकाराम ने दर्ज कराई थी और तीन महीने में पुलिस ने तमाम सबूत इकट्ठा करके आरोपपत्र दाखिल किया था।

# विश्वास के काबिल नहीं कलंकित अतीत वाले

### सीएम ने कांग्रेस-राजद पर किये जोरदार हमले, बोले- 'पंचर बनाने वाले आकर विकास को पंचर कर देंगे'

एजेंसी




नरपतगंज। बिहार विधानसभा चुनाव के 11 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए रविवार को प्रचार का अंतिम दिन है। इस दिन सीएम योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को नरपतगंज हाई स्कूल स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों कांग्रेस, राजद और समाजवादी पार्टी पर सीधा प्रहार किया। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन की अररिया जनपद में आयोजित इस जनसभा के जरिए यूपी के मुख्यमंत्री ने खुलकर कहा कि बिहार में फिर से 'जंगलराज' लाने की कोशिश करने वालों को रोकना जरूरी है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पंचर बनाने वाले यहां आकर विकास को पंचर करने का काम करना चाहते हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेताया कि नरपतगंज को किसी भी तरह से 'घुसपैठियों का लॉन्चिंग पैड' नहीं बनने देना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिकटी विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया। भारतीय जनता पार्टी ने विधायक विजय कुमार मंडल को यहां से प्रत्याशी बनाया है। सीएम ने मतदाताओं से विजय मंडल को फिर से विजयश्री दिलाने की अपील की। सीएम योगी ने कांग्रेस, राजद समेत महागठबंधन पर बिहार में जंगलराज फैलाने का आरोप लगाया और मतदाताओं से अपील की कि कलंकित व काले अतीत के लोग विश्वास लायक नहीं हैं। यूपी के मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस बिहार ने दुनिया को नालंदा विश्वविद्यालय और ज्ञान की रोशनी दी, उसी बिहार को कांग्रेस और राजद की जोड़ी ने निरक्षरता और अराजकता की तरफ धकेल दिया। उन्होंने कहा कि इस धरती ने मां जानकी, महात्मा बुद्ध और भगवान महावीर को जन्म दिया है। यही धरती आर्यभट्ट, चाणक्य और चंद्रगुप्त मौर्य की धरती है, लेकिन कांग्रेस-राजद ने इस पवित्र भूमि को जातीय विभाजन और माफियागीरी से कलंकित किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस और राजद ने समाज को जाति के नाम पर बांटा, सरकारी खजानों की लूट मचाई और बिहार के नौजवानों को बेरोजगार बनाया। इनकी करनी से बिहार बीमारू बन गया, जबकि यह वही भूमि है जिसने भारत को स्वर्ण युग दिया। यूपी के सीएम ने विपक्षी गठबन्धन पर सीधे-सीधे आरोप लगाया कि कांग्रेस, राजद और उनके सहयोगी जातिगत विभाजन और माफिया-समर्थन के जरिए बिहार में अराजकता के लिए ज़िम्मेदार हैं। सभा में योगी ने यह भी कहा कि यूपी में माफिया पर बुलडोजर चलता है और उसकी हड्डी पसली एक कर दी जाती है। माफिया द्वारा कब्जा की गई जमीन पर गरीबों के लिए हवेलियां बनाई जा रही हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार जब से कांग्रेस-राजद के दौर से बाहर आया है, तब से ही विकास की राह खुली है। उन्होंने कहा कि जो लोग कभी जाति को जाति से लड़ाने और खानदानी माफिया को संरक्षण देने में लगे रहे, वे अब फिर से वही हालात पैदा करना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राजद ने मिलकर समाज को बांटा, नौजवानों के अवसर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# समाज कल्याण के 4 अधिकारी बर्खास्त

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में भ्रष्टाचार के मामले में सरकार की ओर लगातार कार्रवाई की जा रही है। समाज कल्याण विभाग ने भ्रष्टाचार में लिप्त चार अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि तीन सेवानिवृत्त अधिकारियों की पेंशन में स्थायी कटौती का आदेश दिया गया है। इनमें से कई प्रकरण डेढ़ दशक से अधिक समय से लंबित थे।

**○ तीन सेवानिवृत्त अधिकारियों की पेंशन में स्थायी कटौती का आदेश**

जांच समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण की निगरानी में कराई गई, जिसमें बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हुआ। मंत्री ने सभी मामलों में एफआईआर दर्ज कर दोषियों से सरकारी धन की वसूली का निर्देश दिया है। कार्रवाई श्रावस्ती, मथुरा, शाहजहांपुर और औरैया जिलों में हुए घोटालों से संबंधित है। जिन अधिकारियों पर कार्रवाई हुई है, उनमें श्रावस्ती की तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी मीना श्रीवास्तव शामिल हैं, जो मार्च 2008 से अप्रैल 2012 तक पद पर रहीं। उन्होंने मुख्यमंत्री महामाया गरीब आर्थिक मदद योजना के तहत प्राप्त आवेदनों को बिना सक्षम स्वीकृति के डाटा फीड कराया, शादी और बीमारी सहायता योजना के लाभार्थियों के खातों में हेरफेर की और छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि के दुरुपयोग में लिप्त रहीं। इन पर सेवा से बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई है। मथुरा के तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी करुणेश त्रिपाठी पर निजी आइटीआइ संस्थानों को अनियमित रूप से छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति का भुगतान करने का आरोप है। जांच में पाया गया कि उन्होंने 11 अमान्य संस्थानों को 2.53 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की और दो वर्ष से लेकर 51 वर्ष तक की आयु के फर्जी छात्रों को दाखिला दिखा कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया। इनके खिलाफ सेवा से बर्खास्तगी के साथ 19.25 करोड़ रुपये की वसूली का आदेश दिया गया है। हापुड़ के तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय कुमार ब्यास ने वर्ष 2012-13 में शासनादेशों की अनदेखी करते हुए शिक्षण संस्थानों से डेबिट अथारिटी लेटर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# गुजरात एटीएस ने तीन आतंकियों को पकड़ा

एजेंसी



अहमदाबाद। गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने आतंकवादियों गतिविधियों ने लिप्त एक डॉक्टर समेत तीन को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर हथियारों और रसायनों के साथ एक बड़ा आतंकवादी हमले करने की साजिश रच रहे थे।


**○ तीन में से दो यूपी के रहने वाले**

गुजरात एटीएस के उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) सुनील जोशी ने बताया कि आरोपियों में तेलंगाना के एक और उत्तर प्रदेश के दो नागरिक हैं और वे हथियारों का आदान-प्रदान करने के लिए गुजरात में थे और उन्होंने एक रिसिन से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रची थी। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने यह भी खुलासा किया है कि उनका आका ड्रोन के जरिये हथियारों की खेप पाकिस्तान से भेजता है। जोशी ने संवाददाताओं को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस की एक टीम ने सात नवंबर को गांधीनगर के अडालज के निकट तेलंगाना के हैदराबाद निवासी डॉ. अहमद मोहिउद्दीन सैयद को गिरफ्तार किया, जिसके पास दो ग्लॉक पिस्तौल, एक बेरेटा पिस्तौल, 30 कारतूस और अरंडी का चार लीटर तेल बरमाद किया गया। पूछताछ में सैयद ने बताया कि वह आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रच रहा था और उसने गांधीनगर जिले के कलोल में एक सुनसान जगह से हथियार एकत्र किए थे। अधिकारी ने बताया कि सैयद का आका अबू खदीजा अफगानिस्तान का निवासी है और आईएसकेपी से जुड़ा है तथा ...शेष पृष्ठ 14 पर

# धर्म के आधार पर देश को बांटने की कोशिश कर रही है कांग्रेस

### यह चुनाव सुशासन और जंगलराज के बीच की लड़ाई है : राजनाथ

एजेंसी



औरंगाबाद/सासाराम (बिहार)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के कांग्रेस मतलब मुसलमान संबंधी बयान पर तंज कसते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी देश को धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश कर रही है।

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के प्रचार के आखिरी दिन औरंगाबाद और सासाराम में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) धर्म, जाति या संप्रदाय के आधार पर लोगों को नहीं बांटता, बल्कि मानवता की राजनीति में विश्वास करता है। उन्होंने कहा, क्या आपने सुना है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने क्या कहा? उन्होंने कहा, कांग्रेस मतलब मुसलमान और मुसलमान मतलब कांग्रेस। इस बयान का क्या अर्थ है? यह देश को बांटने का प्रयास है। क्या यही कांग्रेस की राजनीति है? यही उसकी संस्कृति है। सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अपनी तुष्टीकरण की राजनीति के लिए राजग को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस और राजद समाज को जाति, धर्म और समुदाय के नाम पर विभाजित करना चाहते हैं। यह चुनाव सुशासन और जंगलराज के बीच की लड़ाई है। वही लोग जो बिहार को जातीय संघर्ष और नरसंहारों के दौर में झोंक चुके थे, अब वोट मांग रहे हैं। जनता को ऐसे तत्वों से सावधान रहना चाहिए। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हाल ही में जुबली हिल्स विधानसभा उपचुनाव में प्रचार के दौरान कहा था कि कांग्रेस ही वह पार्टी है जो अल्पसंख्यक समुदायों को अहम पद देती है, और जोड़ा था, कांग्रेस मतलब मुसलमान और मुसलमान मतलब कांग्रेस। इसी बयान को लेकर राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधा। राजद प्रमुख लालू प्रसाद पर कटाक्ष करते हुए सिंह ने कहा, पहले राजद के लोग कहते थे-जब तक रहेगा समोसे में आलू, तब तक रहेगा बिहार में लालू।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 27.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 13.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


○ आरोग्य मेले में 1.96 लाख रोगी लाभान्वित (पृष्ठ–02)
○ भाजपा पूरे प्रदेश में आज निकालेगी यूनिटी मार्च (पृष्ठ–02)
○ एफपीआई ने शेयर बाजार से 12,569 करोड़ निकाले (पृष्ठ–14)
○ वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ–14)
○ सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल–तिलहन में सुधार (पृष्ठ–14)


**विशेष खबर** आरएसएस को व्यक्तियों के निकाय के रूप में मान्यता प्राप्त है, पंजीकरण जरूरी नहीं

# आरएसएस ने हमेशा किया है तिरंगे का सम्मान : भागवत

एजेंसी



बेंगलुरु। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने संगठन पर बिना पंजीकरण के काम करने का आरोप लगाने वाले कांग्रेस नेताओं पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि उनके संगठन को व्यक्तियों के निकाय के रूप में मान्यता प्राप्त है। भागवत ने आरएसएस की ओर से आयोजित एक आंतरिक प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा, आरएसएस की स्थापना 1925 में हुई थी, तो क्या आप उम्मीद करते हैं कि हम ब्रिटिश सरकार के पास पंजीकरण कराते?

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भारत सरकार ने पंजीकरण अनिवार्य नहीं बनाया। भागवत ने स्पष्ट किया, हमें व्यक्तियों के निकाय के रूप में वर्गीकृत किया गया है और हम मान्यता प्राप्त संगठन हैं। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग और अदालतों ने आरएसएस को व्यक्तियों का एक निकाय माना है और संगठन को आयकर से छूट दी गई है। आरएसएस प्रमुख ने कहा, हम पर तीन बार प्रतिबंध लगाया गया। ऐसे में सरकार ने हमें मान्यता दी है। अगर हमारा अस्तित्व नहीं था, तो उन्होंने किस पर प्रतिबंध लगाया? भागवत ने कहा कि कई चीजें पंजीकृत नहीं हैं। उन्होंने कहा, यहां तक कि हिंदू धर्म भी पंजीकृत नहीं है। आरएसएस के केवल भगवा ध्वज का सम्मान करने और तिरंगे को मान्यता नहीं देने के मुद्दे पर भागवत ने कहा कि आरएसएस में भगवा को गुरु माना जाता है, लेकिन वह भारतीय तिरंगे का बहुत सम्मान करता है। आरएसएस प्रमुख ने कहा, हमने हमेशा अपने तिरंगे का सम्मान किया है और उसकी रक्षा की है। भागवत की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हाल में कहा था कि आरएसएस पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे और कर्नाटक के मंत्री प्रियंक खरगे ने सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर आरएसएस की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। उन्होंने आरएसएस की पंजीकरण संख्या और उसके वित्तपोषण के स्रोत पर भी सवाल उठाए। भागवत ने स्पष्ट किया कि आरएसएस किसी राजनीतिक पार्टी का समर्थन नहीं करता। उन्होंने कहा, हम वोट की राजनीति, वर्तमान राजनीति, चुनावी राजनीति आदि में हिस्सा नहीं लेते। संघ का काम समाज को एकजुट करना है और राजनीति स्वभाव से विभाजनकारी है, इसलिए हम राजनीति से दूर रहते हैं। आरएसएस प्रमुख ने यह भी कहा कि संघ नीतियों का समर्थन करता है, न कि किसी व्यक्ति या पार्टी का। उन्होंने कहा, हम नीतियों का समर्थन करते हैं। हम सही नीति का समर्थन करने के लिए अपनी ताकत लगा ...शेष पृष्ठ 14 पर

# यूपी में एडिशनल एसपी रैंक के 23 अफसरों का तबादला

### त्योहारों के बाद तबादलों का दौर शुरू

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी में रविवार को 23 एडिशनल एसपी के तबादले कर दिए गए। अफसरों के तबादले की सूची जारी कर दी गई है। बीएस वी कुमार को उपसेनानायक, 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद में तैनाती दी गई है।

डीजीपी मुख्यालय ने रविवार को एडिशनल एसपी रैंक के 23 पीपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। नोएडा से वाराणसी कमिश्नरेट भेजे जा रहे बीएस वीर कुमार को अब 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद भेजा गया है। गाजियाबाद में तैनात सच्चिदानंद को विशेष सुरक्षा बल मुख्यालय भेजा गया है। फतेहगढ़ में तैनात डॉ. संजय कुमार को 27वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर भेजा गया है। इटावा के एएसपी अपराध सुबोध गौतम को हरदोई का एएसपी पूर्वी बनाया गया है। डीजीपी मुख्यालय में तैनात संतोष कुमार द्वितीय का गोरखपुर के लिए पूर्व में हुआ तबादला निरस्त कर दिया गया है। इसी तरह हरदोई के एएसपी पूर्वी नृपेंद्र को वाराणसी कमिश्नरेट भेजा गया है। कुशीनगर में तैनात निवेश कटियार को यूपी 112 भेजा गया है। यूपी 112 में तैनात दिनेश पुरी को गोरखपुर का एएसपी दक्षिणी बनाया गया है। प्रयागराज कमिश्नरेट में तैनात सीताराम को डीजीपी ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अपशिष्ट प्रबंधन, तकनीक के उपयोग में शहरी विकास का मॉडल बना यूपी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नई दिल्ली में आयोजित नेशनल अर्बन कॉनक्लेव के दूसरे दिन रविवार को भारत सरकार के राज्य मंत्री टोकन साहू एवं मंत्रालय के सचिव उपस्थित रहे। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने उत्तर प्रदेश में नगर विकास के क्षेत्र में हो रहे कार्यों को सभी के साथ साझा किया। कॉनक्लेव में उपस्थित सभी ने यूपी के कार्यों और नवाचारों की प्रशंसा

- **यूपी सरकार में नगर विकास के क्षेत्र में हो रही है क्रांतिकारी प्रगति**
- **नेशनल अर्बन कॉन्क्लेव में नगर विकास मंत्री ने नगर विकास के कार्यों को साझा किया**

की। इस दौरान मंत्री ए के शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत का चेहरा होंगे हमारे नगर। इस विजन में नगरों का बहुत महत्वूर्ण योगदान रहेगा।

उन्होंने बताया कि शहरी प्रबंधन एक गंभीर विषय है। लेकिन अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में इस दिशा में अच्छे प्रयास शुरू हुए हैं। इसी दिशा में




उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों से हो रहे ऐतिहासिक कार्यों का उन्होंने उदाहरण दिया जिसकी लोगों ने तारीफ की। श्री शर्मा ने बताया कि लखनऊ का शिवरी कूड़ा प्रोसेसिंग प्लांट बन रहा है एक वैश्विक सफल गाथा जहाँ 60 वर्षों से इकट्ठा हुआ 20 लाख टन कूड़े में से तीन चौथाई से ज्यादा को प्रोसेस कर उपयोगी वस्तुएं बनाई गई है।

साथ ही 21 एकड़ जमीन खाली की गई है और वहाँ सुंदर पार्क, ऑफिस बिल्डिंग तथा मीटिंग हॉल बनाया गया है। बाकी का कूड़ा भी कुछ महीनों में साफ हो जाएगा। इसी प्रकार आजादी के बाद से लखनऊ के घैला में इकट्ठा हुआ 7 लाख टन कूड़े के पहाड़ को खत्म कर अटल प्रेरणा पार्क बनाया गया है। इनसे निकले हुए मटेरियल से लखनऊ में यूपी दर्शन पार्क बना है। जो एक वैश्विक उदाहरण बना है। यहां से निकला आरडीएफ सीमेंट फैक्टरियों को और कंपोस्ट खाद किसानों को दी जा रही है।

इतना ही नहीं लखनऊ से रोज का निकलने वाला 2100 टन कूड़ा अब रोज प्रोसेस करते हुए जीरो डेली वेस्ट वाला शहर बना है। अब यहां कूड़े के पहाड़ नहीं बनेंगे। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार का कार्य प्रयागराज और आगरा सहित कई नगरों में हुआ है। इन खाली हो रही जगहों पर सुंदर मियावाकी वन और विविध पार्क बनाये गए हैं। प्रयाग में कूड़े के पहाड़ से निकले मेटल से शिवालय पार्क नामक सुंदर पार्क बनाया गया है। श्री शर्मा ने यह भी बताया कि पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप से कई अच्छे काम हो रहे हैं और हो सकते हैं और हो रहे हैं। इसी प्रकार उन्होंने बताया कि कैसे अन्य विभागों और एजेंसियों द्वारा हो रहे कार्यों या उपस्थित की जा रही चुनौतियों का सक्षम प्रबंधन उत्तर प्रदेश में हो रहा है। इस अवसर पर नए एवं विकसित भारत के चेहरे बनने वाले नगरीय निकायों को नगरीय क्षेत्रों में जन उपयोगी सुविधाओं के विकास एवं उस परिक्षेत्र के सभी विषयों के प्रबंधन हेतु निकायों को सर्वोच्च संस्था बनाने के उनके विधिक सुझाव को सभी ने स्वीकार किया।

## 11 नवम्बर से नियमित चलेगी खजुराहो-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस

**लखनऊ।** बनारस-खजुराहो-बनारस के मध्य एक जोड़ी नई वंदे भारत एक्सप्रेस का नियमित संचलन 11 नवम्बर से किया जायेगइसके पश्चात नियमित रूप से 26506/26505 बनारस-खजुराहो-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस का संचलन 11 नवम्बर से सप्ताह में छह दिन (बृहस्पतिवार को छोड़कर) कया जायेगा। नियमित रूप से, 26506 बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस 11 नवम्बर से सप्ताह में छह दिन (बृहस्पतिवार को छोड़कर) बनारस से 05.15 बजे प्रस्थान कर विन्ध्याचल से 06.57 बजे, प्रयागराज छिवकी से 08.05 बजे, चित्रकूट धाम कर्वी से 10.07 बजे, बांदा से 11.10 बजे तथा महोबा से 12.10 बजे छूटकर खजुराहो 13.10 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 26505 खजुराहो-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस 11 नवम्बर से सप्ताह में छह दिन (बृहस्पतिवार को छोड़कर) खजुराहो से 15.20 बजे प्रस्थान कर महोबा से 16.20 बजे, बांदा से 17.15 बजे, चित्रकूट धाम कर्वी से 18.15 बजे, प्रयागराज छिवकी से 20.25 बजे तथा विन्ध्याचल से 21.12 बजे छूटकर बनारस 23.10 बजे पहुँचेगी। यह वंदे भारत एक्सप्रेस 08 कोचों से चलाई जायेगी।

# एमएसएमई निर्यातकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कारोबार में मदद करेगी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) निर्यातकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार करने के लिए वित्तीय सहायता मिलेगी। इसके अलावा विदेशों में स्टाल लगाने और डिजिटल मार्केटिंग के लिए सरकार मदद करेगी।

त्वरित निर्यात विकास प्रोत्साहन योजना के तहत यह लाभ दिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव एमएसएमई आलोक कुमार ने इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया है। इसके मुताबिक विदेशी या अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्वदेशी मेला-प्रदशर्नी, बायर्स सेलर्स मीट में शामिल होने या आयोजन के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी।

निर्यात उत्पदों के प्रचार-प्रचार के लिए विज्ञापन, कैटलॉग प्रिटिंग, वेबसाइट विकास, डिजीटल सामग्री विकास, डिजीटल मार्केटिंग और सोशल मीडिया विज्ञापन पर आर्थिक सहायता दी जाएगी। विदेशी खरीददार को नमूना भेजने के लिए भी आर्थिक सहायता दी जाएगी। गुणवत्ता नियंत्रण से संबंधित प्रमाणीकरण के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी।

निर्यातक इकाई के व्यक्तिगत रूप से विदेशी मेला-प्रदशर्नी या बार्य सेलर्स मीट में शामिल होने और वहां स्थान किराये पर लेने पर खर्च राशि का 75 प्रतिशत या अधिकतम 3.25 लाख रुपये दिया जाएगा। मेला प्रदर्शनी में इकाई के मालिक, साझेदार, निदेशक या अधिकृत व्यक्ति द्वारा इकोनॉमी क्लास हवाई किराये खर्च का 75 प्रतिशत या अधिकतम 1.25 लाख रुपये दिया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय वर्चुअल बी2बी

- **तीन लाख से एक करोड़ तक मिलेगी मदद, शासनादेश जारी**
- **न्यूनतम 30 इकाइयों का शामिल होना अनिवार्य होगा।**

एक्जीवीशन्स या बायर्स सेलर्स मीट में शामिल होने वाली इकाइयों के कुल खर्च का 75 प्रतिशत या 25000 रुपये प्रति फेयर के हिसाब से दिया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय मेलों में निर्यातक इकाइयों के व्यक्तिगत रूप से शामिल होने और वहां स्थान किराये पर लेने पर खर्च राशि का 75 प्रतिशत या 75 हजार रुपये दिया जाएगा। विदेश में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मेला प्रदर्शनी या मीट में शामिल होने वाली इकाइयों को कुल व्यय राशि का 75 प्रतिशत या तीन करोड़ रुपये अधिकतम सहायता आयोजक संस्था को दिया जाएगा। परंपरागत विदेशी बाजारों के लिए न्यूनतम 20 निर्यातक इकाइयों तथा अपरंपरागत में 10 निर्यातक इकाइयों के शामिल होने की अनिवार्यता होगी। इकाइयों को आर्थिक सहायता के रूप में 50 प्रतिशत धनराशि अग्रिम और शेष बाद में किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्वदेशी मेला प्रदर्शनी में शामिल होने पर खर्च का 75 प्रतिशत या अधिकतम एक करोड़ रुपये आयोजक संस्था को उपलब्ध कराया जाएगा।

इसमें न्यूनतम 30 इकाइयों का शामिल होना अनिवार्य होगा। वर्चुअल मेल प्रदर्शन पर खर्च के लिए 25 लाख रुपये सहायता दी जाएगी। इसमें न्यूनतम 100 इकाइयों के शामिल होने की अनिवार्यता होगी। मेले या प्रदर्शनी में न्यूनतम 75 प्रतिशत विदेशी खरीददार होना चाहिए। डिजिटल मार्केटिंग व प्रचार-प्रसार पर खर्च का 75 प्रतिशत या एक लाख रुपये वित्तीय सहायता दी जाएगी।

# आरोग्य मेले में 1.96 लाख रोगी लाभान्वित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्वास्थ्य सुविधायें एवं सेवायें जनसामान्य, विशेषकर समाज के अन्तिम पायदान पर स्थित लोगों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के द्वारा 02 फरवरी 2020 से शुभारम्भ किये गये मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले के 226 वां मेला रविवार को पूरे प्रदेश में आयोजित किया गया। मेलों के प्रारम्भ से ही स्वास्थ्य सुविधाओं यथा जॉच-उपचार, गोल्डेन कार्ड के वितरण के साथ स्वास्थ्य योजनाओं की उपलब्धता के कारण यह मेला जनता में निरन्तर लोकप्रिय रहा है।

इन आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में सभी आगन्तुकों/रोगियों को स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के अतिरिक्त व्यक्तिगत व पर्यावरणीय स्वच्छता की स्वास्थ्य के सन्दर्भ में महत्ता के विषय में अवगत कराया गया। जल-जनित रोगों से बचाव के विषय में चर्चा की गयी। मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचने के लिये सोते समय मच्छरदानी लगाने एवं आस-पास पानी न जमा होने देने की सलाह दी गयी। मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार मेले में किया गया। शुद्ध पेयजल तथा मरीजों के बैठने की समुचित व्यवस्था की गयी। तम्बाकू प्रयोग के कारण होने वाली

- **3,303 गोल्डेन कार्ड वितरित, 1,129 गम्भीर रोगियों को उच्च चिकित्सा केन्द्रों पर भेजा गया**

हानियों एवं गैर संचारी रोगों से सुरक्षित रहने के सन्दर्भ में भी स्वस्थ जीवन शैली का अनुसरण करने के विषय में संवेदीकृत किया गया।

संतुलित आहार तथा व्यायाम की आवश्यकता के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के विषय में भी लोगों की जिज्ञासाओं का निराकरण किया गया। इसके अतिरिक्त गम्भीर रोगियों को निःशुल्क एम्बुलेंस से उच्चतर चिकित्सा केन्द्रों पर संदर्भित किया गया। मेले में गोल्डेन कार्ड भी बनाकर वितरित किये गये।

रविवार को आयोजित 226 वां मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलें में कुल 196909 रोगी 82760 पुरूष 81387 महिलाये 32762 बच्चे लाभान्वित हुए एवं 1129 गम्भीर रोगियों का उच्च चिकित्सालयों में उपचारार्थ संदर्भन किया गया तथा 3303 गोल्डेन कार्ड वितरित किये गये। मेले में कुल 5246 चिकित्सक तथा 15316 पैरामेडिकल स्टाफ एवं 2453 आई0 सी0 डी0 एस0 स्टाफ ने अपनी सेवायें दीं। आज के मेले में कुल 14262 फीवर केसेज आये। डेंगू के 1685 टेस्ट किये गये, जिसमें 03 मरीज धनात्मक पाये गये। आज के आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 222 कोविड एन्टीजन टेस्ट किये गये जिनमें 00 कोविड के लिए धनात्मक पाये गये।

इस प्रकार अब तक आयोजित कुल मेलों में 141252902 रोगी लाभान्वित हुये, 363482 गम्भीर रोगियों को उच्च केन्द्रों पर संदर्भित किया गया तथा 1963142 गोल्डेन कार्ड बने।

## राहुल रावत बने भाकपा माले के स्थानीय कमेटी के सचिव

**लखनऊ।** भाकपा (माले) कमेटी की बैठक में रविवार को युवा नेता राहुल कुमार रावत को सर्वसम्मति से स्थानीय कमेटी का सचिव चुना गया।

पार्टी के वयोवृद्ध कम्युनिस्ट नेता रामसागर जगत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पार्टी के जिला प्रभारी रमेश सिंह सेंगर ने कहा कि राहुल को दिवंगत नेता छोटे लाल रावत के अधूरे सपनों को पूरा करने और संविधान पर बढ़ते हमले के खिलाफ संघर्ष करने का संकल्प लेना होगा। बैठक में शिवकुमार गोराही, नंदराम रावत, अनिल मौर्य, स्वामी दयाल गौतम, रामदेवी रावत, अंगनू, प्रवीण कुमार गौतम, लालबहादुर, और हीरालाल मौजूद रहे।

# गांवों को स्वच्छ और सुंदर बना रहा ग्राम्य विकास विभाग

## मनरेगा योजना के अंतर्गत किये जा रहे ग्रामीण संयोजकता के कार्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (महात्मा गांधी नरेगा) से जहां ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका संवर्धन के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष में उन ग्रामीण परिवारों को गारंटीकृत रोजगार उपलब्ध कराया जाता है, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल श्रम करने के लिए स्वेच्छा से काम करते हैं।

इसके साथ ही यह योजना से जल संरक्षण संरचनाओं, ग्रामीण सड़कों और अन्य बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं जैसी उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण पर भी जोर दिया जाता है, जो ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास में योगदान करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाने एवं जलभराव जैसी की समस्या के निदान हेतु महात्मा गांधी नरेगा योजना से नाली, चकरोड निर्माण, पटरी मरम्मत, इंटरलॉकिंग, सीसी रोड एवं खड़ंजा निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन में ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओ का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि गांवों की गलियां, ग्रामीणों का हाईवे की भांति हैं, इसलिए गांवों की गलियां दुरुस्त और साफ-सुथरी होनी चाहिए। योजना के अंतर्गत किये गये विकास कार्य धरातल पर दिखने भी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में नाली, चकरोड निर्माण, पटरी मरम्मत, इंटरलॉकिंग, सीसी रोड एवं खड़ंजा निर्माण के कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे गांव स्वच्छ और सुंदर रहे और ग्रामीण स्वस्थ रहें। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2017-18 से अब तक ग्रामीण संयोजकता के 5,60,474 कार्य पूर्ण किये गये। वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक ग्रामीण संयोजकता के 42060 कार्य कराये जा चुके हैं, इस साल इन पूर्ण कार्यों पर 44603.03 लाख धनराशि व्यय की गई है।

आयुक्त, ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी की ओर से अवगत कराया गया कि ग्रामीण संयोजकता के कार्य ग्राम्य विकास की प्राथमिकताओं में हैं। सरकार की मंशा, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश एवं योजना की गाइडलाइन के अनुरूप ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के लिए मनरेगा योजना से नाली, चकरोड निर्माण, पटरी मरम्मत, इंटरलॉकिंग, सीसी रोड एवं खड़ंजा निर्माण का कार्य निरंतर कराया जा रहा है।

# भाजपा पूरे देश में एकरंगी फैसला लेना चाहती है : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज उड़ीसा में नौपाड़ा विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रमाकांत हाती के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने नेताजी मुलायम सिंह यादव और उड़ीसा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक के बीच गहरे सम्बंधों को याद करते हुए कहा कि आज उनके सम्बंधों की कल्पना नहीं की जा सकती है। वह राजनीति का दूसरा दौर था। आज तो जो भी भाजपा के करीब गया वह बर्बाद हो गया।

अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए दलित, पिछड़े, आदिवासी से निवेदन करने आया हूँ कि इस उपचुनाव में रमाकांत हाती की मदद करें और भाजपा से सावधान रहें। भाजपा पूरे देश में एकरंगी फैसला लेना चाहती है। उन्होंने कहा कि पी डी ए में जो ए हैं वह आदिवासी है। उनको और



अल्पसंख्यकों को लेकर ही पी डी ए पूरा होता है। उन्होंने कहा कि संविधान बचेगा तो आरक्षण बचेगा। सरकारी संस्थाएं प्राईवेट हाथों में जाएगी तो आरक्षण छिनेगा। पिछड़ों का हक और सम्मान नहीं मिल रहा है। श्री यादव ने कहा कि जनरल या मीडिल क्लास जो पहले से आगे है उनसे हमारी कोई नाराजगी नहीं, लेकिन जो आगे हैं उनसे थोड़े से पीछे तो रहे हम, 100 किलोमीटर पीछे तो न रहें, थोड़ा बराबर तो रहे। हम आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को उनका हक और सम्मान दिलाएंगे। हम यहां उड़ीसा में पीडीए का बीज बोने आए है। हम लोकसभा का चुनाव भी लड़ेंगे। जो माताएं, बहनें हैं उनकी लड़ाई हम दिल्ली में भी लड़ेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि अखबारों में खबर छपी है कि 01 करोड़ 20 लाख की अवैध शराब और गांजा पकड़ा गया है, यहां डबल इंजन सरकार क्या कर रही है? एक इंजन शराब संभाल रहा है और दूसरा इंजन गांजा संभाल रहा है। श्री यादव ने कहा कि उड़ीसा में समर्थन लेकर भाजपा ने अपना रास्ता बना लिया। आज उड़ीसा में भाजपा की सरकार है। वे कमाल के लोग है जो दूसरे दल का प्रत्याशी था, वहीं चोरी हो गया। यहां भी चोरी हो रही है। अभी तक तो हम लोग वोट की चोरी समझते थे लेकिन अब पता लगा कि पहले सरकार चोरी हो गई, अब उनके प्रत्याशी भी चोरी हो गए।

अखिलेश यादव ने कहा कि मुझे खुशी तब हुई जब मैं मुख्यमंत्री रहते एक बार उड़ीसा आया था, । तब यहां के मुख्यमंत्री से मैंने लैपटॉप बांटे जाने की बात कही थी। फिर कुछ समय बाद देखा कि उड़ीसा में भी लैपटॉप बांटने की खबर आई है। अखबारों में विज्ञापन छपा था काम बोलता है। हमारा काम उड़ीसा में भी बोल रहा था। यहां लैपटॉप सबको नहीं मिला। हमने यूपी में सबको लैपटॉप दिया था।

# एक ट्रेन निरस्त, एक का मार्ग बदला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु वाराणसी मण्डल के पिपराइच स्टेशन पर पैनल इंटरलॉकिंग के स्थान पर इलेक्ट्रिानिक इंटरलाकिंग लगाये जाने के प्ररिप्रेक्ष्य में 11 नवम्बर को नान इण्टरलॉक कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, पुनर्निर्धारण/नियंत्रण तथा गाड़ियों का ठहराव रहेगा।

निरस्तीकरण के तहत गोरखपुर कैंट एवं नरकटियागंज से 11 नवम्बर को चलने वाली 55048/55047 गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। मार्ग परिवर्तन के तहत अमृतसर से 10 नवम्बर को चलने वाली 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर कैंट-पनियहवा-मुजफ्फरपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैंट-छपरा ग्रामीण-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई जायेगी।

पुनर्निर्धारण/नियंत्रण के तहत मुजफ्फरपुर से 11 नवम्बर को चलने वाली 12557 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर से 120 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। गोरखपुर से 11 नवम्बर को चलने वाली 75106 गोरखपुर-थावे सवारी गाड़ी मार्ग में 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

इन गाड़ियों का ठहराव पिपराइच स्टेशन पर नहीं रहेगा 11 नवम्बर को नरकटियागंज से चलने वाली 55097 नरकटियागंज-गोरखपुर सवारी गाड़ी, थावे से चलने वाली 75105 थावे-गोरखपुर सवारी गाड़ी, बढ़नी से चलने वाली 55040 बढ़नी-नरकटियागंज सवारी गाड़ी, नरकटियागंज से चलने वाली 55039 नरकटियागंज-बढ़नी सवारी गाड़ी, रक्सौल से चलने वाली 15273 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस, बरौनी से चलने वाली 19038 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस तथा 10 नवम्बर, 2025 को आनन्द विहार से चलने वाली 15274 आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस तथा 09 नवम्बर, 2025 को बांद्रा टर्मिनस से चलने वाली 19037 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी एक्सप्रेस का ठहराव पिपराइच स्टेशन पर नहीं रहेगा।



# सरकारी विभाग बिजली बिलों का समय से करें भुगतान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरकारी विभागों पर लगभग 15 हजार करोड़ रुपये बकाया हैं, जिससे सरकार पर वित्तीय दबाव बढ़ता ही जा रहा है। कॉरपोरेशन को वित्तीय मदद भी समय-समय पर सरकार को करनी पड़ती है। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सभी सरकारी विभागों को समय पर बिजली बिलों के भुगतान के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि देर से भुगतान होने पर ब्याज में कोई छूट नहीं मिलेगी।

मुख्य सचिव ने सभी विभागों को आदेश दिए हैं कि वे बिजली बिल अदायगी के लिए बजट में पर्याप्त व्यवस्था रखें ताकि समय से भुगतान कर ब्याज से बचा जा सके। सरकारी विभागों पर करीब 15 हजार करोड़ रुपये बकाया हैं। वर्ष 2022 में शासन ने व्यवस्था की थी कि सरकारी विभागों के बिलों का एकमुश्त भुगतान पावर



कॉरपोरेशन को कर दिया जाएगा। हालांकि, इसके बाद भी पंचायती राज विभाग के अधीन ग्रामीण स्थानीय निकायों, शहरी निकायों, जल संस्थानों, जल निगम (नगरीय एवं ग्रामीण) आदि द्वारा अभी भी स्थानीय स्तर पर बिजली के बिल का भुगतान नहीं हो पा रहा है। समय से बिल जमा न होने पर महीने का 1.25 प्रतिशत विलंब अधिभार शुल्क भी बकाया पर लगाया जाता है। वहीं समय से बिलों के भुगतान न होने पर पावर कॉरपोरेशन को या तो राज्य सरकार से राशि की मांग करनी पड़ती है या प्रदेश सरकार की गारंटी पर लगभग 10 प्रतिशत से ज्यादा ब्याज की दर पर वर्किंग कैपिटल लोन लेना पड़ता है। जाहिर है कि समय से बिल का भुगतान न होने से सरकार पर ही दबाव आता है। लिहाजा समय से भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इससे सरकार पर वित्तीय बोझ भी कम होगा और लोग विभागों को बेवजह ब्याज नहीं देना होगा। विभागों को नहीं मिलेगी ब्याज में छूट मुख्य सचिव ने सभी विभागों को यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि अगर बिल का भुगतान तय समय में नहीं होता है तो उस पर लगने वाले ब्याज में कोई छूट नहीं दी जाएगी। जब भी वे बिल का भुगतान करेंगे, उन्हें ब्याज के साथ ही भुगतान करना होगा। उन्होंने यह भी साफ कर दिया है कि विलंब भुगतान पर लगाए जा रहे अधिभार पर किसी भी तरह की छूट की अपेक्षा न की जाए। कोई छूट नहीं दी जाएगी।

# भाजपा पूरे प्रदेश में आज निकालेगी यूनिटी मार्च

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी की सरदार पटेल 150वीं जयन्ती समारोह अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में कल सोमवार 10 नवम्बर से युनिटी मार्च पदयात्राएं प्रारम्भ होगी। विधानसभा स्तर पर आयोजित होने वाली यूनिटी मार्च पदयात्राएं उत्तर प्रदेश में 10 नवम्बर से 20 नवम्बर के बीच जनमानस को सरदार पटेल के ऐतिहासिक निर्णयों के साथ राष्ट्रीय एकता के भाव को मजबूत करते हुए गांव, गली, शहर में पहुचेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक सहित प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद तथा विधायक पदयात्राओं का नेतृत्व करेंगे।

प्रदेश महामंत्री एवं अभियान के प्रदेश संयोजक संजय राय ने बताया कि सोमवार 10 नवम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर विधानसभा तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी अयोध्या जिले की गोसाईगंज विधानसभा में में युनिटी मार्च का नेतृत्व करेंगे। उपमुख्यमंत्रीकेशव प्रसाद मौर्य लखनऊ जिले की बीकेटी विधानसभा व ब्रजेश पाठक कानपुर कैंट विधानसभा में युनिटी मार्च पदयात्राओं का नेतृत्व करेंगे।



संजय राय ने बताया कि प्रदेश सरकार के मंत्री एके शर्मा जौनपुर जिले की जाफराबाद विधानसभा, नन्दगोपाल गुप्ता नन्दी मीरजापुर जिले की मंझवा विधानसभा, श्रजयवीर सिंह आगरा छावनी विधानसभा, श्री दानिश आजाद अंसारी बलिया जिले की रसड़ा विधानसभा, श्रीमती बेबी रानी मौर्य झांसी जिले की बबीना विधानसभा, बलदेव सिंह ओलख रामपुर जिले की मिलक विधानसभा, कपिलदेव अग्रवाल मेरठ जिले की किठौर विधानसभा, सुनील शर्मा सहारनपुर नगर विधानसभा, सोमेन्द्र तोमर मुजफ्फरनगर की चरथावल विधानसभा तथा अनिल सिंह मुरादाबाद नगर विधानसभा में युनिटी मार्च पदयात्राओं में सम्मिलित होगे।

श्री राय ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह बुलनंदशहर की सिकन्दराबाद विधानसभा, कान्ताकर्दम गाजियाबाद जिले की मोदीनगर विधानसभा, सुनीता दयाल गाजियाबाद जिले की लोनी विधानसभा, प्रदेश मंत्री डा. चन्द्रमोहन सिंह मुरादाबाद जिले की कांठ विधानसभा, शिवभूषण सिंह बहराइच जिले की पयागपुर विधानसभा, राज्यसभा सदस्य संगीता बलवंत गाजीपुर की जखनियां विधानसभा, नीरज शेखर बलिया जिले की रसड़ा विधानसभा, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक औरैया जिले की दिबियापुर विधानसभा, डा. अशोक बाजपेयी उन्नाव जिले की बांगरमऊ विधानसभा, विधायक रतन पाल सिंह आजमगढ़ की दीदारगंज विधानसभा, जितेन्द्र सेंगर चित्रकूट सदर विधानसभा, श्री अविनाश चौहान फतेहपुर जिले की अयाहशाह विधानसभा तथा जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय मऊ जिले की मोहम्मदाबाद गोहान विधानसभा में युनिटी मार्च पदयात्राओं में सम्मिलित रहेंगे।

# असम से आकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने वालों का होगा सत्यापन

विशेष संवाददाता (vol)



● भाजपा पार्षद दल की बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण और वार्ड समितियों के गठन पर हुई चर्चा

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में रविवार को कैंप कार्यालय में भाजपा पार्षद दल की एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान भाजपा पार्षद दल के उपनेता सुशील तिवारी पम्मी समेत अन्य भाजपा पार्षद उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के संबंध में दिशा-निर्देशों को स्पष्ट करना एवं वार्ड स्तर पर विभिन्न समितियों के गठन की प्रक्रिया को तेज करना था। महापौर ने निर्देश दिया कि असम से आकर यहां मतदाता सूची में नाम जुड़वाने वालों को जांच के बाद हटाया जाएगा। इसमें बांग्लादेशियों के होने की भी आशंका है।

महापौर ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुदृढ़ और पारदर्शी बनाए रखने के लिए मतदाता सूची का अपडेट किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने पार्षदों से कहा कि वे अपने-अपने वार्डों में बूथ स्तर पर मतदाता सूची के सत्यापन कार्य को गंभीरता से लें।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि ऐसे मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाएंगे, जो अब लखनऊ में निवास नहीं करते हैं। कई लोग नौकरी, व्यवसाय या अन्य कारणों से लखनऊ आए और बाद में यहां से स्थानांतरित हो गए, किन्तु उनके नाम अब भी मतदाता सूची में दर्ज हैं। इसी प्रकार, जिन व्यक्तियों का निधन हो चुका है, उनके नाम भी सूची से हटाए जाने पर सहमति बनी, ताकि मतदाता सूची सटीक और अद्यतित रह सके। इसी क्रम में संदिग्ध पहचान वाले प्रकरणों पर भी चर्चा हुई।

बैठक में यह स्पष्ट निर्णय लिया गया कि शहर में रहने वाले उन व्यक्तियों के नाम, जिन्होंने आसाम राज्य के निवासी होने का दावा करते हुए यहां मतदाता पंजीकरण कराया है, उन्हें संबंधित एनआरसी दस्तावेजों के पूर्ण और प्रमाणिक सत्यापन के बाद ही मतदाता सूची में शामिल किया जाए। महापौर ने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह विधिक और संवैधानिक दायरे में होगी तथा किसी समूह विशेष को लक्षित कर नहीं, बल्कि केवल वैधता और प्रमाणिकता के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा गया कि ऐसे लोग जिन्होंने शहर या क्षेत्र बदल लिया है, लेकिन नाम अभी भी पूर्व आवासीय क्षेत्र में दर्ज हैं, उन्हें सूची से हटाने की प्रक्रिया को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाए।

बैठक में उन मामलों का भी उल्लेख हुआ जहां कुछ बाहरी व्यक्तियों के संदिग्ध पहचान दस्तावेजों के आधार पर मतदाता सूची में नाम दर्ज पाए गए हैं। इस विषय पर महापौर ने कहा कि यह मामला संवेदनशील है और किसी भी व्यक्ति या समुदाय को लक्षित करने के बजाय, प्रशासन की ओर से निर्धारित विधिक प्रक्रिया के आधार पर ही सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विवादास्पद या संदिग्ध दस्तावेजों वाले मामलों में संबंधित अधिकारियों की ओर से आवश्यक प्रमाण पत्र और पहचान सत्यापन की औपचारिक प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी सत्यापन में कानून और संविधान के प्रावधानों का पूर्णतः पालन किया जाएगा।

बैठक में स्वच्छ पर्यावरण समिति और वार्ड समितियों के गठन पर भी विचार-विमर्श हुआ। महापौर ने बताया कि प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना के निदेर्शानुसार प्रत्येक वार्ड में पार्षद की अध्यक्षता में वार्ड समिति का गठन होना अनिवार्य है। उन्होंने सभी पार्षदों से एक सप्ताह के भीतर अपने-अपने वार्डों में समिति के सदस्यों के नाम प्रस्तुत करने का अनुरोध किया। समापन में महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि नगर निगम, नागरिक सहभागिता और जनप्रतिनिधियों के संयुक्त सहयोग से ही शहर की स्वच्छता, प्रशासनिक दक्षता और विकास कार्यों में अपेक्षित सुधार सुनिश्चित किया जा सकता है।

# खस्ताहाल सड़क से नाराजगी, भरे पानी में बैठकर प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)



● नगर निगम की अनदेखी पर अनिश्चितकालीन धरना देने की चेतावनी

**लखनऊ।** पीजीआई क्षेत्र के चरण भट्ठा रोड की खस्ताहाल स्थिति से परेशान कॉलोनीवासियों का गुस्सा रविवार को फूट पड़ा। सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढों और जलभराव से परेशान लोगों ने गड्ढों में भरे पानी में बैठकर नगर निगम के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने सड़क नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाते हुए जल्द सड़क निर्माण की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि आने वाले दिनों में सड़क की मरम्मत का काम शुरू नहीं किया गया, तो चरण भट्ठा रोड पर अनिश्चितकालीन धरना देंगे।

प्रदर्शन में शामिल यमुनापुरम, मधुवन विहार, रॉयल सिटी, संगम नगर और त्रिवेणी नगर कॉलोनी के लोगों ने आरोप लगाया कि बीते कई वर्षों से यह सड़क करीब 600 मीटर दूरी तक बदहाल है। कई बार शिकायतें करने के बावजूद नगर निगम और संबंधित विभागों के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। यमुनापुरम कॉलोनी के निवासी वीरेंद्र सिंह पाल ने बताया कि वह पिछले दो वर्षों से यहां रह रहे हैं। जोड़ों में दर्द होने लगा है। उन्होंने कहा, हम लोग हर टैक्स समय पर जमा करते हैं, फिर भी सड़क नहीं बनती। अब तो हालात ऐसे हैं कि मकान बेचने का मन करने लगा है। उन्होनें कहा कि सड़क की हालत ऐसी है कि कार और मोटरसाइकिल दोनों के पुर्जे ढीले हो जाते हैं। वहीं, मधुवन विहार कॉलोनी अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह,रॉयल सिटी कॉलोनी के राजा यादव, संगम नगर के के.के. दुबे, एम.पी. मिश्रा और त्रिवेणी नगर के आर.के. यादव सहित अन्य लोगों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द सड़क नहीं बनी तो कॉलोनीवासी मिलकर अगला कदम तय करेंगे। रति ने बताया कि वे रोज बच्चों को स्कूल छोड़ने जाती हैं। खराब सड़क और पानी से भरे गड्ढों के कारण कई बार बच्चे फिसलकर गिर चुके हैं। उन्होंने कहा, कई बार खुद भी गिरकर घायल हो चुकी हूं। अब यह परेशानी अब असहनीय हो गई है।

# बुद्धेश्वर चौराहे पर होर्डिंग गिरी, पूर्व सैनिक घायल




**लखनऊ।** बुद्धेश्वर चौराहे पर रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। फ्लाईओवर पर लगी एक होर्डिंग तेज हवा के कारण अचानक नीचे गिर गई। इसकी चपेट में आने से स्कूटी सवार सेवानिवृत्त जल सेना कर्मी तेजभान मौर्य गंभीर रूप से घायल हो गए। तेजभान मौर्य मूल रूप से प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले हैं। वह अपने रिश्तेदार से मिलने इंदिरा नगर आए हुए थे।

रविवार को इंदिरा नगर से पारा स्थित बादल खेड़ा में अपने प्लाट पर स्कूटी से जा रहे थे। घटना के समय वे रामदेव मौर्य के साथ थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घायल तेजभान मौर्य को तुरंत सड़क से हटाकर मोहन रोड स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। जहां पर उनका उपचार चल रहा है। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि फ्लाईओवर पर कई पुरानी, अवैध होर्डिंग्स लगी हैं, जिनकी न तो नियमित जांच होती है और न ही उन्हें हटाने की कोई पहल की जाती है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि कमजोर होर्डिंग्स को तुरंत नहीं हटाया गया, तो भविष्य में और बड़े हादसे हो सकते हैं। उन्होंने नगर निगम से सभी अवैध और जर्जर होर्डिंग्स को तत्काल हटाने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। नगर निगम अधिकारियों ने घटना की जानकारी न होने की बात कही है, लेकिन जल्द ही विशेष अभियान चलाकर ऐसे सभी होर्डिंग्स को हटाने का आश्वासन दिया है।

# टियर टू शहरों की मेट्रो की तुलना में यूपी में प्रति किमी सबसे ज्यादा आय

## गैर यात्री किराया, नॉन फेयर बॉक्स रेवेन्यू कमाई के क्षेत्र में यूपीएमआरसी के मॉडल पर हुई चर्चा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गुरुग्राम में आयोजित अर्बन मोबिलिटी इंडिया (यूएमआई) कॉन्फ्रेंस एंड एक्सपो में उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. (यूपीएमआरसी) ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने गैर-किराया राजस्व के लिए रणनीति विषय पर आयोजित सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि, यूपीएमआरसी यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और आनंदमय यात्रा अनुभव देने के साथ-साथ स्टेशनों को व्यावसायिक और सामाजिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित कर रहा है। आई-मेट्रो से जारी की परफॉर्मेंस इंडेक्स में यूपीएमआरसी ने टियर-2 शहरों की अन्य मेट्रो प्रणालियों की तुलना में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। गैर-किराया राजस्व अनुपात (नॉन फेयर बॉक्स रेवेन्यू रेशियो) के मामले में यूपीएमआरसी का प्रदर्शन अन्य टियर-2 मेट्रो प्रणालियों की तुलना में लगभग 95 प्रतिशत अधिक रहा है, जो उसकी वित्तीय आत्मनिर्भरता और प्रबंधन कुशलता का प्रमाण है। कहा हमने प्रॉपर्टी डेवलपमेंट, विज्ञापन, स्टेशन परिसरों में व्यावसायिक स्टॉल, बुक फेयर, एनजीओ और स्वयं सहायता समूहों के लिए स्टॉल जैसे विविध उपायों के माध्यम से नॉन-फेयर बॉक्स रेवेन्यू में निरंतर वृद्धि की है। इन पहलों से न केवल राजस्व बढ़ा है, बल्कि स्थानीय समुदायों को भी अवसर प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश मेट्रो ऑपरेशनल और मेंटिनेंस खर्च अपने किराए और गैर किराए से आसानी से निकाल रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट अर्थात मेट्रो कॉरिडोर के आसपास बसावट और व्यावसायिक गतिविधि ही शहर का भविष्य होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि, उत्तर प्रदेश सरकार के विजन डॉक्यूमेंट के अनुसार, वर्ष 2047 तक राज्य के सात शहरों में लगभग 850 किमी का मेट्रो नेटवर्क विकसित किया जाना है, जिनमें से केवल लखनऊ, कानपुर और आगरा में ही 350 किमी से अधिक का विस्तार होना है। भारत सरकार की ओर से लागू ट्रांसिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट पॉलिसी से मेट्रो परियोजनाओं को अधिक किफायती, आत्मनिर्भर और निवेशक-अनुकूल बनाने में मदद मिली है। कानपुर, लखनऊ और आगरा जैसे शहरों में मेट्रो सेवाओं ने शहरी परिवहन परिदृश्य में स्थायी सकारात्मक बदलाव लाए हैं। अर्बन मोबिलिटी इंडिया (यूएमआई) कॉन्फ्रेंस एंड एक्सपो शहरी परिवहन के क्षेत्र में नवाचार, नीति-निर्माण और सतत विकास पर विमर्श का प्रमुख मंच है, जिसमें देश-विदेश की अग्रणी संस्थाएं और विशेषज्ञ भाग लेते हैं। यूएमआई सम्मेलन के पहले दिन केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर और दूसरे दिन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यूपीएमआरसी स्टॉल का दौरा किया और लखनऊ, कानपुर एवं आगरा मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति और उपलब्धियों से अवगत हुए।

**यूपीएमआरसी स्टॉल पर दिखा नवाचार और तकनीक का समन्वय :** यूएमआई एक्सपो में दिल्ली मेट्रो, गुड़गांव मेट्रो, मुंबई मेट्रो, महा मेट्रो आदि देशभर की मेट्रो सेवाओं के बीच यूपीएमआरसी का स्टॉल आकर्षण केंद्र बना रहा। स्टॉल पर लखनऊ, कानपुर और आगरा मेट्रो ट्रेनों के आकर्षक मॉडल्स प्रदर्शित किए गए, जिनसे आगंतुकों को यूपीएमआरसी की विश्वस्तरीय तकनीक, यात्री सुविधाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर की जानकारी मिली।

## महाराणा प्रताप के गेट से राजनाथ व ब्रजेश पाठक का नाम गायब

**लखनऊ।** नगर निगम ने हुसैनगंज चौराहे का नाम वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप चौराहा कर दिया है। अब इस पर राजनीति शुरू हो गई है। चौराहे पर नगर निगम के प्रस्ताव पर बने नए स्वागत द्वार (गेट) पर रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक तथा महापौर सुषमा खर्कवाल का नाम या तस्वीर नहीं है। इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) सदस्यों ने नाराजगी जताई है। इस द्वार पर भाजपा एमएलसी मानवेंद्र सिंह चौहान और रायबरेली की गौरीगंज सीट से समय समाजवादी पार्टी से निष्कासित विधायक राकेश प्रताप सिंह की तस्वीर लगाई गई है। लालबाग वार्ड के पार्षद सुशील कुमार तिवारी 'पम्मी' ने कहा, चौराहे का नाम बदलने का प्रस्ताव उन्होंने नगर निगम सदन में रखा था, जिसे पास कराया गया। यह नगर निगम का निर्णय था, लेकिन अब बोर्ड पर हमारे सांसद एवं रक्षा मंत्री का नाम तक नहीं है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। हम इसे सदन में उठाएंगे। भाजपा पार्षदों ने कहा कि बोर्ड पर जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदत्यिनाथ की तस्वीरें हैं। वहीं दूसरी ओर राजनाथ सिंह, ब्रजेश पाठक, और खर्कवाल की तस्वीरें भी होनी चाहिए थीं।

## गोमती नदी की तलहटी से निकाला पांच कुंतल कचरा



**लखनऊ।** गोमती नदी स्वच्छता अभियान के 390वें रविवार को गोमती नदी स्वच्छता अभियान में लगभग 5000 मूर्तियां को तथा पांच कुंतल कचरा गोमती नदी की तलहटी से बाहर निकाला गया। रविवार को सुबह 6 बजे हनुमान सेतु निकट झूले लाल पार्क गोमती नदी तट पर स्वच्छ पर्यावरण सेना ने स्वयं सेवकों के साथ गोमती नदी पर स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के दौरान गोमती नदी के अंदर से निकाली गई 5 हजार देव मूर्तियों का भू विसर्जन किया गया। गोमती नदी की तलहटी से निकाला गया लगभग 5 कुंतल कचरा नगर निगम को सौंपा गया। संयोजक रंजीत सिंह के नेतृत्व में अर्चना सिंह, रत्ना वर्मा, प्रीति जैन, पलक, शांति देवी, शिखा सिंह ज्योति चौधरी सार्थक जोशी, इंद्र पाल, कृपा शंकर वर्मा, राम कुमार बाल्मिकी, संजय वर्मा, आनंद वर्मा, विवेक जोशी, पवन कुमार, नाथ शरण त्रिपाठी, राकेश सोनकर, रवि जोशी, परमेश जोशी, शैलेन्द्र सिन्हा, निहार सिंह, उदय सिंह, प्रवेश यादव, अनुग्रह सिंह, अजय जोशी, शिव सोनी, आयुष बंसल, आशीष तिवारी, हिमांशु कश्यप, जय सिंह इत्यादि ने गोमती नदी सफाई के बाद गोमती आरती में हिस्सा लिया। पर्यावरण सेना के लोगों ने नदियों को प्रदूषित कर रहे गंदे नालों को गोमती से दूर करने की आवाज उठाई।

## फाइलों में अनियमितता व लापरवाही पर बाबू को नोटिस

**लखनऊ।** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय से तैनात बाबू के खिलाफ कार्रवाई की गई है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने अधिष्ठान से जुड़ी फाइलों में अनियमितता और लापरवाही बरतने पर वरिष्ठ लिपिक सत्यव्रत यादव को नोटिस जारी किया है। सूत्रों के अनुसार, लिपिक को पूर्व में कई बार निर्देशित किया गया था कि वे अधिष्ठान संबंधी गतिविधियों की नियमित समीक्षा कराएं, ताकि विभागीय कार्य समय से पूरे हो सकें। बावजूद इसके, उन्होंने न तो समीक्षा कराई और न ही उन जोनल सेनेटरी अधिकारियों, सफाई निरीक्षकों और वाल्दा लिपिकों के खिलाफ कोई कार्रवाई की, जो विलंब से या अपूर्ण पत्रावलियां भेज रहे थे। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने नोटिस में स्पष्ट लिखा है कि श्री यादव की कार्यशैली से यह प्रतीत होता है कि वे अपने दायित्वों के प्रति गंभीर नहीं हैं और कार्य में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। फाइलों में देरी और अपूर्ण जानकारी के कारण विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

# सुबह की धूप जरूर लेनी चाहिए: डॉ. दीक्षित

लखनऊ। सुबह ही धूप लेने से विटामिन डी का उत्पादन होता है, शरीर के हर हिस्से को भरपूर विटामिन डी मिल जाता है। धूप लेने से नींद भी भरपूर लगती है। यह सेरोटोनिन और मेलाटोनिन जैसे हार्मोन को नियंत्रित करने में मदद करता है, जो ऊर्जा प्रतिरक्षा और मानसिक स्वास्थ के लिए महत्वपूर्ण होता है। सुबह जैसे ही सूर्य उगने लगते है तो उस समय का प्रकाश छोटे बच्चों और बूढो के लिए भी फायदेमंद होता है। लोकबन्धु अस्पताल के सीएमएस ने बताया कि डाक्टर की सलाह पर समय-समय पर धूप लेते रहना चाहिए।

### विटामिन डी उत्पादन और त्वचा के लिए फायदेमंद

- सुबह की धूप त्वचा मे विटामिन डी बनाने में मदद करती है
- शरीर में हडि्डयों में स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए आवश्यक है।
- यह त्वचा की कोशिकाओं के पुनर्जनन में मदद करता है
- यह त्वचा पर एक्जिमा और सोरायसिस जैसी समस्याओं को रोकता है।

### मानसिक स्वास्थ्य

- यह सेरोटोनिन के स्तर को बढ़ाता है, जो मूड को बेहतर बनाता है और आपको अच्छा महसूस कराता है।
- इससे अवसाद और चिंता कम हो सकती है और मानसिक स्पष्टता में सुधार होता है।
- सुबह की धूप में रहने से कॉर्टिसोल का स्तर नियंत्रित होता है, जिससे पूरे दिन तनाव कम होता है।

### नींद का चक्र

- सुबह की धूप आपके शरीर की आंतरिक नींद की घड़ी को रीसेट करने में मदद करती है।
- यह आपके शरीर को बताता है कि कब जागना है और कब सोना है, जिससे रात में बेहतर नींद आती है।

### अन्य लाभ

- यह ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने में मदद कर सकता है।
- यह वजन प्रबंधन में सहायता कर सकता है
- यह भूख और चयापचय से जुड़े हार्मोन को विनियमित करता है।

# सेवा ग्राम ग्राउंड में हुआ हॉफ मैराथन




**लखनऊ।** सेवा ग्राम रेलवे कॉलोनी ग्राउंड, लखनऊ में एक हॉफ मैराथन और क्रॉस कंट्री का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 500 धावकों से अधिक प्रतिभागियों में शामिल हुए। मैराथन में क्रॉस कंट्री का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सामुदायिक खेल भावना को प्रोत्साहित करना था। इस आयोजन में पुरुष, महिला और किशोर, किशोरी सहित विभिन्न आयु वर्ग के धावकों ने हिस्सा लिया।

मैराथन की शुरूआत सुबह 7 बजे हुई, और प्रतिभागियों ने विभिन्न श्रेणियां में भाग लेते हुए 15 किलोमीटर एवं 10 किलोमीटर की दूरी को निर्धारित समय में पूरा करने का संकल्प लिया। इस दौरान पूरे मार्ग पर धावकों को जलपान और प्राथमिक चिकित्सा की सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा, इस तरह के आयोजन न केवल समाज को स्वस्थ बनाते हैं बल्कि सभी को एकजुट करते हैं। हॉफ मैराथन में भाग लेने वाले सभी धावकों को बधाई दिया।

कैटेगरी में प्रथम सीनियर बॉयज पंकज यादव, सीनियर महिला खुशबू पटेल, जूनियर बॉयज मोहम्मद आमिर, जूनियर महिला रेजिना विजेताओं को साइकिल वितरण एवं अन्य श्रेणियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले धावकों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस बार दौड में 50 वर्ष से अधिक उर्म के धावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजक अमित यादव एडवोकेट ने इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों को धन्यवाद दिया और भविष्य में भी प्रतिवर्ष ऐसे स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रमों के आयोजन का आश्वासन दिया।

# जानकीपुरम व गोमती नगर विस्तार में सफाई में लापरवाही पर 25,000 का जुर्माना

## अतिक्रमण व प्लास्टिक के उपयोग पर की गई कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए लगातार निरीक्षण अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को जोन 03 के अंतर्गत जोनल सेनेटरी अधिकारी मनोज यादव ने जानकीपुरम तृतीय वार्ड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान भिठौली क्रॉसिंग से भवानी चौराहा जाने वाले मुख्य मार्ग पर लखनऊ स्वच्छता अभियान प्रा. लि. के कुछ कर्मचारी सफाई कार्य करते हुए मिले तथा सुपरवाइजर भी मौके पर मौजूद थे।

हालांकि, भवानी चौराहा क्षेत्र तथा उसके आस-पास की सड़कों एवं डिवाइडरों पर अत्यधिक गंदगी पाई गई। भवानी चौराहे से ए.के.टी.यू. विश्वविद्यालय की ओर जाने वाले मार्ग पर न तो नियमित रूप से झाड़ू लगी पाई गई और न ही डिवाइडरों की सफाई हुई थी। डिवाइडरों पर बड़ी-बड़ी घास जमा थी तथा सड़क किनारे कूड़े के ढेर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे थे।

निरीक्षण के दौरान ऐसा प्रतीत हुआ कि क्षेत्र में कई दिनों से संतोषजनक रूप से सफाई कार्य नहीं कराया गया। यह हाल तब है जबकि ए.के.टी.यू. में प्रतिदिन छात्रों, संकाय सदस्यों एवं विशिष्ट व्यक्तियों का आवागमन बना रहता है। ऐसे में मार्गों की साफ-सफाई बेहतर होनी चाहिए। सफाई में लापरवाही पाए जाने पर नगर निगम ने लखनऊ स्वच्छता अभियान प्रा. लि. पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाए जाने की संस्तुति की। इसी क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ लोग बिना अनुमति के रिक्शा-ठेली के माध्यम से घर-घर से कूड़ा एकत्र कर नगर निगम क्षेत्र (न्यू कैंपस पड़ाव घर), जानकीपुरम तृतीय वार्ड में खुले में फेंक रहे थे। मामले में रेहमान पुत्र मुसमुद्दीन को कूड़ा डालते पकड़ा गया। संबंधित ठेली को जब्त कर पुरानिया स्थित यार्ड में जमा करा दिया गया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं जोन 04 में भी स्वच्छता एवं अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी के निर्देश पर एसएफआई राकेश कुमार वर्मा और बालगोविंद ने सेक्टर-1, गोमती नगर विस्तार क्षेत्र में अतिक्रमण, गंदगी एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई की। इस दौरान अतिक्रमण एवं गंदगी के दो मामलों में 3,500 रुपये तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग करने पर तीन मामलों में 9,000 रुपये का चालान कर जुर्माना वसूला गया।

## सफाई व्यवस्था की निगरानी में लापरवाही पर नोटिस

**लखनऊ।** नगर निगम के सफाई निरीक्षकों और सुपरवाइजर सफाई व्यवस्था की निगरानी में लापरवाही बरत रहे हैं। सफाई से जुड़ी जनता की शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से नहीं किए जाने से नगर निगम की छवि धूमिल हो रही है। इससे नागरिकों में नाराजगी और स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इस पर सफाई निरीक्षकों व सुपरवाइजरों को नोटिस जारी की गई है। कई शिकायतें 311 एप पर लंबित नगर आयुक्त की ओर से 3 नवंबर को स्मार्ट सिटी हॉल में हुई समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि सभी जनशिकायतों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए।

समीक्षा में सामने आया कि जोन-1 के अंतर्गत आने वाले सफाई इंस्पेक्टरों के पास 311 एप पर कुल दर्जनों शिकायतें लंबित हैं। इन सुपरवाइजर-इंस्पेक्टर को नोटिस जिन सफाई निरीक्षकों और सुपरवाइजरों को नोटिस जारी किया गया है, उनमें मनोज कुमार भारती, वार्ड लालकुआं, मनोज कुमार, राजेश कुमार, वार्ड रानी लक्ष्मी बाई, विकास, राजू, राहुल वाल्मीकि, विपेन्द्र, वार्ड मोतीगंज, त्रिलोकी, नीरज (कार्यदायी) शामिल हैं। इन सभी को नोटिस जारी करते हुए कारण पूछा गया है कि उनके क्षेत्र में सफाई व्यवस्था व जनशिकायतों का निस्तारण संतोषजनक क्यों नहीं है। नागरिकों के असंतोष से बढ़ रही परेशानी नगर निगम की रिपोर्ट के अनुसार, नागरिकों द्वारा दी गई शिकायतों पर जब संतोषजनक फीडबैक नहीं मिलता, तो वे शिकायतें रीओपन हो जाती हैं। इससे निगम के स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान निगेटिव प्वाइंट्स जुड़ जाते हैं। कड़ी चेतावनी, होगी विभागीय कार्रवाई नोटिस में साफ लिखा गया है कि सभी सफाई निरीक्षक तुरंत शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, अन्यथा उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों को संस्तुति की जाएगी। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, जोन-1 ने यह चेतावनी दी है कि लापरवाही जारी रही तो व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी।

# सुशांत गोल्फ सिटी में अवैध कब्जे का प्रयास, विरोध

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी में तुलसियानी अपार्टमेंट के सामने स्थित पूर्ण रूप से विकसित गोल्फ कोर्स की भूमि पर भूमाफियाओं की ओर से अवैध कब्जा करने का प्रयास किया गया। इसमें बड़ी संख्या में बाहरी शामिल थे। कब्जाधारियों की ओर से निर्माण सामग्री और उपकरण साथ लाए थे ताकि भूमि पर अवैध निर्माण किया जा सके।

जब आसपास के स्थानीय निवासियों ने इस अवैध गतिविधि का विरोध किया, तो कब्जाधारियों ने लोहे की रॉड और अन्य वस्तुओं से धमकाने और हमला करने का प्रयास किया।

निवासियों की ओर से तुरंत पुलिस को सूचना देने पर पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस को देखते ही अधिकांश आरोपी मौके से फरार हो गए, जबकि कुछ जिनमें महिला, मजदूर, ठेकेदार तथा निर्माण सामग्री शामिल थी को पुलिस ने हिरासत में लेकर थाने ले जाया गया। इस घटना के संबंध में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने लिखित शिकायत पुलिस को सौंपी है।

लोगों ने बताया पिछले एक वर्ष में यह तीसरा प्रयास है जब भूमाफियाओं ने गोल्फ कोर्स की भूमि पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की है। लखनऊ विकास प्राधिकरण पहले ही पुलिस एवं प्रशासन को स्पष्ट रूप से निर्देश दे चुका है कि यह भूमि गोल्फ कोर्स की है और इस पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या निर्माण कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित है। इस संबंध में एक सूचना पट्ट भी स्थल पर लगाया गया है, जिसमें यह जानकारी स्पष्ट रूप से अंकित है। स्थानीय निवासियों एवं आरडब्ल्यूए ने दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है तथा प्रशासन से अनुरोध किया है कि भविष्य में ऐसे अवैध प्रयासों को रोकने के लिए गोल्फ कोर्स की भूमि की स्थायी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# छात्र पर सहपाठियों ने धारदार हथियार से किया हमला

## घायल छात्र को अस्पताल में कराया भर्ती, 6 छात्रों पर मुकदमा दर्ज



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के हजरतगंज स्थित क्रिस्ट चर्च इंटर कॉलेज के 11वीं के छात्र कृष्णा ठाकुर पर 4 नवंबर की दोपहर उसके क्लास के 6 सहपाठियों ने क्लास में हुए झगड़े में धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में कृष्ण के चेहरे पर गंभीर चोट लगी है।

इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के बताया कि कृष्णा चारबाग के लोकमानगंज का रहने वाला है।4 नवंबर की दोपहर वो साथी जेयस के साथ छुट्टी के बाद घर जाने के लिए निकला था। पिता विशाल ठाकुर के अनुसार बेटा जब अटल चौराहे के पास पहुंचा वैसे ही उसकी क्लास के 6 साथियों ने कृष्णा को घेर लिया और ऑटो से खींच कर मारपीट करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया। घायल छात्र कृष्णा को लोगों की मदद से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि विशाल की तहरीर पर 7 नवंबर को 6 छात्रों के खिलाफ केस दर्ज किया गया और मामले की जांच की जा रही है।

**बंथरा थाना क्षेत्र में सनसनीखेज वारदात:** मवई चौराहे और लोनहा गांव के बीच नगवा नाले के पास जंगलों में बीती रात एक नील गाय को गोली मार दी गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अवैध असलहे से यह गोली चलाई गई, और आरोपी सादुल्ला नगर के निवासी हैं। घटना के बाद फॉरेस्ट विभाग के गार्ड और कुछ पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में शव को दफनाया गया। सूत्रों से यह भी पता चला है कि पुलिस ने पूरे मामले को रफा-दफा कर दिया।जबकि जिम्मेदार अधिकारी बोलने से बच रहे हैं। गाँव में गाय की हत्या को लेकर आक्रोश व्याप्त है। मवई चौराहा लोनहा गांव के बीच नगवा नाले के पास जंगलों में, थाना बंथरा, लखनऊ हैं।यह घटना नील गाय को गोली मारकर हत्या कर दी गई। क्षेत्रीय लोगो ने पुलिस पर लीपापोती का आरोप लगाया हैं। इसके आरोपी सादुल्ला नगर के निवासी बताये जा रहे हैं।इसके लिए बंथरा पुलिस को योगी सरकार का खौफ नहीं हैं।

## पति की प्रताड़ना से पत्नी ने लगायी थी फांसी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**आलमबाग।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में एक विवाहिता ने तीन दिन पूर्व अपने घर में फांसी लगा आत्महत्या कर ली थी। मृतका की भाभी ने अपने नंदोई पर पत्नी को प्रताड़ित करने और प्रताड़ना के कारण ही उसकी ननद द्वारा फांसी लगा आत्महत्या किए जाने का आरोप लगा नंदोई के खिलाफ नामजद शिकायत की है। मूलरूप से जनपद सीतापुर थाना महमुदावाद की रहने वाली ऊषा देवी पत्नी रामनरेश पाण्डेय के अनुसार उसकी ननद अनोखी मिश्रा का वर्ष 2006 मे चन्द्रप्रकाश मिश्रा पुत्र मुरली निवासी अलीनगर सुनहरा से विवाह हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही चन्द्रप्रकाश मिश्रा उसकी ननद को दहेज के लिए प्रताड़ित करता था और उसके साथ मारपीट करता था। उसे आशंका है कि पति के प्रताड़ना और दहेज उत्पीड़न से तंग आकर उसकी ननद ने बीते 6 नवम्बर को फांसी का फंदा लगा आत्महत्या कर ली जिसकी जानकारी उसे पड़ोसियों से हुई थी। पुलिस के अनुसार मृतका अनोखी मिश्रा की भाभी की नामजद शिकायत पर मृतका के पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज मामले की जांच की जा रही है।

## सड़क हादसे में महिला खिलाड़ी की मौत, घर में पसरा मातम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हुए सड़क हादसे में एक महिला खिलाड़ी की मौत हो गई है। राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी 23 साल की हॉकी प्लेयर जूली यादव ने रविवार सुबह एक एक्सीडेंट में अपनी जान गंवा दी। जूली लखनऊ के एलडीए कॉलोनी के एलपीएस स्कूल में बतौर स्पोर्ट्स टीचर काम करती थीं।

वह स्कूल में इंटर स्कूल बैडमिंडन चैंपियनशिप की तैयारी में लगी थीं। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, जूली आज सुबह जब स्कूल पहुंची तो उन्हें पता चला की वह मोबाइल तो घर पर ही भूल गईं। मोबाइल लेने के लिए वह अपनी बाइक होन्डा शाइन से दोबारा घर गईं। लौटते वक्त मोडा मोड़ पुलिस स्टेशन एरिया में एक ट्रक ने उनकी गाड़ी में जोर से टक्कर मार दी जिससे वह गिर गईं। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया लेकिन अस्पताल पहुंचने पर ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

उनकी मौत की खबर से परिवार और खेल समुदाय को गहरा सदमा लगा है। उनके पिता अजय यादव और मां बेहद दुखी हैं। रिश्तेदारों का कहना है कि जूली काफी मददगार नेचर की थीं और कभी किसी को नुकसान नहीं पहुंचाती थीं। जूली ने इसी साल अप्रैल में स्कूल ज्वाइन किया था। स्कूल के प्रिंसिपल राकेश सिंह ने कहा कि वह आठ ब्रांच में बैडमिंटन चैंपियनशिप की देखरेख कर रही थीं।

**पुलिस ने केस किया दर्ज:** पुलिस ने पैरा स्टेशन थाने में परिवार की शिकायत के बाद मामला दर्ज कर लिया है। वाहन की जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। अधिकारियों ने परिवार वालों को आश्वासन दिया है कि आरोपित को जल्दी पकड़ा जाएगा।

## संघे शक्ति कलौयुगे सिद्धांत पर पत्रकारों ने दिया जोर

● **समाज को विकास की नई दिशा देगा बीकेटी मीडिया एसोसिएशन**

**लखनऊ।** बीकेटी ब्लॉक सभागार में रविवार को मीडिया कर्मियों की एक बैठक वरिष्ठ पत्रकार नीरज सिंह राठौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें मीडिया संगठन की एकता व निर्माण पर बल दिया गया। इस बैठक में तमाम पत्रकारों की उपस्थिति में बीकेटी मीडिया एसोशिएशन के गठन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से प्रस्तुत किया गया। नीरज सिंह ने कहा कि मीडिया कर्मी कड़ी मेहनत से सूचनाओं को एकत्र करते हैं और जन-जन की समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचाने का काम करते हैं। मीडिया कर्मियों का संगठन समाज के बीच एक कड़ी का काम करता है लेकिन अफसोस कि इस महत्वपूर्ण सेतु का काम निभाने के बावजूद भी पत्रकार पुलिस प्रशासन के उत्पीड़न का शिकार बनता है जो कि समाज के लिए अच्छा संकेत नहीं है। नीरज सिंह ने कहा कि किसी भी समस्या या संकट की घड़ी में संगठन पत्रकार व सर्व समाज की मदद के लिए खड़ा होगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नीरज सिंह राठौर ने कहा कि संगठन से पत्रकारों में एक जुटता रहती है। यदि किसी मीडिया कर्मी पर कभी संकट होता है तो संगठन मदद के लिए खड़ा होगा। अनिल सिंह चौहान ने कहा कि मीडिया कर्मी सशक्त होंगे तो उनका भी विकास होगा। साथ ही आपसी समन्वय को बढ़ावा मिलेगा। ऋतुराज सिंह तोमर ने कहा कि एसोशिएशन के कोष में समस्त मीडिया कर्मी प्रतिमाह निश्चित धनराशि का सहयोग करेंगे जो मुसीबत की स्थिति में पत्रकारों के लिए काम आएगा। बैठक में सर्व सहमति से बीकेटी व इटौंजा क्षेत्र के मीडिया कर्मियों ने संगठन का गठन किया। जिसमें पदाधिकारियों व सदस्यों तथा संगठन के नाम पर भी चर्चा की गई। बैठक में इटौंजा , बख्शी का तालाब क्षेत्र के मीडिया कर्मियों ने प्रतिभाग किया जिसमें मुख्य रूप से नीरज सिंह राठौर, अनिल सिंह चौहान, सरोज, ऋतुराज सिंह तोमर, अशोक , राज प्रताप सिंह, प्रदीप सिंह, उमेश वर्मा, ममता सिंह, सौरभ, विशाल सिंह, हरिओम दीक्षित, दिनेश सिंह, अंगद पाल, धीरज यादव, सुनील, रामचरन, महेश, सुशील मौर्या ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन पर नीरज सिंह ने कहा हमारा संगठन लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में आजीवन समर्पित रहेगा आगामी रूपरेखा पर अगली सभा में चर्चा परिचर्चा की जाएगी।

**सूचना**

ग्राम हिम्मतगढ़ परगना गोरिंदा परसंदन तहसील हसनगंज जिला उन्नाव विक्रय खसरा नंबर 279 मि रकबा 0.2660 हे0 में से 1/2 भाग.1330 हे0 का विक्रय मूल्य एक लाख रु था जिसमें से अनुबंध पत्र के समय उप निबंधक कार्यालय हसनगंज में 50 हजार रु. दे दिया गया था जिसका अनुबंध बही संख्या 1 रजिस्ट्रेशन संख्या 11429 वर्ष 2023 अनुबंध की तारीख 18/11/2023 को किया गया था बचा हुआ 50000 रू. बैनामा के समय देना था लेकिन अब प्रथम पक्ष विक्रेता रामसेवक पुत्र फकीरे निवासी नथई खेड़ाग्राम हिम्मतगढ़ परगना गोरिंदा परसंदन तहसील हसनगंज जिला उन्नाव द्वितीय पक्ष क्रेता संजय कुमार पुत्र धनीराम निवासी खसरा नंबर 2576 गली नंबर 3 अमौसी मार्ग गंगानगर जिला लखनऊ को बैनामा नहीं कर रहा है, जिसकी नोटिस भी द्वितीय पक्ष ने प्रथम पक्ष को भेज दी है उपरोक्त प्रकरण का न्यायालय क्षेत्र लखनऊ उन्नाव दोनों होंगे।

**न्यायालय सूचना**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू.डि.) नॉर्थ लखनऊ।**
**तारीख पेशी- 17.11.2025**
**वाद सं.- 967/2025**

1. रिंकी देवी पत्नी स्व. मुन्ना साहू उर्फ मुन्ना कुमार साहू
2. अमन पुत्र स्व. मुन्ना साहू उर्फ मुन्ना कुमार साहू (नाबालिग)
3. सोनाक्षी पुत्री स्व. मुन्ना साहू उर्फ मुन्ना कुमार साहू (नाबालिग)
4. अंशिका पुत्री स्व. मुन्ना साहू उर्फ मुन्ना कुमार साहू (नाबालिग) वादी सं.-2,3,4 की संरक्षिका माता रिंकी देवी

समस्त निवासीगण-664 डूडा कालोनी, नरपत खेड़ा, मानक नगर, लखनऊ।
**...वादीगण**

**बनाम**

सम्पत्ति/धनराशि स्व. मुन्ना कुमार साहू पुत्र श्री राम साहू नि.- 664 डूडा कालोनी, नरपत खेड़ा, मानक नगर, लखनऊ। **...प्रतिवादीगण**

उत्तराधिकार प्रमाण पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 संपत्ति /धनराशि स्व. मुन्ना कुमार साहू पुत्र श्री राम साहू अनुसूची शिड्यूल नंबर-1 के अनुसार वाद प्रस्तुत किया गया है। कोई भी वरिसान आपत्ति हेतु नियत तिथि पर स्वयं व अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो।

**सिविल जज(जू.डि.), नार्थ लखनऊ**

## मेडिकल स्टोर में चोरी

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के निजामपुर मझिगवां गांव स्थित मेडिकल स्टोर में शटर तोड़कर नकदी चोरी कर ले गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में जुटी है। गोसाईंगंज के हसनापुर गांव के रहने वाले पीड़ित नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि वह निजामपुर मझिगवां के चौराहे पर श्री बाला जी मेडिकल स्टोर पर रात लगभग 3.30 बजे सुबह श्री प्रमोद मिष्ठान के मालिक द्वारा हमें फोन करके सुचित किया कि आपके दुकान का शटर टूटा हुआ है। सूचना मिलने के बाद मैं अपनी दुकान पर पंहुचा, तब क्षेत्रीय श्री गुड्डू रावत जी द्वारा मेरे कहने पर 112 पर काल करके सूचना पुलिस को दी गयी ।जिसके बाद मौके पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद पीड़ित से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जज को धमकी देने के मामले में सिपाही निलंबित

## सिपाही ने बंदी को लॉकप में दिया था फोन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** करीब साढ़े तीन हजार करोड़ रुपये की ठगी के आरोपी अनुभव मित्तल का एक और सनसनीखेज कारनामा सामने आया है। जिला जेल में बंद मित्तल ने पुलिस के एक सिपाही के मोबाइल से इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश को धमकी भरा ईमेल भेज दिया। उसमें लिखा था कि लखनऊ बेंच के एक जज की हत्या की साजिश रची जा रही है। जांच में खुलासा हुआ कि अनुभव ने यह ईमेल खुद नहीं भेजा, बल्कि चालाकी से फोन में टाइमर सेट कर दिया था ताकि संदेश अगले दिन अपने आप भेजा जाए। ईमेल महेंद्र कुमार नाम से भेजा गया था। जांच के बाद सिपाही को निलंबित कर दिया गया।

पुलिस कमिश्नर लखनऊ के आदेश पर साइबर सेल और क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू की। तकनीकी पड़ताल में पता चला कि ईमेल पुलिस लाइन में तैनात सिपाही अजय कुमार के फोन से गया है। पूछताछ में अजय ने बताया कि वह 4 नवंबर को अनुभव मित्तल को पेशी पर ले गया था। उसी दौरान अनुभव ने ₹केस का स्टेटस देखने₹ के बहाने फोन मांगा और ईमेल आईडी बना ली। मामले की तहकीकात में पुलिस को पता चला कि यह ईमेल जेल में बंद एक अन्य कैदी आनंदेश्वर अग्रहरि को फंसाने की साजिश थी। आनंदेश्वर अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में दिसंबर 2023 से जेल में बंद है। वह जेल अस्पताल में काम करता है। दोनों के बीच पुरानी रंजिश बताई जा रही है। ईमेल में आनंदेश्वर पर गंभीर आरोप लगाए गए। कहा गया कि वह जेल में मोबाइल फोन का इस्तेमाल करता है। जमानत अर्जी खारिज होने से नाराज होकर जज की हत्या की योजना बना रहा है। इसके लिए उसने बंदियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। वे दोनों बंदी अब छूट चुके हैं। मामले के खुलासे के बाद जेल चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार ने गोसाईंगंज थाने में अनुभव मित्तल और सिपाही अजय कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। जेल प्रशासन ने भी आंतरिक जांच शुरू कर दी है। मालूम हो कि 3700 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में अनुभव मित्तल पर कुल 324 मुकदमे दर्ज हैं। उसकी पत्नी आयुषी और पिता सुनील मित्तल भी सह-आरोपी होने के साथ जेल में बंद हैं। एसटीएफ ने 2017 में अनुभव को गिरफ्तार किया था और तब से वह जेल में है। जांच के बाद लाकप में कैदी को फोन देने के आरोप में पुलिस लाइन में तैनात कैदी को निलंबित कर दिया गया।




## यातायात दिवस के तहत सहायक पुलिस आयुक्त ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के यातायात डीसीपी ट्रैफिक द्वारा दिये गए निदेर्शानुसार कृष्णा नगर क्षेत्र के बारा बिरवा स्थित अवध चौराहा पर रविवार को नवम्बर माह यातायात दिवस अभियान के तहत सुचारु रूप से ट्रैफिक व्यवस्था और अधिक सुरक्षित व सुगम बनाने के उद्देश्य से ट्रैफिक एसीपी राधा रमण सिंह के नेतृत्व में सुगम सुरक्षा चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान उनके साथ टी आई कृष्णानगर रविन्द्र कुमार सिंह, टी. आई कैंट राधेश्याम सिंह ने ऑटो, टी आई देवेश शाही, टी आई सहायक राहुल वर्मा की सयुक्त टीम और अवध चौराहा टीएसआई मृतुन्जय पाण्डेय सहित ट्रैफिक पुलिस ने ई रिक्शा, अवैध डगगावार वाहन, चार पहिया वाहन संयुक्त अभियान के तहत ऑटो को क्यूआर कोड का संघन चेकिंग की गई, जिससे कि वाहन चालक की पहचान हो और दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने, चारपहिया चालकों को सीट बेल्ट लगाने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई। इसी दौरान बिना हेलमेट व कागजात के वाहन चलाने वालों पर लगभग 22 गाड़ियां सीज और 65 गाड़ियों पर चालान की कार्रवाई की गई।इस मौके पर एसीपी राधा रमण सिंह ने कहा कि सुरक्षित सफर सभी की जिम्मेदारी है। नियमों का पालन करके हम दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोक सकते हैं।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में यातायात अनुशासन के प्रति जागरूकता फैलाना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। मौके पर ट्रैफिक पुलिस ने आम जनता को पर्चे बाँटकर ट्रैफिक नियमों की जानकारी भी दी।लखनऊ ट्रैफिक पुलिस की इस पहल की स्थानीय लोगों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि ऐसे अभियान शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को और बेहतर बनाएंगे।

## शादी का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनी नगर इलाके मे एक युवक द्वारा महिला से शादी का झांसा देकर उसजे साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तार किये गए अभियुक्त को पुलिस ने न्यायिक हिरासत ने लेकर जेल भेज दिया हैं।

पीड़िता ने थाना सरोजनी नगर मे तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया हैं की आरोपी मोहम्मद शादाब पुत्र जुल्फेकर अली निवासी शांति नगर, न्यू हैदराबाद द्वारा पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाया एवं गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया था।पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी।पुलिस ने सी आर पी एफ चौराहाँ सैनिक स्कूल के पास से गिरफ्तार किया हैं।पुलिस अभियुक्त के खिलाफ विधिक अग्रिम कार्य वाई कर रही हैं।

# मेले में कीर्तन बंद कराने के लिए मारपीट, कुर्सियां तोड़ीं

**लखनऊ।** सैरपुर क्षेत्र में चल रहे झन्ना बाबा मेले में बुधवार रात एक संगठन के लोगों ने 15 साथियों के साथ पहुंचकर कीर्तन रुकवाने के लिए हंगामा शुरू कर दिया। आरोप है कि पुलिस की मौजूदगी में स्टेज पर पहुंचकर कुर्सियां तोड़ीं, विरोध करने पर आयोजकों से मारपीट की और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पुलिस कर्मियों ने किसी तरह लोगों को शांत कर मामले को रफादफा किया। झन्नाबाबा देव स्थान पर बुधवार को मेले के दौरान कीर्तन का कार्यक्रम था। समाधानपुर गांव निवासी मान सिंह, राजबहादुर, शिवबरन, पुतान सिंह, कुलदीप, प्रमोद आदि मेला आयोजकों का आरोप है कि लाखन पासी आर्मी संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रवि पासी, राहुल पासी व आकाश पासी 15 साथियों के साथ मेले में पहुंचे। इन लोगों ने कमेटी व आयोजक के बारे में गालियां देते हुए कीर्तन को बंद करवाने लगे। कीर्तन में उपस्थित लोगों ने विरोध किया तो उनसे मारपीट की गई। इससे मेले में अफरा तफरी मच गई। बीच बचाव करने पर मेला कमेटी अध्यक्ष व अन्य लोगों पर हमला कर दिया। स्टेज पंडाल व कुर्सियों को भी तोड़ा दिया। आरोप है कि इन लोगों एससीएसटी के मुकदमे में फंसाने व जान से मारने की धमकी दी। कहा कि भविष्य में मेले का आयोजन लाखन पासी आर्मी संगठन के अध्यक्ष की अनुमति के बिना नहीं होगा। इस दौरान वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने किसी तरह आरोपियों को हटाया। इसके बाद मेले में शांति व्यवस्था कायम हुई। सैरपुर थानाध्यक्ष के मुताबिक संगठन के लोग बिना पुलिस को बताए माइक बंद कराने गए थे। इसी को लेकर विवाद हुआ था। मामले में मुकदमा दर्जकर जांच की जा रही है।

## विवाहिता ने पति सहित ससुरालियों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप, मुकदमा दर्ज

**आलमबाग।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके मे रहने वाली विवाहिता ने पति सहित ससुरालियों पर प्रताडना का आरोप लगाया है। कृष्णानगर कोतवाली इलाके स्थित मधुवन नगर निवासिनी किरन रावत पत्नी अमर सिंह का आरोप है कि उसके पति अमर सिंह ससुर सुरेश चन्द्रा सास माधुरी देवी ननदे, अमिता सिंह, प्रीती सिंह उसे ससुराल मे प्रताड़ित करते है। जिसके चलते पहले भी उसका अपने पति से समझौता हो चुका था लेकिन फिर भी फिर भी पति सहित ससुरालीजन उसे मानसिक रुप से प्रताड़ित करते रहते है। जिसके चलते वह डिप्रेशन का शिकार हो गई है और उसे पिछले कई दिनो तक सोने भी नही दिया जा रहा था और उसके पति सहित ससुराली जन मिलकर उसके साथ गाली-गलौज तथा मारपीट करते रहते है और उसके बार-2 साथ रहने का बोलने के बाद भी ससुराल वालो ने उसे घर से निकाल दिया और पति ने उसको साथ रखने से इंकार करने के साथ दूसरी शादी करने की धमकी दी है। जिसके चलते उसने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली मे पति सहित ससुरालियों के खिलाफ नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित विवाहिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## प्रतिबंधित आक्सीटोसिन इंजेक्शन बरामद

लखनऊ। रविवार को बृजेश कुमार सहायक आयुक्त औषधि एवं दीपक सिंह डिप्टी एसपी एसटीएफ के पर्यवेक्षण में संयुक्त टीम खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एवं एसटीएफ के साथ विजय खंड 1 उजरियाव गाव गोमतीनगर पर छापे की कार्रवाई की गयी। भारी मात्रा में आक्सीटोसिन इंजेक्शन प्लास्टिक बोतल में भंडारण पाया गया साथ मे सिरका, फिनाल, नमक, सिलर ,खाली बोतल, गैलन, पाए गए। मौके से दो ब्यक्ति को अभिरक्षा मे लिया गया ,पूछताछ पर बताया गया कि ज्यादातर सामान, लोनी गाजियाबाद से मगाकर यहां से बना कर आपूर्ति की जाती हैं, आक्सीटोसिन पावडर, धर्मवीर से लोनी से मगाकर आक्सीटोसिन वैटनरी इंजेक्शन तैयार किया जाता है आस पास के जनपदो मे आपूर्ति की जाती हैं अवैध आक्सीटोसिन बोतल उसमें प्रयुक्त होने वाले रा मैटेरियल और पैकेजिंग मैटरियल को सीज किया गया है, दो संदिग्ध औषधियों का नमूना एकत्र किया गया ।

## वृंदावन बिहार कॉलोनी में विकास कार्यों का शुभारंभ



**लखनऊ।** नगर के शंकरपुरवा द्वितीय वार्ड स्थित वृंदावन बिहार कॉलोनी में आज विकास कार्यों का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सभासद श्रीमती शिवम उपाध्याय ने शिलान्यास किया। कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि दीपक तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। क्षेत्रीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए सभासद का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरूआत पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद शिलान्यास कर विकास कार्यों की औपचारिक शुरूआत की गई। सभासद श्रीमती उपाध्याय ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि वृंदावन बिहार कॉलोनी में सड़क निर्माण और नाली सुधार जैसे कार्य जल्द ही पूर्ण कराए जाएंगे ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ मिल सकें। पार्षद प्रतिनिधि दीपक तिवारी ने कहा कि नगर का विकास केवल कागजों में नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर दिखाई देना चाहिए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गोहनाकला वि. ख. बीकेटी लखनऊ**

**पत्रांक /मेमो /टेंडर /ग्राम पंचायत /2025-26 दिनांक-10/11/2025**

**अति अल्पकालीन निविदा**

ग्राम पंचायत गोहनाकला मनरेगा योजना के अंतर्गत राम उजागर यादव के घर से मलाक पुलिया तक नाली निर्माण कार्य कराया जाना है जिसके लिए जीएसटी में पंजीकृत फॉर्म आपूर्तिकर्ता से सामग्री आपूर्ति बालू, मौरंग,सीमेंट,सरिया, ईट गिट्टी(40mm), पत्थर गिट्टी(20mm) व ईट प्रथम श्रेणी हेतु सील बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती हैं निविदा प्रपत्र दिनांक 11/11/25 से 17/11/25 तक निशुल्क कार्यालय से प्राप्त किया जा सकते हैं दिनांक 18/11/25 को निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में दोपहर 2:00 बजे तक जमा की जाएगी और उसी दिन दोपहर 3:00 बजे आपूर्तिकताओं की उपस्थिति में निविदा खोली जाएगी।

नियम व शर्तें
(1):-सामग्री दरें 31 मार्च 2026 तक मान्य होगी
(2):-किसी भी निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**सचिव**
**ग्राम पंचायत गोहनाकला**
**बीकेटी लखनऊ**

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत गोहना कला**
**बीकेटी लखनऊ**

## शादी का झांसा देकर पार कर दिए दो करोड़ के नकदी व जेवर

लखनऊ। रॉयल एन्क्लेव अपार्टमेंट निवासी अमित कुमार को युवती ने शादी का झांसा दिया। फिर उनकी मां के खाते से एक करोड़ रुपये और इतनी ही कीमत के जेवर लेकर चली गई। अमित की मां मधु जैन ने आरोपी युवती के खिलाफ बीबीडी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। मधु के मुताबिक उनका बेटा अमित कुमार मानसिक रूप से कमजोर है। एक जनवरी को उनके बेटे की मुलाकात झांसी के अंतिया तालाब निवासी मधु खरे से हुई थी। आरोप है कि मधु खरे ने पहले बेटे का भरोसा जीता, फिर घर आना-जाना शुरू कर दिया। उसने बेटे से शादी करने की बात कही। झांसे में लेकर उसने बेटे से उनके बैंक खाते की जानकारी ले ली। उनका मोबाइल हासिल कर खाते में दर्ज फोन नंबर बदल दिया। फिर नेट बैंकिंग के जरिये धीरे-धीरे एक करोड़ रुपये निकाल लिए। इतना ही नहीं, आरोपी ने बेटे की मदद से बैंक के लॉकर में रखे उनके एक करोड़ रुपये के जेवर भी पार कर दिए।

## शिक्षिका की सड़क हादसे में मौत, परिजनों में कोहराम




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में पारा थाना क्षेत्र स्थित मौदा मोड़ पर रविवार सुबह घर से विद्यालय जा रही शिक्षिका की सड़क हादसे में मौत हो गयी।पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह करीब 6:15 बजे मौदा निवासी जूली घर से विद्यालय जाने के लिए निकली थीं।रास्ते में मौदा मोड़ के पास उन्हें याद आया कि उनका मोबाइल फोन घर पर ही छूट गया है। इसके बाद वह मोटरसाइकिल मोड़कर वापस घर जाने लगीं, तभी पीछे से आ रहे गैस सिलेंडर लदे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में जूली गंभीर रूप से घायल हो गईं। इसके बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से परिजनों ने एंबुलेंस बुलाकर घायल जूली को के.जी.एम.यू. ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान की जा सके।प्रभारी निरीक्षक ने कहा, घटना की जांच की जा रही है। वाहन का पता लगते ही उसके चालक के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। उधर मृतका के परिजनों और ग्रामीणों में हादसे के बाद गहरा शोक है। जूली यादव अपने परिवार की इकलौती संतान थीं और खेलकूद में विशेष रुचि रखती थीं।

# शो की कहानी गांव की मिट्टी से जुड़ी है : अमनदीप सिद्धू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस अमनदीप सिद्धू ने अब तक कई अलग-अलग किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीता है। नए शो गंगा माई की बेटियां में नजर आ रही हैं। इस शो में वे स्नेहा का किरदार निभा रही है। यह कहानी गांव की मिट्टी से जुड़ी है, जिसमें परिवार, रिश्ते और त्याग की खूबसूरत दास्तां दिखाई गई है।

**शो का प्रोमो आते ही रिकॉर्ड व्यूज मिले और दर्शकों का खूब प्यार मिला, उस पल को आपने कैसे महसूस किया ?**

सच कहूँ तो मैं बहुत इमोशनल हो गई थी। मुझे थोड़ी घबराहट थी कि क्या मैं एक यूपी की लड़की का रोल निभा पाऊँगी या नहीं, क्योंकि अब तक मैंने ज्यादातर पंजाबी बैकग्राउंड वाले रोल किए हैं, लेकिन जैसे ही प्रोमो पर इतना प्यार मिला, तो लगा कि हम सही दिशा में हैं और हमारी मेहनत रंग ला रही है।

**शो में आपकी और शीजान खान की केमिस्ट्री दर्शकों को काफी पसंद आ रही है. इस पर आप क्या कहेंगी ?**

हमारी केमिस्ट्री नैचुरल है क्योंकि हम अच्छे दोस्त हैं। शूटिंग के दौरान कभी-कभी ऐसे मोमेंट्स आते हैं जो स्क्रिप्ट में नहीं होते, न ही डायरेक्टर गाइड करते हैं, लेकिन सीन अपने आप बहाव में निकल जाता है। यह तभी होता है जब आपका को-एक्टर अच्छा परफॉर्मर हो। मैंने जब भी शीजान के साथ सीन किया, लगा कि सब कुछ बड़ी सहजता से हो रहा है।

**आपने कहा कि आपने अपने किरदार स्नेहा में थोड़ा अमनदीप सिद्धू भी डाला है, इसका क्या मतलब है ?**

देखिए, जब कोई किरदार सिर्फ कागज पर होता है, तो वह एक कहानी होती है, लेकिन जब हम उसमें अपनी आत्मा और दिल डालते हैं, तभी वह जीवंत बनता है। मैंने भी स्नेहा में अपनी पर्सनैलिटी के कुछ हिस्से डाले हैं। शायद इसी वजह से दर्शक उससे जुड़ पा रहे हैं।

**स्नेहा का किरदार किस तरह की लड़की है ?**

स्नेहा गंगा माई की बेटियों में से एक है. उसका बचपन संघर्षों से भरा रहा है। उसने अपनी माँ को रोते देखा है, पिता का साथ नहीं मिला और बहनों को अकेले बढ़ते देखा है। इन हादसों की वजह से उसके भीतर गुस्सा है. वह किसी भी लड़की के साथ बुरा होते नहीं देख सकती। वह बहुत प्रोटेक्टिव है और जीवन में सही चीजें करना चाहती है।

**सेट पर आपका अनुभव कैसा रहा ?**

बहुत मजा आता है। हमारी टीम एकदम परिवार जैसी है। श्रीष्टि जैन, शीजान और शुभांगी जी समेत पूरी टीम के साथ मैंने गहरी दोस्ती बना ली है। खासकर शुभांगी जी बहुत प्यारी है। सब इतने दोस्ताना हैं कि हमें लगता है जैसे पिकनिक पर आए हैं। अगर टीम अच्छी हो, तो शूटिंग का हर पल आसान और यादगार बन जाता है।

## स्नेह मिलन कार्यक्रम में बच्चों ने लिया हिस्सा



**लखनऊ।** प्रत्येक वर्ष की भांति चिल्ड्रेन पार्क परिवार सेक्टर ओ मानसरोवर लखनऊ द्वारा मानसरोवर योजना के चिल्ड्रन पार्क में स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के स्पोर्ट्स गेम्स तथा रंगारंग कार्यक्रम कराए गए। उक्त कार्यक्रम में परिवार के प्रत्येक सदस्यों महिलाओं पुरुषों एवं बच्चों द्वारा पूरे उत्साह, उमंग एवं ऊर्जा के साथ प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए तथा कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उक्त कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी को उपहार एवं पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में आर. के. यादव के संग अन्य गणमान्य भी सम्मिलित रहे।

# उत्तराखंड महोत्सव का रंगारंग आगाज, कई विभूतियों को मिला सम्मान







- मुख्य अतिथि जयवीर सिंह ने किया 10 दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पंडित गोविंद बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन, बीरबल साहनी मार्ग में शुरू हो रहे 10 दिवसीय उत्तराखंड महोत्सव में आज उत्तराखंडी परिधानों एवं आभूषणों से सजी संवरी महिलाओं के झोड़े के 30 दलों ने, अपनी परंपरागत वेशभूषा में ढाल, तलवार, मशकबीन, तुरही, रणसिंह आदि लिए उधांचल कला केन्द्र अल्मोड़ा के छोलिया दल, अन्य और कुमाऊं रेजीमेंट के बैंड ने गोमा तट पर सुरमई शुरूआत से शाम-ए-अवध में चार चांद लगा दिए। उत्तराखंड महोत्सव का उद्घाटन आज मुख्य अतिथि जयवीर सिंह, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री उप्र, विशिष्ट अतिथि सुषमा खर्कवाल, महापौर, ओपी श्रीवास्तव, विधायक लखनऊ पूर्व, अवनीश अवस्थी, सलाहकार, मुख्यमंत्री उप्र एवं समारोह मेजर रोहित जोशी द्वारा संयुक्त तत्वाधान में विधि पूर्वक दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड महापरिषद के संयोजक दीवान सिंह अधिकारी, अध्यक्ष हरीश चन्द्र पंत, महासचिव भरत सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगल सिंह रावत, महेश चंद्र सिंह रौतेला आदि ने माल्यार्पण, पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया तथा दर्शकों ने तालियों बजाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में अपार जन समूह का अभिवादन स्वीकार करते हुए कहा कि महापरिषद द्वारा आयोजित 10 दिवसीय महोत्सव हेतु बधाई दी तथा इस कार्यक्रम के माध्यम से अनेक प्रांतो की संस्कृति से दर्शकों को रूबरू कराने हेतु महापरिषद की सराहना की।

**उत्तराखण्ड गौरव सम्मान :** उत्तराखण्ड गौरव सम्मान मुख्य अतिथि द्वारा डॉ. मंजूबाला (राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित, चम्पावत की प्रधानाचार्या डा. मंजूबाला को शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा यह सम्मान, त्रिभाषा तकनीक से शिक्षा को सरल बनाने के लिए दिया गया। डा. मंजूबाला उत्तराखण्ड की एक मात्र राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित महिला शिक्षिका) को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ योगदान, संवेदनशील, दृष्टिकोण और निष्ठापूर्ण कार्य के माध्यम से विधार्थियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन हेतु उत्तराखण्ड गौरव से नवाजा गया। सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत वंदना से हुई, धीरे-धीरे गोमती तट की शाम अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गुलजार हुई। 250 महिलाओं ने गोला कार में एक साथ झोड़े की सुंदर प्रस्तुति से इंद्रधनुषी छटा बिखेर दी। महापरिषद के पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं की टीम कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए तत्परता से लगे हैं। मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सिंह कनवाल ने बताया कि महोत्सव में स्वदेशी उत्पादों की बहुलता है। संपूर्ण भारतीय समाज की विशेषताओं, खान-पान, वेश-भूषा, स्वदेशी को प्रोत्साहित करने का कार्य महापरिषद महोत्सव के माध्यम से कर रही है।

**विभिन्न स्टॉल बने आकर्षण का केन्द्र:** स्टॉल के हस्त निर्मित बुनकारी के अद्भुत उत्पाद हिमाचल और लद्दाख के खरगोश के बिना कटे, कंघे द्वारा प्राप्त बालों से शौल, स्वेटर-बेहद गर्म वह प्राकृतिक, उड़ीसा के आदिवासी समुदाय से प्रीति दास के स्टॉल पर प्राकृतिक रेशम की काजीवरम्साड़ी, प्योरउलन स्वेटर, शॉल, गर्म कपड़े, कश्मीरी शॉल सूट, सदरी आदि तथा स्पेशल धूप-अगरबत्ती, पूजा सामग्री का स्टॉल भी है। उत्तराखंड के जैविक खाद्य पदार्थ जैसे मुनस्यारी की राजमा, भट्ट की दाल, गहत की दाल, चंपावत के लहसुन, बुरांश के फूल का रस, मूली, गेठी और गडेरी, अल्मोड़ा की सुप्रसिद्ध बाल मिठाई सिंगोड़ी और चॉकलेट उत्तराखंड की ज्वेलरी जैसे नथ, पॉजिये, गलोबन्द, मांग टीका, ब्रह्म कमल टोपी, पिछौडे, ऐपण व स्टोल आदि कुमाऊं ज्वेलर्स के स्टॉल पर तथा रुड़की से ऊनी कंबल, भदोही के कारपेट, डोरमैट, स्लीपिंग बेड, चीनी मिट्टी के बर्तन पौटरी एवं खान पान के स्टाल आदि के स्टॉल भी हैं।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम:** आज के कार्यक्रम में सुभाष देवराड़ी के नेतृत्व में थराली चमोली से आये कलाकारो ने पाडव पारंपरिक लोक नृत्य, जो महाभारत के प्रसंगों को दशार्ता है। इस नृत्य में ढोल-दमाऊं जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप पर कलाकार पांडवों और पौराणिक पात्रों की वेशभूषा में महाभारत की घटनाओं का मंचन करते हैं। यह मनोरंजन के साथ-साथ लोक आस्था, धार्मिक भावना और संस्कृति का प्रतीक है, और इसे अच्छी फसल और गांव की खुशहाली के लिए मनाया जाता है। थराली चमोली से आये कलाकारों द्वारा अन्य लोक नृत्यों की प्रस्तुतियाँ देकर तालियाँ बटोरी। नाचेगा भारत के तीन दल प्रेम सिंह बिष्ट के नेतृत्व मेंदेवभूमि वृन्दावन जन सरोकार समिति, पीजीआई वृन्दावन रेनू काण्डपाल के नेतृत्व में कुर्मांचल नगर एवं रीना श्रीवास्तव के नेतृत्व में नृत्य डांस अकादमी ने अपने नृत्यों से दर्शको का मनोरंजन किया। डांस उत्तराखण्ड डांस, सीजन-4 के 3 दलों की प्रस्तुति माया बिष्ट के निर्देशन में बृह्म कमल सांस्कृतिक एवं सामाजिक समिति, हेमा बिष्ट के निर्देशन में आर्ट एण्ड कल्चरल ग्रुप, शिवानी विहार, रीमा वाणगी के निर्देशन में देवभूमि जनसरोकार समिति गोमतीनगर ने अपने नृत्यों से दर्शकों का मनोरंजन किया। छोलिया नृत्य-संस्कृति विभाग, देहरादून उत्तराखण्ड के सहयोग से उधांचल कला केन्द्र, अल्मोडा संस्कार से सनातन श्री प्रमोद चन्द्र तिवारी के नेतृत्व मे सच्चे प्रेम की सच्ची अभिव्यक्ति मातृ पूजन , घर मोरे परदेषिया $घूमर-श्रेयासी पाण्डेय का नृत्य एवं सूफी कथक सुमित सिंह द्वारा पहाड़ी मिक्स नृत्य -दिव्याशी एवं रूद्राक्षी भट्ट फैट टू फिट (वूमेन फिटनेस एण्ड डांस अकादमी) की तृप्ति गुप्ता के नेतृत्व में-भोला शम्भो, राधा कैसे ना जले, अई गिरिनन्दिनी, पहाड़ी नृत्य- राधा साहू।

**आज के कार्यक्रम:** उत्तराखण्ड जन कल्याण समिति, विकास नगर- श्रीमती देवकी बोरा के नेतृत्व में सामान्य झोड़ा। संस्कृति विभाग, देहरादून उत्तराखण्ड के सहयोग से हंसा नृत्य नाटय कला विकास सोसायटी, देहरादून, गढ़वाल के दल द्वारा श्रीमती इन्दू भट्ट ममगई के नेतृत्व में गढ़वाल का प्रसिद्ध घसियारी व छपेली नृत्य की प्रस्तुति। झोड़ा प्रतियोगिता के 5 दलों की प्रस्तुति-नया सवेरा फाउण्डेशन नील मत्था नेतृत्व श्रीमती पिंकी नौटियाल, उत्तराखण्ड जन कल्याण समिति, विकास नगर- नेतृत्व श्रीमती हेमा तिवारी देवभूमि वृन्दावन जनसरोकार समिति, पीजीआई वृन्दावन क्षेत्र- नेतृत्व प्रेम सिंह बिष्ट बृह्म कमल सांस्कृतिक एवं सामाजिक समिति इन्दिरानगर विस्तार- नेतृत्व माया बिष्ट। सुगामऊ नेतृत्व सविता बिष्ट संस्कृति विभाग, देहरादून उत्तराखण्ड सरकार के सहयोग से आए दलों की प्रस्तुति।

# राघवेन्द्र कमल तथा संगीता सेंगर की पुस्तकों का हुआ लोकार्पण



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साहित्यिक संस्था सर्वजन हिताय साहित्यिक समिति द्वारा आज प्रेस क्लब में वरिष्ठ लेखक राघवेन्द्र सेंगर कमल के कहानी-संग्रह अंजुरी अनुभव की तथा उनकी धर्मपत्नी संगीता सेंगर की कृति पति के पत्र पत्नी के नाम का लोकार्पण सम्पन्न हुआ।

समारोह के अध्यक्ष थे आचार्य सूर्यप्रसाद दीक्षित और मुख्य समागत थे वरिष्ठ साहित्यकार व समीक्षक डॉ.उमाशंकर शुक्ल 'शितिकण्ठ। चेतना स्रोत के सम्पादक व समीक्षक डॉ. गोपाल कृष्ण शर्मा मृदुल विशिष्ट समागत रहे। मंचासीन अभ्यागतों द्वारा दीप-प्रज्वलन एवं वरिष्ठ कवयित्री शोभा दीक्षित भावना के वाणी स्तवन तथा संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डेय के स्वागत-वक्तव्य के साथ समारोह प्रारम्भ हुआ। लोकार्पण के पश्चात लेखकद्वय ने अपनी रचनाधर्मिता पर अपने विचार रखे। विशिष्ट समागत डॉ. मृदुल ने कहा कि जीवन के विविध प्रसंगों का अनुभवजन्य साधारणीकरण ही वास्तविक साहित्य है। मुख्य समागत डॉ. शितिकण्ठ जी ने कहा कि साहित्य मानव चेतना को उन्नत करने का सर्वाधिक उपयुक्त माध्यम है। अध्यक्षता कर रहे प्रो. दीक्षित ने कहा कि साहित्य को जीवित और जीवन्त रखने के लिए भाषा पर काम करने की आवश्यकता है। समारोह में नगर के अनेक वरिष्ठ व युवा कवि-लेखकों के साथ राजेन्द्र शुक्ल राज (संयोजक), के के सिंह ( पूर्व महामंत्री एसबीआई), आर.के.नाग (नाट्य निर्देशक), प्रो. धर्मेंद्र सेंगर, रवीन्द्र, कौशलेंद्र, सिद्धार्थ, वास्को तिवारी (मीडिया सह-प्रभारी) आदि साहित्यप्रेमी उपस्थित थे। अंत में अनन्त प्रकाश तिवारी (सचिव) ने सभी साहित्यसेवियों का आभार व्यक्त किया।

## यूपी दर्शन पार्क में बच्चों ने मचाया धमाल



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी दर्शन पार्क में संडे को दर्शकों की खूब मस्ती देखने को मिली जहां स्कूली बच्चे स्कूल की तरफ से घूमने निकले तो यूपी दर्शन उत्सव जो प्रगति इवेंट और जिंग पार्क की तरफ से आयोजित है बच्चों ने यूपी दर्शन उत्सव लखनऊ में खूब खरीदारी और मौज मस्ती की बच्चों के साथ-साथ सभी आयु वर्ग के दर्शकों ने खूब मस्ती और धमाल किया। यूपी दर्शन उत्सव में कश्मीर के दुकानदारों द्वारा बहुत ही अच्छी किस्म के ठंड के कंबल, रजाई, जैकेट ,शॉल ,चादर के साथ-साथ ड्राई फ्रूट की भी दुकानें सजाई है, फूड जोन में अलग मस्ती है उत्सव में सभी कुछ आवश्यक सामान बहुत ही किफायती दर पर उपलब्ध है।

यूपी दर्शन उत्सव में सांस्कृतिक मंच से प्रतिदिन एक से बढ़कर एक मनोरंजन, नृत्य ,गायन के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। सांस्कृतिक मंच पर आज हर्षित चतुवेर्दी ने जबरदस्त परफॉर्मेंस दी और सबको अपने गानों पर नाचे पर मजबूर किया, साजिद अब्बासी विजय कुमार फैसल अब्बासी सलीम अब्बासी और सलीम खान ने गीतों का अद्भुत जलवा भी बिखेरा। सांस्कृतिक कलाकारों को संस्था के उपाध्यक्ष एन बी सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर कर सम्मानित किया।

# स्वतंत्रता व बंधुत्व की सीख दे गया नाटक

- यूथ ने संविधान के मूल्यों पर आधारित नाटकों से बटोरी खूब तालियां



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मदर सेवा संस्थान द्वारा बाल किलकारी सीजन- 5 का आयोजन आशा मंच, बक्शी का तालाब, लखनऊ में किया गया। यूपी यूथ प्रोजेक्ट और संस्कृति निदेशालय के सहयोग से बाल नाट्य एवं गीतों की प्रस्तुति की गयी। जिसका नाट्य दिग्दर्शन, परिकल्पना एवं प्रस्तुति नियंत्रक महेश चंद्र देवा थे।

पहला नाटक आजादी की पहचान जिसका लेखन एवं निर्देशन मोहम्मद अमन और नाटक रिश्तों की डोर का लेखन एवं निर्देशन, श्रीकांत गौतम द्वारा किया गया। आजादी की पहचान नाटक संविधान के मूल अधिकार स्वतंत्रता पर आधारित है जिसमे दिखाया गया है कि कैसे हर नागरिक, चाहे वह किसी भी वर्ग, धर्म, जाति या विचार का हो, समान अधिकारों का हकदार है। मंच पर अलग-अलग पात्रों के माध्यम से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, न्याय पाने का अधिकार और जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता जैसे अधिकारों को सरल, जीवंत और प्रभावशाली दृश्यों में दिखाया गया है। कहानी आगे बढ़ते हुए यह संदेश देती है कि अधिकार केवल किताबों में लिखी बातें नहीं, बल्कि हमारे दैनिक जीवन को दिशा देने वाली शक्तियाँ हैं। नाटक में यह भी बताया गया है कि जब अधिकारों का दुरुपयोग होता है या जब किसी की स्वतंत्रता छीनी जाती है, तो समाज कैसा असंतुलित हो जाता है। अंत में सभी पात्र एक स्वर में यह प्रतिज्ञा लेते हैं कि वे न केवल अपने अधिकारों का पालन करेंगे, बल्कि दूसरों के अधिकार और स्वतंत्रता की रक्षा भी करेंगे। यह प्रस्तुति दर्शकों को जागरूक, संवेदनशील और अपने संविधान के प्रति जिम्मेदार बनने का सरल, सुंदर और प्रभावशाली संदेश देती है। वहीं दूसरे नाटक नाटक रिश्तों की डोर समाज में बंधुत्व, एकता और आपसी सहयोग के महत्व पर आधारित है। कहानी एक गाँव के लोगों की है जो धीरे-धीरे स्वार्थ और भेदभाव के कारण एक-दूसरे से दूर हो गए हैं। मुख्य पात्र अमित इस बिखरे समाज को देखकर निराश रहता है उसे लगता है कि अब कोई किसी की मदद नहीं करता। इसी बीच उसका मित्र रवि, समाजसेवी रीना, और समझदार बुजुर्ग मोहन उसे सिखाते हैं कि अब भी सब कुछ बदला जा सकता है, अगर हम दिल से एक-दूसरे के साथ खड़े हों। वे सब मिलकर गाँव में बंधुत्व और सहयोग का अभियान शुरू करते हैं। धीरे-धीरे गाँव के लोग अपने भेदभाव भूलकर एक साथ काम करने लगते हैं – बच्चे, स्त्रियाँ, और बुजुर्ग सब एकजुट हो जाते हैं। गाँव में सामूहिक शिक्षा, सेवा और मेल-मिलाप की भावना बढ़ने लगती है। अंत में सब मिलकर एक गीत गाते हैं चलो मिलकर कदम बढ़ाएँ, जो एकता, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक बन जाता है।

# साठ के दशक की चर्चित महिला शाहबानों की कहानी है 'हक'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




- ऐक्टर : इमरान हाशमी, यामी गौतम धर, शीबा चड्ढा, वर्तिका सिंह
- डायरेक्टर : सुपर्ण वर्मा

**रेटिंग-3/5**

**लखनऊ।** करीब चार दशक पहले बहुचर्चित शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम महिलाओं के 'हक' में बड़ा फैसला सुनाया था। इसमें तलाक के बाद गुजारा भत्ता दिए जाने के स्पष्ट आदेश दिए गए, जिसने देश में काफी कुछ बदल दिया।

शाहबानो मामले से प्रेरित इस हफ्ते रिलीज हुई फिल्म 'हक' मुस्लिम महिलाओं को देश के संविधान के तहत मिले उनके इसी अधकिार की कहानी को तफसील से बयां करती है। फिल्म की कहानी साठ के दशक में उत्तर प्रदेश के एक कस्बे में शुरू होती है। मशहूर वकील अहमद खान (इमरान हाशमी), शाजिया बानो (यामी गौतम धर) को पसंद करता है और उससे निकाह कर लेता है। दोनों की शादीशुदा जिंदगी खुशहाली से बीत रही थी। इस दौरान उनके तीन बच्चे हुए। फिर एक दिन अहमद को अपनी पहली प्रेमिका सायरा (वर्तिका सिंह) के पति के गुजरने की खबर मिलती है। वह शाजिया को इस बारे में कोई जानकारी दिए बिना सायरा से निकाह करके उसे घर ले आता है।

शौहर की नई बेगम के आने के बाद शाजिया के लिए घर में रहना मुश्किल हो जाता है। वह अपने बच्चों के साथ मायके चली जाती है। कुछ अरसे तक गुजारे के लिए रुपये देने के बाद अहमद उसे खर्च भी देना बंद कर देता है। शाजिया अपने हक की मांग करती है, तो वह उसे तीन तलाक देकर उससे नाता तोड़ लेता है। धार्मिक अदालतों में मामले का निपटारा नहीं हो पाने पर निराश शाजिया अपने पिता के मदद से जिला अदालत में गुजारे भत्ते का केस दाखिल करती है। लंबी सुनवाई के बाद अदालत शाजिया के हक में फैसला सुनाती है। हाई कोर्ट होते हुए यह बहुचर्चित शाजिया मामला देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट पहुंचता है। लंबी बहस और तर्क-वितर्क के बाद सुप्रीम कोर्ट शाजिया के 'हक' में फैसला सुनाता है, जो न सिर्फ उसकी, बल्कि उसके जैसी तमाम दूसरी मुस्लिम महिलाओं की जिंदगी बदल देता है। डायरेक्टर सुपर्ण वर्मा ने एक दर्दभरी कहानी को बेहद संजीदगी के साथ पर्दे पर उतारा है।

फिल्म की कहानी रेशू नाथ ने लिखी है। फिल्म की शुरूआत खुशनुमा प्रेम कहानी जैसी होती है, जो दर्शकों को अपने साथ बांध लेती है। इंटरवल से पहले कहानी में ट्विस्ट आता है और सेकंड हाफ में कोर्ट रूम में जबरदस्त बहसों का सिलसिला चलता है। कोर्ट में कानूनी जिरह के बीच शाजिया को समाज की ओर से भी तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एक ऐसी कहानी जिसका अंत दर्शकों को पहले से ही पता है। उसमें भी सुपर्ण वर्मा आखिर तक दर्शकों की उत्सुकता बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। फिल्म का संगीत ठीकठाक है, वहीं सिनेमटोग्रफी और कैमरा वर्क खूबसूरत बन पड़ा है। डायरेक्टर ने इस पीरियड ड्रामा फिल्म में उस दौर से जुड़ी चीजों को अच्छा इस्तेमाल किया है। फिल्म के डायलॉग और बैकग्राउंड स्कोर भी प्रभावित करते हैं। इमरान हाशमी ने अरसे बाद पर्दे पर अच्छा काम किया है। खासकर कोर्टरूम वाले सीन्स में वह जंचते हैं। जबकि यामी गौतम धर ने पर्दे पर शाजिया के किरदार को जिया है। एक पीड़ित महिला के किरदार को उन्होंने दर्दभरे अंदाज में पर्दे पर उतारा है। अगर आप इमरान हाशमी और यामी गौतम धर के फैन हैं, आपको कोर्टरूम ड्रामा वाली फिल्में पसंद हैं, तो फिल्म 'हक' का टिकट कटा सकते हैं।

# छात्रों ने महाकाव्य रामायण को जीवंत किया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विरासत, कला और शिक्षा के अद्भुत संगम के रूप में वरदान इंटरनेशनल अकादमी ने अपने वार्षिक समारोह 2025 कैलाइडोस्कोपः रामायण रिटोल्ड के माध्यम से अमर महाकाव्य रामायण को जीवंत कर दिया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस भव्य संध्या ने संगीत, नृत्य और नाट्य के उत्कृष्ट समन्वय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्टेट चेयरमैन एमएसएई ग्रोथ गौरव प्रकाश थे।

कार्यक्रम की प्रत्येक प्रस्तुति ने रामायण की शाश्वत कथा को नए रंगों और दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया। द लेजेंड बिगिन्स, सेरेनिटी इन मोशन (योगा), द डिवाइन माइंड ऑफ सीता एंड राम तथा बैक टू द सेक्रेड रूट्स जैसी मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। समापन प्रस्तुति तूफान में संपूर्ण छात्र समुदाय ने मंच पर एकजुट होकर ताल, रंग और ऊर्जा का अप्रतिम संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कक्षा 12 की श्रिया वर्मा और कक्षा 10 के ऋषित झा को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्या ऋचा खन्ना ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, नवाचारों और सर्वांगीण विकास से संबंधित मील के पत्थरों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर 10 वर्ष की उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार से मीनू भट्ट, स्वप्ना दीक्षित, ऋचा श्रीवास्तव और मोहम्मद महमूद को सम्मानित किया गया। श्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार रेशम यादव, अर्चना तिवारी एवं मिलन शुक्ला को मिला। होप हाउस को ह्यहाउस ऑफ द ईयरह्व अवॉर्ड भी दिया गया।

## भगवान को जाति-पात में बांटना निंदनीय : संत रजनीशाचार्य

लखनऊ। भगवान को जात-पात में बांटना बहुत ही निंदनीय है। सनातन धर्म का मूल संदेश प्रेम, एकता और समानता है, न कि अलगाव और भेदभाव। चिनहट के छोहरिया माता मंदिर में चल रही भागवत कथा के विराम दिवस पर रविवार को यह बात अयोध्या धाम के कथा व्यास संत रजनीशाचार्य जी महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि ऊंच-नीच, छुआछूत, छोटा-बड़ा जैसी कुरीतियों से हमें दूर रहना है। कथा सुनने और कथा कहने का सबको अधिकार है। मंदिर महंत लल्ला बाबा ने बताया कि सोमवार सुबह यज्ञ की पूणार्हुती होगी और इसके बाद मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## भगवान बुद्ध की अनेक मुद्राओं वाली पेंटिंग ने लुभाया

लखनऊ। वृंदावन योजना सेक्टर 18 में आर्ट कैंपस के उद्घाटन में सुमिता सिद्धार्थ की बनाई भगवान बुद्ध की अनेक मुद्राओं की वॉश, एक्रिलिक, ऑयल व वॉटर कलर से तैयार पेंटिंग को खूब सराहना मिली। यहां दीपिका धीर, प्रांजल सिद्धार्थ, रिदम, अनुभव, रेबिका उस्मान और आयांश ने भी पेंटिंग लगाई। रमेश पांडे, डॉ. प्रतिभा मिश्रा, कमलेश पाठक और मोहम्मद सहजाद की संगीत प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। राग भैरवी में भज मन रामचरन सुखदाई भजन ने भक्तिमय माहौल बनाया।

# प्रदेश में मौसम शुष्क, 15 के बाद तापमान गिरेगा, बढ़ेगी ठिठुरन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश में मौसम में फिलहाल कोई नया बदलाव नहीं है। बीते दिनों चक्रवात की वजह मौसम में हुए बदलाव अब धीरे-धीरे सामान्य होने लगे हैं। रविवार को पूरे प्रदेश में तेज और साफ धूप खिली।

मौसम विभाग की माने तो अब कुछदिनों तक पूरे प्रदेश में ऐसा ही मौसम रह सकता है। रविवार को पूर्वी और पश्चिमी यूपी में मौसम शुष्क रहा। सुबह और देर रात के समय हल्का कोहरा छाया रह सकता है। फिलहाल 15 नवंबर तक मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। इस दौरान कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा और ना ही कहीं बारिश होने की कोई संभावना जताई गई है।

हालांकि 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की जा सकती है। रविवार को प्रदेश का न्यूनतम तापमान 12-18 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 26 से 28 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया है। राजधानी लखनऊ का तापमान न्यूनतम 14-16 डिसे और अधिकतम 28 डिग्री रहा। शनिवार को सबसे ठंडा जिला बाराबंकी रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दिन में गुनगुनी धूप से राहत दी तो शाम होते होते सिहरन बढ़ने लगी और रात में ठंड बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार, अभी एक सप्ताह तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। किसी खास परिवर्तन के आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

एक सप्ताह तक सुबह हल्की धुंध या कोहरा रहेगा तो वहीं दिन में धूप और रातें ठंडी रहेंगी। नवंबर के पहले सप्ताह से ही ठंड ने दस्तक दे दी है। प्रदेश के ज्यादातर जिलों में सुबह हल्की धुंध और कोहरा दिखने लगा है। लखनऊ मौसम केन्द्र के मुताबिक, पंजाब के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है, जिसके प्रभाव से पहाड़ों में बर्फबारी हो रही है और पछुआ हवाओं से उत्तर प्रदेश ठिठुरन बढ़ने लगी है। इसके असर से 15 नवंबर तक मौसम शुष्क रहेगा। तराई और पूर्वांचल क्षेत्रों में अगले कुछ दिनों तक सुबह हल्का कोहरा और धुंध के आसार बने रहेंगे। साथ ही पछुवा हवाएं भी शाम से रात तक सिहरन बढ़ाएंगी। इन दिनों बारिश, बादल, शीतलहर व कोहरे को लेकर भी कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। नोएडा, मुजफ्फरनगर, मेरठ, शामली, सहारनपुर, बरेली, रामपुर, कानपुर, आगरा, मथुरा, झांसी, ललितपुर, मैनपुरी, मुरादाबाद, अलीगढ़, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या, मिर्जापुर, सोनभद्र, प्रयागराज, प्रतापगढ़, आजमगढ़, गाजीपुर, बस्ती, रायबरेली, अमेठी सहित यूपी के अन्य जिलों में आज रविवार को दिन और रात के समय ठंड का अहसास होगा।

# 'लीगल ड्रॉफ्टिंग और एडवोकेसी स्किल' विषय पर कार्यशाला का आयोजन



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज (एसएलएस) के विधि विभाग द्वारा 'लीगल ड्रॉफ्टिंग और एडवोकेसी स्किल' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर पूर्व न्यायाधीश श्री मोहम्मद हसन जैदी, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ खंड पीठ के अधिवक्ता श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं विधि विभाग की विभागाध्यक्ष और कार्यक्रम संयोजक प्रो. सुदर्शन वर्मा उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ वक्ताओं ने विधि विद्यार्थियों को एडवोकेसी स्किल, सिविल ड्राफ्टिंग, और विधिक लेखन व साइबर क्राइम से बचाव की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने न्यायालयीन व्यवहार, तर्क-वितर्क की तकनीक, और प्रभावी प्रस्तुति के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम संयोजक प्रो. सुदर्शन वर्मा ने विद्यार्थियों को इस प्रकार की अकादमिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को मजबूत करते हैं तथा उन्हें भविष्य के लिए बेहतर तैयार करते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने वक्ताओं से संवाद कर अपने अनुभवों को साझा किया। अंत में आयोजन समिति की ओर से अतिथियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। समस्त कार्यक्रम के दौरान डॉ. अनीस अहमद, डॉ. मुजीबुर्रहमान, अन्य शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने राम विहार कॉलोनी की सड़क का शिलान्यास किया



**लखनऊ।** महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने भारत सरकार रक्षामंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह की प्रेरणा से आलमनगर वार्ड में राम विहार कॉलोनी की सड़क लंबाई लगभग 300 मीटर का शिलान्यास किया गया। लखनऊ महानगर अध्यक्ष ने कहा कि यह मार्ग सिर्फ ईंट-पत्थरों का नहीं, बल्कि विकास, सुविधा और जनविश्वास का प्रतीक है। रक्षामंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह की दूरदृष्टि और भाजपा सरकार की विकासनिष्ठ नीतियाँ हर वार्ड, हर गली में सबका साथ, सबका विकास का संकल्प साकार कर रही हैं। इस अवसर पर पार्षद रेखा सिंह, पूर्व पार्षद नागेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष सोमेंद्र, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा, एवम अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्रों ने मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन विषय के सत्र में हुए शामिल



**लखनऊ।** इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, लखनऊ में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, एकाग्रता एवं संतुलन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से योग निद्रा एवं त्राटक द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन विषय पर दो सत्र आयोजित किए गए। ये सत्र प्रयाग आरोग्यम केंद्र, लखनऊ के संस्थापक प्रशांत शुक्ल द्वारा संचालित किए गए। पहला सत्र शुक्रवार को सरोजिनी हॉस्टल में छात्राओं के लिए तथा दूसरा सत्र शनिवार को रामानुजन हॉस्टल में छात्रों के लिए आयोजित किया गया। दोनों सत्रों में कुल लगभग 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने बताया कि इन योगिक अभ्यासों से उन्हें मानसिक शांति, एकाग्रता तथा विश्रांति का अनुभव हुआ। उन्होंने यह भी साझा किया कि परीक्षाओं के निकट होने के कारण यह अभ्यास उनके लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध हुआ और इससे तनाव कम करने तथा मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायता मिली। समग्र रूप से, इन सत्रों ने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य सुधार हेतु योगिक विधियों से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मंदिरों और मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाया गया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में मन्दिर और मस्जिद में लगाये गये लाउडस्पीकर को अभियान के तहत रविवार को हटा दिया गया है।

ज्वाइंट कमिश्नर बबलू कुमार ने बताया कि यह अभियान तीन दिन तक चलेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म या समुदाय से जुड़ी यह कार्रवाई नही है बल्कि न्यायालय के आदेशों का पालन कराया जा रहा है।

यह अभियान ठाकुरगंज, आलमबाग और महानगर में चलाया गया जहां कुछ जगहो पर विरोध प्रदर्शन भी किया गया है। लेकिन पुलिस के आगे किसी कि भी नही चली। उन्होंने कहा कि यह आपरेशन तीन दिन लगातार चलेगा। इस अभियान मे उतारे गये लाउडस्पीकर को फिर से कोई भी लगायेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जायेगा।

सरकार के तरफ से साफ निर्देश है हाईकोर्ट के नियमों का पालन किया जाना चाहिए। इसके खिलाफ कोई भी जायेगा तो उससे पुलिस प्रशासन सख्ती से निपटेगा।

# सीएमओ ने गोसाईगंज सीएचसी पर इमरजेंसी सेवाओं का लिया जायजा

## आरोग्य मेले में 5027 लोगों ने करायीं स्वास्थ्य जांचें

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** सभी नगरीय एवं ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) पर रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एन.बी.सिंह ने पीएचसी गंगागंज तथा अमेठी का भ्रमण कर आरोग्य स्वास्थ्य मेले तथा गोसाईगंज सीएचसी पर इमरजेंसी सेवाओं का जायजा लिया। इसके अलावा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डॉ.गोपीलाल ने रहीम नगर तथा खुर्रम नगर पीएचसी का भ्रमण किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि रविवार को आरोग्य मेला आयोजित करने के पीछे सरकार की मंशा लोगों को उनके घर के पास ही स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना है। बहुत से लोग हैं जो कि छह दिन काम पर जाने के कारण स्वास्थ्य जांच नहीं करा पाते हैं। रविवार को अवकाश होने के कारण वह अपनी स्वास्थ्य जांचें घर के समीप ही करा सकते हैं। जिससे उनकी भागदौड़ कम हो जाती है और। सभी स्वास्थ्य सेवाएं लोगों को निःशुल्क मिलती हैं। इन स्वास्थ्य मेलों के माध्यम से लोगों ने बड़ी संख्या में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया है। इन स्वास्थ्य मेलों में स्वास्थ्य विभाग के अलावा आईसीडीएस भी प्रतिभाग करता है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 5027 लोगों ने लाभ उठाया, जिसमें 1928 पुरुष, 2278 महिलायें और 821 बच्चे शामिल हैं। स्वास्थ्य मेलों में मिलती है यह सेवाएं जिसमें प्रसव पूर्व जांचों सहित प्रसवकालीन सेवाएं, सम्पूर्ण टीकाकरण, बच्चों की स्वास्थ्य जांचें, दवाओं तथा संदर्भन। पांच साल के बच्चों में कुपोषण की पहचान कर आवश्यक प्रबंधन, परिवार नियोजन संबंधी काउंसलिंग व सेवाएं और टीबी, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, दिमागी बुखार एवं कुष्ठरोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और संदर्भन शामिल हैं।

# मीसा गांव में मेला व दो दिवसीय कबड्डी महाकुंभ आरंभ



**लखनऊ।** गोसाईगंज क्षेत्र के गांव मीसा में रविवार से दो दिवसीय मेला व कबड्डी महाकुंभ शुरू हो गया। कार्यक्रम में पहले दिन आस - पास व अन्य जिलों से आई विभिन्न टीमों ने प्रतिभाग किया। रविवार को शुरू हुए दो दिवसीय बाबा जुगनू दास के मेला व कबड्डी महाकुंभ का उद्घाटन मोहनलालगंज विधायक अमरेश कुमार रावत द्वारा किया गया ।जिनके साथ ब्लॉक प्रमुख गोसाईगंज विनय वर्मा डिम्पल नगर पंचायत अध्यक्ष गोसाईगंज निखिल मिश्रा टोंटी अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि गौरव रावत मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष रमेश कुमार रावत अपना दल के क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल पोनू किसान यूनियन के ऋषि मिश्रा भाजपा अनुसूचित मोर्चा अवध क्षेत्र के उपाध्यक्ष बीरेंद्र रावत शम्भू नाथ पाण्डेय शुभम रावत अश्वनी वर्मा सहित सहित कई प्रधानगण व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।कबड्डी महाकुंभ में पहले दिन हरियाणा रसूलपुर टिकनिया मऊ दवंरिया सहित एक दर्जन से अधिक टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के आयोजक प्रधान संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार (जीतू) ने बताया कि सोमवार अन्य प्रदेशों की टीमें भी आ रही है ।कबड्डी का सेमी फाइनल व फाइनल मैच सोमवार को खेला जाएगा।

# राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में वाद-विवाद प्रतियोगिता



**लखनऊ।** नेचुरल टच वेलफेयर सोसाइट द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज इन्दिरा नगर लखनऊ में वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था ' सोशल मीडिया, समाज के लिए हानिकारक या लाभदायक ? ।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की अध्यक्षा स्मृति शर्मा ने मुख्य अतिथियों को पौधे दे कर स्वागत किया एंव बाद मे मोमेंटो दे कर सम्मनित किया। इस प्रतियोगिता में 16 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और विषय के पक्ष तथा विपक्ष में अपने तर्क प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों की भाषा शैली, तर्कों की सटीकता और आत्मविश्वास ने निर्णायक मंडल को काफी प्रभावित किया। कुछ छात्रों ने आंकड़ों और उदाहरणों का प्रभावी ढंग से उपयोग करके अपने विचारों को सशक्त बनाया, जिससे सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी।

मुख्य निर्णायको की भूमिका में डॉ. अलका मौर्या एवं स्कूल की प्रधानाचार्या किरन सिंह उपस्थित रहीं। निर्णायकों ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच युवाओं को आलोचनात्मक सोच विकसित करने का अवसर देते हैं। कड़े मुकाबले के बाद प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए जिसमें साक्षी जायसवाल(प्रथम स्थान), अनुजा कनौजिया (द्वितीय स्थान), साक्षी कुमारी (तृतीय स्थान ) ने प्राप्त किया। विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में संस्था के टीम मेम्बर आयुषी, शिवाक्ष, नंदनी शामिल हुए। अंत मे संस्था की अध्यक्षा ने निर्णायक मंडल और सभी लोगो को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# भाषा विश्वविद्यालय के छात्रों ने ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कानपुर का किया भ्रमण

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रशासन विभाग द्वारा विद्यार्थियों को औद्योगिक कार्यप्रणालियों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से गत 7 नवम्बर को एडवांस्ड वेपन्स एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एविल), कानपुर का एक औद्योगिक भ्रमण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

इस भ्रमण का नेतृत्व विभागाध्यक्ष प्रो. मुशीर अहमद ने किया। भ्रमण के दौरान डॉ. युसैराह अहमद, डॉ. मधुरी चौहान तथा कार्यालय कर्मी तौसीफ और रिजवान उपस्थित रहे। कुल 36 विद्यार्थियों ने इस औद्योगिक भ्रमण में भाग लिया, जिन्हें 12-12 विद्यार्थियों के तीन दलों में विभाजित किया गया था। प्रत्येक दल ने ऑर्डनेंस फैक्ट्री कानपुर, स्मॉल आर्म्स यूनिट और फील्ड गन फैक्ट्री जैसी प्रमुख इकाइयों का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को रक्षा उपकरणों की निर्माण प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली और संगठन के संचालन संबंधी विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों के सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ना था, जिससे उन्हें बड़े सार्वजनिक उपक्रमों की प्रबंधन और उत्पादन पद्धतियों की बेहतर समझ विकसित हो सके। विभागाध्यक्ष प्रो. मुशीर अहमद ने एविल प्रबंधन के सहयोग और आतिथ्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास और उद्योग-जगत की समझ के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। भ्रमण का समापन एविल टीम के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# संविधान पर हो रहे हमले के खिलाफ लेना होगा संकल्पः रमेश सेंगर

**लखनऊ।** भाकपा (माले) की इटौंजा स्थानीय कमेटी की बैठक गोराही में पार्टी के वयोबृद्ध कम्युनिस्ट नेता का. रामसागर जगत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें युवा नेता का. राहुल कुमार रावत को सर्व सम्मति से स्थानीय कमेटी का सचिव चुना गया। इटौंजा क्षेत्र के नेता का. छोटे लाल रावत की एक हादसे में हुई मौत के बाद से यह पद रिक्त पड़ा हुआ था। जिस पद के लिए आज स्थानीय कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से चुनाव कर लिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाकपा माले के जिला प्रभारी का. रमेश सिंह सेंगर ने कहा कि का. छोटे लाल रावत 70 के दशक में कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़ने के बाद अपने जीवन भर किसानों मजदूरों और समाज की पीड़ित जनता के लिए संघर्ष करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि का. राहुल को अपने दिवंगत नेता का. छोटे लाल रावत के अधूरे सपनों को पूरा करने और संविधान पर बढ़ते हमले के खिलाफ संघर्ष करने का संकल्प लेना होगा। रामसागर जगत ने नयी कमेटी का जुल्म और शोषण के खिलाफ संघर्ष तेज करने का आवाहन किया। बैठक में का. प्रवीण कुमार गौतम अर्जुन पुर, का. शिवकुमार गोराही, का. नन्दराम रावत शिवरी, का. स्वामी दयाल गौतम सिवरी का पुरवा, का. गजराज बाहर गांव, का. रामदेवी रावत, का. अंगनू और का. लालबहादुर नउवापुरवा, का. अनिल मौर्य मण्डोली, हीरालाल अहमदपुर खेड़ा आदि लोग मौजूद थे।

# ग्रामसभा रहीमाबाद में आयोजित हुआ जनसुनवाई शिविर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा में सेवा ही संकल्प के मंत्र को साकार करते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के जनकल्याणकारी अभियान आपका विधायक - आपके द्वार का 143वां साप्ताहिक जनसुनवाई शिविर रविवार को ग्रामसभा रहीमाबाद में संपन्न हुआ। यह अभियान केवल समस्याओं के समाधान का माध्यम नहीं, बल्कि संवेदना, संवाद और सेवा का सशक्त मंच बन चुका है जहां शासन जनता के दरवाजे तक पहुँचता है, और जनविश्वास शासन से सीधा जुड़ता है।

शिविर में स्ट्रीट लाइट, पीएम आवास, नाली, सड़क, आयुष्मान कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन जैसी लगभग 20 समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रयास किया गया।

जनसेवा की तत्परता का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 5 आयुष्मान कार्ड तथा 1 आय प्रमाण पत्र वहीं मौके पर बनाए गए, यह सिद्ध करता है कि डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में शासन का हर तंत्र अब फाइल से नहीं, फिल्ड से संचालित हो रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से ङ.ङ. हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों के नेत्र परीक्षण किए गए तथा 50 जरूरतमंद नागरिकों को चश्मे प्रदान किए गए। यह जनसेवा केवल उपचार नहीं, बल्कि दृष्टि देने का कार्य है शरीर के साथ समाज की आँखें भी स्वस्थ रहें₹ यही इस अभियान का भाव है।

शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणा का दीप प्रज्वलित करते हुए, गांव की शान पहल के अंतर्गत बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 4 मेधावी विद्यार्थियों - प्रत्यूषा यादव (81%), आर्यन यादव (65%), आनंद (65%) तथा अभिनव यादव (64%) को साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान केवल पुरस्कार नहीं, बल्कि यह संदेश है कि गांव की मिट्टी से ही भविष्य का भारत उगता है।

युवा शक्ति को संगठित और सशक्त करने के क्रम में शिविर में 155वां एवं 156वां बॉयज यूथ क्लब तथा 92वां गर्ल्स यूथ क्लब गठित किया गया। युवाओं को कैरम, वॉलीबॉल, क्रिकेट किट, फुटबॉल जैसे खेल संसाधन प्रदान किए गए। यह खेल क्लब, सरोजनीनगर में खेल क्रांति की नींव हैं - जहां युवाओं को नशे और निष्क्रियता से मुक्त कर अनुशासन, ऊर्जा और टीम भावना की ओर प्रेरित किया जा रहा है। शिविर के दौरान क्षेत्र के प्रबुद्धजनों मंडल अध्यक्ष के. के. श्रीवास्तव, सेक्टर संयोजक हरिश्चंद्र, बूथ अध्यक्ष हरि प्रकाश, दिलीप कुमार, सतीश कुमार, सुनील कुमार, वीरेंद्र वर्मा, संतराम यादव, जगजीवन मौर्य, बुद्धिलाल रावत, आनंद प्रकाश गुप्ता, रणंजय सिंह, सरला, अनीता देवी, शिव कुमार, दीपू, रोहित आदि को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी उपस्थित ग्रामीणों के लिए ताराशक्ति निःशुल्क रसोई के माध्यम से ताजा एवं पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की गई जिससे यह शिविर केवल संवाद का नहीं, बल्कि संवेदना का उत्सव बन गया।

# राम बहादुर रेलवे सलाहकार समिति का सदस्य नामित

**लखनऊ।** शहर लखनऊ के प्रतिष्ठित नागरिक, समाजसेवी एवं पूर्वांचल स्वाभिमान मंच के संयोजक राम बहादुर सिंह को भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा उत्तर पूर्वी रेलवे की रेलवे सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया है।



रेल मंत्रालय द्वारा गठित यह समिति रेलवे सेवाओं के संचालन, यात्री सुविधाओं में सुधार, तथा क्षेत्रीय विकास से संबंधित विषयों पर रचनात्मक सुझाव एवं परामर्श प्रदान करती है। सिंह की नियुक्ति को उनके सामाजिक योगदान, जनसंपर्क क्षमता और पूर्वांचल क्षेत्र के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सम्मान माना जा रहा है। राम बहादुर सिंह पिछले कई वर्षों से पूर्वांचल स्वाभिमान मंच के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने, जन-जागरण अभियानों को प्रोत्साहित करने और पूर्वांचल के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। उनके नेतृत्व में मंच ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और क्षेत्रीय अस्मिता से जुड़े कई जनहितकारी अभियानों को गति दी है।

इस नियुक्ति पर प्रदेश के अनेक सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों ने श्री सिंह को बधाई दी है। उनका कहना है कि राम बहादुर सिंह जैसे अनुभवी और जनसेवी व्यक्ति के रेलवे सलाहकार समिति में शामिल होने से पूर्वांचल क्षेत्र की जनता की अपेक्षाएँ और आवश्यकताएँ नीति-निर्माण स्तर तक अधिक प्रभावी रूप से पहुँच सकेंगी। मूल रूप से जनपद मऊ के निवासी सिंह ने अपने दीर्घ सामाजिक जीवन में सदैव ईमानदारी, प्रतिबद्धता और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उनके सहयोग से क्षेत्र में कई सामाजिक, शैक्षणिक एवं विकासात्मक योजनाएँ साकार हुई हैं।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था में सहकारिता की भूमिका और सशक्त होगी

**लखनऊ।** सहकार भारती की ओर से रविवार को चौधरी चरण सिंह सहकारिता भवन में गन्ना प्रकोष्ठ का पहला प्रदेशीय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहकार भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार सिंह एवं उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ के उपसभापति ऋषिकांत राय, अजय वीर सिंह प्रदेश प्रमुख गन्ना प्रकोष्ठ एवं मीनाक्षी राय प्रदेश महिला प्रमुख ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। साथ ही सभागार में किसान नेता चौधरी चरण सिंह की तस्वीर का अनावरण कर नमन किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सहकारिता अब जनआंदोलन का रूप ले रही है, जिससे सहकारिता के लोकतांत्रिक व्यवस्था में इसकी भूमिका और सशक्त होगी। संगठन की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं सहकारिता मंत्री को संबोधित मांग पत्र भी सहकार भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को सौंपा गया। मांग पत्र में कई चीनी मिल जैसे सिंभावली, मोदी, बजाज, राणा ग्रुप से गन्ना भुगतान न होना, देय कमीशन का भुगतान न होना, गन्ना विकास परिषदों के निर्वाचन न होना, समितियों के खाता परिचालन अधिकार उपविधि में संशोधन करना, उ0प्र0 सहकारी गन्ना समिति संघ का निर्वाचन कराए जाने, गन्ना विकास से संबंधित निर्माण पूर्व की भांति गन्ना विकास परिषद से ही कराने और गन्ना मूल्य का निर्धारण पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड की भांती कराए जाने, गन्ना क्रय केंद्र त्वरित तौल व्यवस्था कराने एवं प्रदेश में बंद चीनी मिलों को जनहित में संचालित कराए जाने समेत 12 मांगें शामिल की गई हैं।

## शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग

वैश्विक स्तर पर भारतीय सीईओ की बढ़ती संख्या और देश के कुछ प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों की धमक के बावजूद हमारी शिक्षा व्यवस्था ग्लोबल रैंकिंग में बहुत पीछे है। नवीनतम क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग उन चुनौतियों की ओर इशारा करती हैं जिनका सामना भारत को विश्व की सेवा क्षेत्र की राजधानी के रूप में अपनी पहचान बनाने के लिए करना पड़ रहा है। भारत दुनिया की अग्रणी कंपनियों के वैश्विक क्षमता केंद्रों के लिए एक पसंदीदा स्थान के रूप में अपनी स्थिति को अपनी बढ़ती घरेलू बौद्धिक पूंजी का संकेत मानता है। लेकिन वैश्विक उच्च शिक्षा का विश्लेषण करने वाली फर्म, क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) द्वारा संकलित वार्षिक रैंकिंग से पता चलता है कि देश अपनी उच्च शिक्षा में गंभीर सुधार किए बिना इस मानव संसाधन पर भरोसा नहीं कर पायेगा। भारत ने न केवल सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाली उच्च शिक्षा प्रणाली के रूप में अपना शीर्ष स्थान चीन के हाथों गंवा दिया, बल्कि उसके कई प्रमुख संस्थानों की रैंकिंग में भी उल्लेखनीय गिरावट आई। इस वर्ष 137 भारतीय विश्वविद्यालयों ने इस सूची में प्रवेश किया, जिससे इसमें शामिल देश के विश्वविद्यालयों की कुल संख्या 294 हो गई। उच्च तकनीकी शिक्षा को




बढ़ावा देने की चीन की ऊर्जावान और सक्षम नीति का अंदाजा इसके 261 संस्थानों के जुड़ने से लगाया जा सकता है जिससे वहां के संस्थानों की कुल संख्या 395 हो गई है। कोई भी भारतीय संस्थान शीर्ष 10 में जगह नहीं बना पाया। इसमें हॉन्ग कॉन्ग, चीन और वैश्विक नवाचार के उभरते केंद्र सिंगापुर के संस्थान रहे। भारत का शीर्ष प्रदर्शन करने वाला विश्वविद्यालय भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली रहा लेकिन उसकी 59वीं रैंकिंग पिछले वर्ष के 44वें स्थान से 15 पायदान नीचे है। आईआईटी बंबई 2025 में 48 से गिरकर 71 पर आ गया और आईआईटी खड़गपुर पिछले साल के 60 से गिरकर 77 पर पहुंच गया। मद्रास और कानपुर सहित सभी प्रमुख आईआईटी ने कम से कम 2021 के बाद से अपनी सबसे निचली रैंक दर्ज की। भारत की शीर्ष 10 रैंकिंग में शामिल सात संस्थानों में से केवल एक संस्थान ने अपनी रैंकिंग में सुधार किया। कोई भी भारतीय विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर शीर्ष 100 में स्थान नहीं रखता है। हालांकि चीन के कई विश्वविद्यालय इसमें शामिल हैं, जिनमें 14वें स्थान पर पेकिंग विश्वविद्यालय है। विडंबना है कि यह खराब प्रदर्शन ऐसे समय में दिख रहा है, जब भारत सरकार ने पिछले एक दशक में उच्च शिक्षा में कई सुधार पेश किए हैं। इन सुधारों में, आईआईटी के लिए अधिक स्वायत्तता, केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए संसाधन जुटाने के मानदंडों में छूट और विदेशी विश्वविद्यालयों के प्रवेश का रास्ता आसान बनाना शामिल है। लेकिन इनमें से किसी ने भी भारतीय विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन के लिए स्वदेश में ही रहने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार विदेश में पढ़ने वाले भारतीय विद्यार्थियों की संख्या इस साल 18 लाख तक पहुंच गई है, जो 2023 में 13 लाख थी। विदेश जाने में यह स्थिर वृद्धि शीर्ष भारतीय संस्थानों में उपलब्ध सीमित सीटों के साथ-साथ इन क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों के कारण है। ये रुझान भारतीय उच्च शिक्षा में गुणवत्ता की गंभीर कमी की ओर इशारा करते हैं। इनसे यह भी पता चलता है कि केंद्रीय और राज्यों के विश्वविद्यालयों को शिक्षण मानकों और संसाधनों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। यह स्थिति केवल तकनीकी और वैज्ञानिक अनुसंधान पर केंद्रित संस्थानों की ही नहीं है, जिनके लिए क्यूएस रैंकिंग के मानदंड अनुकूल प्रतीत होते हैं, बल्कि कला और मानविकी के लिए भी ऐसा ही है। कला और मानविकी की उपेक्षा को कम करके नहीं आंका जा सकता। विश्वविद्यालयों में नियुक्तियों में बढ़ते हस्तक्षेप और सरकारों द्वारा विशिष्ट विचारधाराओं के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करने के प्रयासों ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को कमजोर किया है। इसलिए हमे शिक्षा संस्थानों की स्वायत्ता सुनिश्चित करने के साथ ही उनके विकास के लिए समग्र प्रयास करने होंगे।

### विचार

चिंता से ही चिंता दूर होती है। धोखा देकर इसे रोकने का प्रयस करने से परिणाम उल्टा होता है।

-रवीन्द्र नाथ टैगोर.

अपनी उन्नति और शत्रु का विनाश- यही दो नीति है। इन्हीं को अंगीकार करके कुशल पुरुष अपनी वाक् चतुरता का विस्तार करते हैं।

-माघ.

जो मूर्ख दुष्टों का साथ करता है, वह अपने हाथों से अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारता है।

- वृन्द.

सबसे कठिन तीन वस्तुएं हैं- एक रहस्य को अप्रकट रखना, कष्ट को भूल जाना और अवकाश का सदुपयोग करना।

-चिलो.

विनम्रता से अच्छी कोई नीति नहीं। जहां होशियार जुबान असफल हो जाती है, वहां अच्छा व्यवहार बहुत काम कर जाता है।

- मेंगून.

# उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पर उठते सवाल



मनोज बाजपेयी



### विमर्श

बात सिर्फ उच्च शिक्षा संस्थानों की ग्लोबल रैंकिंग में भारतीय संस्थानों की संख्या बहुत कम होने या बहुत निचले पायदान पर कुछ गिने-चुने संस्थानों के होने की नहीं है। वास्तविक संकट अब शिक्षा की गुणवत्ता और डिग्री एवं कौशल के बीच बढ़ती खाई की है। एक तरफ बड़ी-बड़ी डिग्रियों के बावजूद रोजगार नहीं मिल रहा, तो दूसरी तरफ कारपोरेट जगत को प्रौद्योगिकी के इस दौर में टैलेंट की कमी का सामना करना पड़ रहा। ऐसे में यह प्रश्न जेरे बहस है कि आखिर कैसे शिक्षा की गुणवता में ऐसा सुधार हो जिसमें देश और उद्योग जगत की जरूरत के अनुरूप युवा टैलेंट और कौशल तैयार किया जा सके। मौलाना अबुल कलाम आजाद ने भारत के पहले शिक्षा मंत्री के रूप में देश की आधुनिक शिक्षा प्रणाली की नींव रखी थी। उनके प्रयासों से विश्व विद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) की स्थापना हुई।

भारत अब दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी उच्च शिक्षा प्रणाली है, जिसमें 1338 विश्वविद्यालयों सहित 56000 से अधिक उच्च शैक्षणिक संस्थानों में 4.3 करोड़ (43 मिलियन) से अधिक छात्र हैं। हालांकि जहां तक सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) का सवाल है, हमारे देश में चार में से केवल एक युवा को उच्च शिक्षा के लिए कॉलेज जाने का अवसर मिल रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का एक प्रशंसनीय लक्ष्य 2035 तक जीईआर को दोगुना कर 50 फीसदी करना है। इसके अलावा विश्व स्तर पर चीन के बाद भारत अंतरराष्ट्रीय छात्रों का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है। 2017 से 2022 तक 13 लाख से अधिक भारतीय छात्र उच्च अध्ययन के लिए विदेश गए। शिक्षा के मामले में अमेरिका सबसे लोकप्रिय गंतव्य है, जहां 4.65 लाख छात्र रहते हैं। इसके बाद कनाडा (1.83 लाख छात्र), संयुक्त अरब अमीरात (1.64 लाख छात्र) और ऑस्ट्रेलिया (1 लाख छात्र) हैं। कुल मिलाकर, 11.30 लाख से अधिक भारतीय छात्र वर्तमान में विदेशी कॉलेजों में पढ़ रहे हैं। दूसरी ओर, 2021 में भारत में केवल 48000 विदेशी राष्ट्रीय छात्रों का नामांकन हुआ, जिनमें पड़ोसी देशों से आने वाले छात्रों की संख्या सबसे अधिक थी। इसका मतलब है कि भारत अभी भी अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करने के मामले में शुरूआती चरण में है, जो इस तथ्य से परिलक्षित होता है कि 45 लाख (4.5 मिलियन) अंतरराष्ट्रीय छात्रों में से केवल 0.6 फीसदी ही भारत को पसंद करते हैं। यहां तक कि उन छात्रों ने कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना और दिल्ली जैसे राज्यों में स्थित कुछ चुनिंदा संस्थानों को प्राथमिकता दी। इस पृष्ठभूमि में, एनईपी देश की अत्यधिक विनियमित, नौकरशाही और काफी हद तक बंद शैक्षणिक प्रणाली को दुनिया के लिए खोलने का वादा करती है। 2022 में यूजीसी ने कुछ पात्र विदेशी संस्थानों (दोनों शीर्ष 500 विश्वविद्यालयों और अन्य विदेशी संस्थानों) को भारत में कैंपस स्थापित करने की अनुमति देने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (अंतरराष्ट्रीय शाखा परिसरों और अपतटीय शिक्षा केंद्रों की स्थापना और संचालन) पर विनियम जारी किए। लेकिन प्राथमिक शिक्षा से लेकर संपूर्ण शिक्षा प्रणाली में सुधार किए बिना अकेले यह उपाय देश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र में कैसे सुधार करेगा, यह स्पष्ट नहीं है।

गुणवत्ता मानकों के दृष्टिकोण से, भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली अत्यधिक असंगत और असंतुलित है। हमारे पास बड़ी संख्या में उच्च शिक्षा संस्थान हैं जिनकी शिक्षा की गुणवत्ता हमेशा संदिग्ध रहती है। इसी प्रकार, जिन राज्यों में बड़ी संख्या में कॉलेज हैं वे अच्छी संख्या में उच्च गुणवत्ता वाले कॉलेज बनाने में पीछे हैं। आज देश में ऐसे कॉलेज कम नहीं हैं, जो कहने को तो कॉलेज हैं, मगर छात्रों के लिए बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं। इसके अलावा विश्वविद्यालय में संबंद्ध विद्यालयों का बढ़ता बोझ, पाठ्यक्रमों में बदलाव की मांग और ड्रापऑऊट विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या असली चुनौतियां हैं, जिनका संबंध भी कहीं न कहीं सार्वजनिक शिक्षा के ढहते ढांचे, गुणवत्ता की कमी और निजीकरण से ही है। वहीं, उच्च शिक्षा में अध्यापकों के रिक्त पद से जुड़े आंकड़े खुद अपनी हकीकत बताते हैं। इसका सबसे खराब असर उच्च शिक्षा की अकादमिक गुणवत्ता पर पड़ा है।

उत्तर प्रदेश में देश में सबसे अधिक कॉलेज हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और कर्नाटक हैं। लेकिन टॉप 100 कॉलेजों की सूची में यूपी का एक भी कॉलेज शामिल नहीं है। इसमें महाराष्ट्र के बमुश्किल तीन और कर्नाटक के दो कॉलेज शामिल हैं। वास्तव में 80 फीसदी से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले कॉलेज तीन राज्यों तमिलनाडु, दिल्ली और केरल में हैं। यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच के मामले में देश भर में भारी असमानताओं की व्यापकता को दर्शाता है। यदि हम विश्वविद्यालयों द्वारा तैयार किए गए पाठ्यक्रम की बात करें तो इसमें और सामाजिक व्यवहार के बीच भी कोई तालमेल नहीं दिखता। दरअसल, उच्च शिक्षा की अध्ययन सामग्री उपयोगी और मानवीय आवश्यकताओं पर आधारित कौशल विकास को बढ़ावा देने वाली होनी चाहिए। इसी प्रकार, उच्च शिक्षा से ड्रापआऊट होने वाले विद्यार्थियों को रोकना और सकल नामांकन अनुपात बढ़ाना भी इस क्षेत्र की एक बड़ी चुनौती है। भारत की उच्च शिक्षा में 18 से 23 वर्ष की आयु वर्ग के अंतर्गत सकल नामांकन अनुपात काफी कम है, जो अन्य विकसित और कई विकासशील देशों की तुलना में बहुत कम है। इससे स्पष्ट होता है कि आज भी देश के करीब 74 प्रतिशत युवा उच्च शिक्षा से बाहर हो जाते हैं। इससे जाहिर होता है कि सभी वर्गों के विद्यार्थियों को समान अवसर देना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना आज भी दूर का सपना है। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण उपाय किए जा सकते हैं। इसमें शिक्षकों को नियमित और उन्नत प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए, ताकि वे नवीनतम शिक्षण विधियों और तकनीकों से लैस हो सकें। पाठ्यक्रम को समसामयिक और व्यावहारिक बनाये रखना आवश्यक है, जिससे छात्रों को वास्तविक जीवन में उपयोगी ज्ञान प्राप्त हो। कक्षाओं में आधुनिक तकनीक और डिजिटल उपकरणों का समुचित उपयोग किया जाना चाहिए, जिससे सीखने की प्रक्रिया प्रभावी हो। उच्च शिक्षा में नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए। शिक्षा में किसी भी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए। योग्यतानुसार शिक्षकों का निष्पक्ष चयन होना चाहिए। देश में समान पाठ्यक्रम के लिए समान फीस लागू होनी चाहिए। शिक्षा की गुणवत्ता तकनीक के सदुपयोग से बढ़ाई जा सकती हैं। सीखना ही पर्याप्त नहीं है, उपयोग में लेना भी जरूरी है। सैद्धांतिक शिक्षा महत्वपूर्ण हैं परंतु व्यावहारिक शिक्षा अति महत्वपूर्ण है।

असली शिक्षा वह है जो हमारे काम और व्यवहार में झलके। शिक्षा से जुड़े विद्वानों और शिक्षा नीति विशेषज्ञों को इस पर विचार करना ही होगा। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत को अभी लंबा सफर तय करना है। महज शिक्षा संस्थानों की गिनती बढ़ाने से शिक्षा में सुधार नहीं होगा बल्कि अब समय आ गया है जब शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ ही देश में विश्वस्तरीय शिक्षा संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जाये।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

> उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत को अभी लंबा सफर तय करना है। महज शिक्षा संस्थानों की गिनती बढ़ाने से शिक्षा में सुधार नहीं होगा बल्कि अब समय आ गया है जब शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ ही देश में विश्व स्तरीय शिक्षा संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जाये।

### सोशल मीडिया



बिहार में 2005 से पूर्व महिलाओं के उत्थान के लिए कोई काम नहीं होता था, महिलाएं घर की चहारदीवारी से निकल नहीं पाती थीं, शाम 6 के बाद असुरक्षित था घर से निकलना। नीतीश कुमार.



राजग महिलाओं के जीवन को आसान बनाने, सशक्त करने के लिए लगातार काम कर रही है, बिहार में बिजली खर्च कम हुआ है, तय यूनिट बिजली भी फ्री है। -केशव प्र. मौर्य.



स्वच्छ भारत के लिए भाजपा राज में चुनाव आयोग के कुछ लोगों द्वारा फैलाया धांधलियों का कूडा हटना जरूरी है, भजपा व उसके साथी लूटतंत्र में विश्वास करते हैं। -अखिलेश यादव

## असाधारण शक्तियां

अध्यात्म की शक्तियां असाधारण हैं। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है। पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

अंतर्दृष्टि

## चरित्रवान बनने की इच्छा


व्यंग्यलोक

बचपन से ही मेरी चरित्रवान बनने की इच्छा थी। पिताजी ने मुझे शाखा में भी भेजा तथा स्वयं भी संस्कारों की सीख दी। उसका प्रभाव यह हुआ कि मैं लगभग चरित्रवान-सा बन गया था यानि मुझे मूल्यों से हटाना सरल नहीं था। मैं सिद्धान्तों पर अडिग रहता था। कई बार तो मेरी जिद के सामने बाद में पिताजी को भी दिक्कत होने लगी। उन्हें गुस्सा आता कि उन्होंने मुझे इतना जबरदस्त चरित्रवान क्यों बना दिया। वे कहते कि बेटा, थोड़ा व्यावहारिक बनने की भी आवश्यकता है। अन्यथा तुम्हें जीवन में भूखों मरने की नौबत आ सकती है। मैं कहता कि तो क्या हुआ, मूल्यों की रक्षा के लिए भूखों मर जाना भी श्रेष्ठ मानता हूँ। उन दिनों देश में भ्रष्टाचार का शुभारंभ हो चुका था। और राजनेता भ्रष्टाचार की होड़ लगा रहे थे। पिताजी ने मुझे अपने कमरे में बुलाया और कहा- बेटा! देख रहे हो देश की हालत क्या हो रही है? लोग इसे अपने चारों हाथ-पाँवों से लूट रहे हैं। मुझे एक पल गौर से देखो और अपने जीवन का रास्ता चुन लो। मैंने पिताजी को देखा-फटी धोती, तार-तार कुर्ता, टूटी चप्पलें तथा मोटे फ्रेम के चश्मे में वे भारतीय गरीब का पर्याय थे। मुझे लगा क्या ये इसी विपन्नता में मर जायेंगे। तभी चरित्र ने जोर मारा-जीवन में अपने सद्चरित्र से ही आदमी को अपनी जीविका चलानी चाहिए। जब पिताजी ने इस मूल्य को नहीं त्यागा तो मुझे इस विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए। तभी मन का विरोधी बोला-भूखों मर जाओगे। जिन्दगी की रेस में बढ़ना है तो भ्रष्टाचार में लग जाओ। तभी पिताजी बोले-बेटा ! तुम्हारे भीतर जो द्वंद्व चल रहा है उसे मैं समझता हूँ, लेकिन प्रैक्टिकल हुए बिना नैया पार नहीं लगेगी। मैं चरित्र की अपनी सारी शिक्षायें विड्रा करता हूँ। हो सके तो इस घर को भुखमरी से निकाल लो। उनकी आँखों में आंसू भरे थे। उनकी चाह को मैं भली प्रकार से समझ सकता था। मैं बोला-यह आप क्या कह रहे हैं पिताजी। चरित्र और सिद्धान्त मेरी रग-रग में समा चुका है। अब इसे आसानी से विड्रा नहीं किया जा सकता। जब पेट ईमानदारी से भर सकता है तो बईमानी की क्या आवश्यकता है? बेटा! अकेले पेट का सवाल नहीं है, अब जरूरतें इतनी बढ़ गयी हैं कि उसके अनुसार तुम नहीं बन पाये तो मुझे दुःख होगा। हालांकि गलती मेरी ही है। लेकिन बेटा पहले का जमाना वही था। नये जमाने को और नये मूल्यों को समझने की आवश्यकता है। मैं नहीं चाहता कि तुम भी मेरी ही तरह घुट-घुट कर मरो। चरित्र समय की आवश्यकता नहीं है। मैं आपका आशय समझ नहीं पा रहा? अभी समझाता हूँ बेटा। देखो चुनाव नजदीक है- मैं चाहता हूँ कि तुम राजनीति में चले जाओ। इसमें तुम जल्दी ही प्रेक्टिकल बन जाओगे। सारे चरित्र पर पानी फिर जायेगा। मेरी आत्मा को शांति मिलेगी तथा तुम अच्छा कमा-खा लोगे। इतना कहकर वे चले गये और मैं ठंडा पड़ गया। काटो तो खून नहीं। निश्चित नहीं कर पा रहा था कि राजनीति में जाऊँ या नहीं।



पूरन सरमा

## संवेदना और सटीकता का संगम होगी भावी कला



कला जगत

**लोकमित्र गौतम**

यह सवाल हाइपोथेटिकल कतई नहीं है। ऐसी स्थितियां बन चुकी हैं कि एआई के लगातार उन्नत होते जाने से अब यह सवाल बहुतों द्वारा पूछा जा रहा है कि भविष्य में कला की बागडोर किसके हाथ में होगी, कल्पनाशील कलाकार के या तर्कशील मशीन के? यकीन मानिये यह सवाल केवल तकनीक बनाम मानव की होड़ का नहीं है बल्कि यह सवाल इस बात की पड़ताल भी है कि आखिर कला का सार क्या है? अगर हम कल्पनशील कलाकार का पक्ष लेते हैं और विश्वास के साथ कहते हैं कि आने वाले कल में कला अंततः कल्पनशील कलाकार के ही हाथ में होगी, तो इस बात को कहने के कई ठोस तर्क हैं। सबसे पहले बात आती है अनुभवों की। कोई मशीन कितनी ही उन्नत क्यों न हो, उसका अपना कोई अनुभव नहीं हो सकता। जबकि साधारण से साधारण इंसान के पास भी अपने एक्सक्लूसिव अनुभवों की पूंजी होती है। कलाकार दूसरों के जीवन या दुनिया से ही नहीं, अपने अनुभवों से भी बहुत समृद्ध होता है। वह दुनिया से सीखने के साथ साथ खुद से भी बहुत कुछ सीखता है। उसके पास अपनी भावनाएं होती हैं, संघर्ष होता है, आशओं की प्रेरणा होती है और निराशाओं की हताशा होती है। ये सभी चीजें किसी मशीन में नहीं हो सकतीं। कला सिर्फ सुंदरता नहीं होती, वह संवेदना भी होती है। कोई कविता, कोई चित्र, कोई नृत्य, तभी प्रभावी हो सकता है, जब उसमें एक कवि की, एक चित्रकार की, एक नृत्यांगना की आत्मा की गहरी गूंज मौजूद होती है। इसलिए कला का भविष्य किसी हद तक कलाकार के हाथ में ही सुरक्षित है। क्योंकि हर कलाकार के पास अपने सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भ होते हैं।

कलाकार जहां पैदा होता है, जहां बड़ा होता है, उस भूगोल का सब कुछ उसमें समाहित होता है। वह अपने समाज का ही नहीं बल्कि क्षेत्र विशेष यानी भूगोल का भी प्रतिबिंब होता है। उसके अंदर अपने भूगोल की खुशबू होती है। अपने भूगोल का आकार-प्रकार होता है। उसका स्वभाव उसके अंदर मौजूद होता है। इसलिए दुनिया में अनगिनत कलाकार, अनगिनत विशेषताओं के एक्सक्लूसिव स्वामी होते हैं। दुनिया में सारे कलाकार एक जैसे नहीं हो सकते, क्योंकि वे मशीन नहीं हैं। जबकि मशीन के साथ यह संकट है कि वे चाहे स्कैंडीनेवियन हों या अमेरिकी, जापानी हों या भारतीय। वह एक जैसी ही होंगी। किसी क्षेत्र विशेष के भूगोल या इतिहास के कारण उसमें विशिष्टता या एक्सक्लूसिवनेशन नहीं ढूंढ़ा जा सकता। जबकि कलाकार में जो अपनी स्थानीयता होती है और उस स्थानीयता के प्रति उसमें एक भावनात्मक जुड़ाव होता है। यह भावनात्मक जुड़ाव उसकी कला से फूटती है। जबकि मशीन इस मामले में ठूंठ साबित होती है। लेकिन ऐसा नहीं है कि मशीन के पास अपनी कोई विशिष्टता हो ही न, उसमें डेटा आधारित गति और विविधता होती है। कोई मशीन अपने इनपुट में लाखों शैलियों, चित्रों, धुनों और कविताओं का बहुत जटिल मिश्रण तैयार करके उन सबसे बिल्कुल एक नई और एक्सक्लूसिव लगने वाली कृति तैयार कर सकती है। लेकिन गहराई में जाकर जब हम उसकी इस जटिलता को उसके इनपुट से डिकोड कर सकते हैं। हालांकि मशीन की अपनी यह सीमा होगी। फिर भी वह पलक झपकते कलाकृतियां निर्मित कर सकेगी, लेकिन उन कलाकृतियों में जीवंतता एकदम से चैंकाने वाली या झकझोर देने वाला अनगढ़पन नहीं होगा। उस कृति में मशीन की कलात्मकता की अपनी एक व्यवस्था होगी, जिसके तहत उसकी निर्मिती भी होगी और उसी में उसकी विनिर्मिती भी समाहित होगी। मशीन भविष्य के लोगों को रचनात्मक माध्यम दे सकती है, लेकिन मशीन से हासिल इस माध्यम की बदौलत लोग कलाकार नहीं कहलाएंगे, बस संयोजकभर कहला सकते हैं। लब्बोलुआब यह कि भविष्य में कला की बागडोर पूरी तरह से किसी एक के हाथ में नहीं होगी, यह पूरी तरह से न तो कलाकार के हाथ में होगी और न ही मशीन के हाथ में। कला को कल्पनाशील कलाकार दिशा देंगे, तो तर्कशील मशीनें उसे गति देंगी। जहां कलाकार भावनाओं की आग से तपकर कला की रचना करेंगे, वहीं मशीनें उन्हें इंद्रधनुषी कैनवास मुहैय्या करायेंगी। इसलिए भविष्य कलाकार में तकनीक के आत्मसात का होगा यानी भविष्य, संवेदना और सटीकता का संगम होगा।

### आप की बात

#### बढ़ती अवैध कालोनियां

प्रदेश में विकास प्राधिकरणों एवं आवास विकास की कारस्तानी के कारण अब आम आदमी को घर मिलना मुश्किल हो गया है। विकास प्राधिकरणों के इंजीनियरों ने कमीशन के खेल में बड़े-बड़े अपार्टमेंट खड़े कर दिये जिन्हें न तो कोई लेने वाला मिल रहा है और न ही लेना आर्थिक रूप से व्यवहारिक है। शहरों को विकसित कर सजाने संवारने की जिम्मेदारी जिन प्राधिकरणों पर है वे पूरी तरह भ्रष्टाचार के अड्डे बन गये हैं। सबसे बड़े प्रदेश की राजधानी में अवैध कालोनियों का मकड़जाल फैल रहा है। इनमें अनेक समस्याएं पैदा होती हैं लेकिन प्राधिकरण के इंजीनियर और बाबू इसे चलने देते हैं। जब कोई अदालती आदेश आता है तो बेमन से कार्रवाई करते हैं। विकास प्राधिकरणों में जब कोई अभियंता या बाबू घोटाले में पकड़ा जाता है तो सौ, दो सौ करोड़ की संपत्ति मिलना आम बात है। नोएडा अथारिटी में यादव सिंह और उनके परिजनों के भारी गोलमाल की जांच और मुकदमा अभी चल ही रहा है। सवाल है कि विकास प्राधिकरणों में घोटालों की इतनी छूट कैसे मिल जाती है कि जो भी बाबू, अभियंता या अधिकारी पकड़ा जाता है वह करोड़ों का खेल कर चुका होता है। आज विकास प्राधिकरण प्राइवेट एजेंसियों से महंगे फ्लैट बेच रहे हैं। ऐसे में इनकी जरूरत क्या है? जब गरीबों को घर दे नहीं पाते तो इनको खत्म किया जाये। जब विकास प्राधिकरण ही जनता को चूना लगाने पर तुले हों तो इनको खत्म कर प्राइवेट क्षेत्र को ही आगे बढ़ाया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना कई सालों से चल रही है लेकिन प्राधिकरणों एवं आवास एजेंसियों की कारस्तानी के कारण ही गरीबों को घर नहीं मिल रहा है। दूसरे गरीबों के घर को इतना छोटा कर दिया गया है कि महज 20-22 मीटर में ही बना दिया जाता है। इससे घर मिल भी जाता है तो भी शांति नहीं मिलती है। इसलिए अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को शहरों में घर दिया जाता है तो उसका आकार कम से कम 30-40 वर्ग मीटर तो रखा ही जाना चाहिए जिससे कि गरीब आसानी से अपना जीवन यापन इन घरों में कर सकें। कम से कम दो छोटे-छोटे कमरों का घर हरेक व्यक्ति के लिए जरूरी है। पीएम आवास योजना में जो घर बनाये जा रहे हैं उनसे आवास की समस्या हल होने वाली नहीं है।

**प्रमोद कुमार शुक्ल, लखनऊ.**

#### विकास में देरी की कीमत

कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए इसमें होने वाले विलंब की चर्चा की, दरअसल प्रधानमंत्री जिस परियोजना का लोकार्पण कर रहे थे वह वर्षों पुरानी है। प्रधानमंत्री ने कई परियोजनाओं को अंजाम तक पहुंचाने का कार्य किया है, जो दशकों से लेटलतीफी की शिकार थीं। इसमें सरदार सरोवर परियोजना और हाल ही में लोकार्पित सरयू नहर परियोजना प्रमुख है। यह दोनों परियोजनाएं आधी शताब्दी से अधिक समय पुरानी थीं। जब विकास की योजनाओं में इतना विलंब हो जाता है तो देश को बहुत नुकसान होता है। अगर सरयू नहर परियोजना या फिर सरदार सरोवर परियोजना में चार-पांच दशक विलंब न होता तो इससे अब तक बहुत लाभ मिल चुका होता। इसलिए यह जरूरी है कि परियोजनाओं की शुरूआत के साथ ही उसके कंपलीट होने की तरीख भी तय हो और इसके लिए पर्याप्त बजट के साथ ही परियोजना के मार्ग में आने वाली बाधाओं को हल करने के लिए सक्षम प्रशासनिक ढांचा भी हो। केन्द्र सरकार बुनियादी विकास की परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हुए इनको समयबद्ध पूरा करने का संकल्प दिखाया है। इसका बेहतर परिणाम यह रहा है कि राजमार्ग, रेलवे, शहरी विकास व ऊर्जा क्षेत्र की परियोजनाएं बड़ी संख्या में पूरी होकर राष्ट्र की सेवा में समर्पित हो गयी हैं। परियोजनाएं पूरी होने की गति बढ़ने के बावजूद भी बहुत देरी होती है।

**आकाश श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## मुठभेड़ में भागे बदमाश को पुलिस ने जेल भेजा

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस ने छीछामई गांव के पास बाइक सवार लुटेरों से मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी सुरजीत निवासी नगला कन्ही को गिरफ्तार किया था। जबकि एक लुटेरा अजय पुत्र हरि सिंह निवासी माड़ई फतेहपुर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया था। पुलिस तभी से उसकी तलाश में जुटी हुई थी। शनिवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भागे हुए लुटेरे को कंथरी तिराहा के पास से अजय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को रविवार को जेल भेज दिया है।

## तमंचा सहित गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना पचोखरा पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार किया है। रविवार को थाना पचोखरा पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सुचना पर चौकी क्षेत्र देवखेडा नगला गंगाराम को जाने वाले रोड के किनारे बनी कोठरी के पास से एक अभियुक्त सुभाष उर्फ टिन्कू पुत्र रामदास निवासी कस्बा व थाना पचोखरा को एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना पचोखरा पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## अवैध तमंचे के साथ शातिर गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना सुरीर पुलिस एक आरोपित के कब्जे से अवैध तमंचा व 2 जिन्दा कारतूस बरामद करते हुए उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। थाना प्रभारी सुरीर अजय कुमार ने रविवार पूर्वान्ह कराहरी नहर पुल से करीब 100 मीटर हरनोल की ओर थाना सुरीर मथुरा से योगेश पुत्र ऊदल निवासी ग्राम ढोकलावास थाना सुरीर मथुरा उम्र करीब 33 वर्ष को एक अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस .315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सुरीर पर मुअसं 280/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर कार्यवाही की गई।

## वंदे मातरम को लेकर पार्टी के दोहरा चरित्र

**इटावा।** सर्वोदय जागरण मंच के अध्यक्ष नीरज कुमार ने भारतीय जनता पार्टी पर वंदे मातरम गीत और बंगाल को लेकर पार्टी के दोहरे चरित्र पर आधारित महत्वपूर्ण बयान दिया है उन्होंने बताया है कि वंदे मातरम गीत और बंगाल के बीच गहरा ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध है, क्योंकि यह मूल रूप से बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा एक बंगाली कविता के रूप में लिखा गया था और उनके उपन्यास आनंदमठ का हिस्सा था। यह गीत भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय नारा बन गया था, जिसने बंगाल सहित पूरे देश में राष्ट्रवाद की भावना जगाई। वंदे मातरम के प्रति प्रेम और बंगाल से कथित नफरत की भावनाएं दोनों एक साथ नहीं चल सकतीं, क्योंकि गीत की उत्पत्ति और सार अविभाज्य रूप से बंगाल की मिट्टी और संस्कृति से जुड़े हुए हैं। सर्वोदय जागरण मंच के अध्यक्ष नीरज कुमार ने भाजपा की इस कथित दोहरी नीति की ओर इशारा करते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी एक तरफ ष्वंदे मातरमष के गौरव का गुणगान करती है, लेकिन दूसरी ओर उस राज्य पश्चिम बंगाल की क्षेत्रीय अस्मिता या राजनीतिक नेतृत्व के प्रति प्रतिकूल रुख रखती है।

# एकता व आत्मनिर्भरता का संदेश लेकर यूनिटी मार्च

## सरदार पटेल की जयंती पर हजारों लोगों ने लिया सहभाग




**कोसीकलां।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में रविवार को नगर में यूनिटी मार्च (पदयात्रा) का भव्य आयोजन किया गया। तिरंगे झंडों और देशभक्ति नारों के साथ निकली इस यात्रा में हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। एक भारत, आत्मनिर्भर भारत की थीम पर आयोजित इस पदयात्रा का उद्देश्य देश में एकता, अखंडता व आत्मनिर्भरता के भाव को सुदृढ़ करना रहा। यात्रा का शुभारंभ बठैनगेट स्थित डॉ. अंबेडकर पार्क से हुआ, जो गांव हुलवाना स्थित शहीद रामवीर सिंह बैनीवाल पार्क तक निकाली गई।

आगामी राजनैतिक खींचतान के बीच, रविवार उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण के नेतृत्व में भव्य राष्ट्रीय एकता यात्रा निकाली गई। यह पदयात्रा सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित की गई, जिसमें हजारों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया यह यात्रापटेल की जयंती के बहाने निकाली गई इस यात्रा ने स्पष्ट संदेश दिया है कि भाजपा छाता सीट पर अपनी मजबूत पकड़ बरकरार रखने के लिए पूरी तरह तैयार है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस मजबूत भारत की नींव रखी, उसे सशक्त बनाना हर नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय, विधानसभा संयोजक धर्मवीर अग्रवाल, मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चैधरी, भाजपा ओबीसी मोर्चा ब्रज प्रदेश संयोजक डॉ. अमर सिंह पौनिया तथा तरुण सेठ ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। मार्च में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं, समाजसेवी संस्थाओं के सदस्य और स्कूली बच्चे शामिल हुए। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने राष्ट्र एकता के नारे लगाते हुए देशभक्ति का माहौल बना दिया। यात्रा के समापन पर शहीद रामवीर सिंह बैनीवाल पार्क में आयोजित सभा में वक्ताओं ने सरदार पटेल के अखंड भारत के सपने और राष्ट्र एकता के प्रति उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गोस्वामियों ने श्रीबांके बिहारी मंदिर में छिड़का यमुना जल

**मथुरा।** ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालु की मौत हो गई जिसके चलते हाई पावर मैनेजमेंट कमेटी की व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए हैं। रविवार जो ठाकुर बांके बिहारी मंदिर पर बुजुर्ग की मृत्यु हुई है उसका सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। जिसमें देखा जा रहा है कि व्यक्ति बैठे-बैठे बेहोश हो गया। जहां ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में आज एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली तो वही मंदिर बंद होने के बाद ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के गोस्वामी समाज ने रविवार दोपहर उस पुण्य आत्मा को शांति मिले और मंदिर की शुद्धि हो इसको ध्यान में रखते हुए यमुना जल का छिड़काव किया गया।



ठाकुर बांके बिहारी मंदिर पर रविवार दोपहर के समय गोस्वामी समाज के लोग यमुना किनारे पहुंचे और जमुना किनारे से पीतल की लुटिया में यमुना जल भरकर ठाकुर बांके बिहारी मंदिर पहुंचे। श्रीबांके बिहारी मंदिर के संपूर्ण प्रांगण में यमुना जल का छिड़काव किया गया। साथ ही जिस स्थान पर श्रद्धालु बेहोश हुआ था और फिर और उसकी मौत हो गई थी उस स्थान पर भी जल छिड़क उस स्थान को शुद्ध किया गया।

श्रीबांके बिहारी मंदिर के गोस्वामी हिमांशु ने बताया कि बांके बिहारी मंदिर में पिछले दो-तीन महीने के अंदर दो मौत हो चुकी हैं। हाई पावर मैनेजमेंट कमेटी क्या कर रही है अभी तक हमारे समझ में नहीं आ रहा है? रही बात व्यवस्था की तो भी व्यवस्था नहीं बना रही है. आज जो मौत हुई है उसको ध्यान में रखते हुए हमने उसे ठाकुर बांके बिहारी के चरणों में उस श्रद्धालु की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की है और मंदिर में जमुना जल छिड़क कर मंदिर को शुद्ध किया है।

## पूर्व सैनिक को दी श्रद्धांजलि



**फिरोजाबाद।** संविधानवादी सैनिक समाज सेवा संगठन, फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश के सदस्य फौजी दिनेश शर्मा का आकस्मिक निधन होने पर रविवार को संगठन के पदाधिकारियों ने प्रात अपने साथी को सैनिक सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी। इस अवसर पूर्व सैनिकों ने पूर्व सैनिक के शव पर पुष्प अर्पित कर एवं राष्ट्रीय ध्वज लहराकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष फौजी विशेष कुमार, दलबीर सिंह श्यामवीर ध्रुवजीत सिंह योगेन्द्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, भारत सिंह पूनिया ओमवीर सिंह, दीपक कुमार मुकेश कुमार राहुल कुमार आदि पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## आभूषण नगदी चुराने वाले को जेल भेजा

**शिकोहाबाद।** चलते वाहन से महिला के बैग से आभूषण, नगदी चोरी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने बरेली क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। विनीता पत्नी अनिल यादव निवासी ग्राम झपारा थाना जसराना हाल निवासी आदर्श नगर कालोनी अपने घर आदर्श नगर से अपने गांव झपारा एक ट्रॉली बैग लेकर जा रही थी। यात्रा के दौरान चोरों ने ट्राली बैग के अन्दर रखे हैंडबैग से जेवरात व रुपए चोरी कर लिये गये थे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने 12 जून 2925 को मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस की जांच में अरविंद पुत्र गुरुदयाल उर्फ जितेन्द्र निवासी ततारपुर थाना फरीदपुर जिला बरेली का नाम प्रकाश में आया तो पुलिस ने चोर की तलाश में उसके गांव में दबिश देकर आरोपी चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए चोर का नाम अरविंद पुत्र गुरुदयाल उर्फ जितेन्द्र निवासी ततारपुर थाना फरीदपुर जिला बरेली बताया। पुलिस ने आरोपी को आवश्यक कार्यवाही कर जेल भेज दिया है।

## दुष्कर्म पीड़िता परिवार से मिले जिपं अध्यक्ष, मदद का दिया आश्वासन

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** रविवार भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने ग्राम पंचायत नैनूपट्टी के नगला जंगली में 12 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से बातचीत की और पीड़ित बेटी की जीवनभर पढ़ाई अपने निजी खर्च पर कराने की जिम्मेदारी ली तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान उनके साथ ग्राम प्रधान, क्षेत्राधिकारी गोवर्धन, इलाका पुलिस मौजूद रहीं।

- जिला पंचायत अध्यक्ष ने ली दलित पीड़ित बेटी के जीवनभर पढ़ाई करवाने की जिम्मेदारी

गौरतलब हो कि भाजपा सरकार में अपराधियों की जगह केवल सलाखों में है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगाह मथुरा में हो रही हर गतिविधियों पर रहती है। दलित परिवार की बेटी के साथ हुई इस घटना पर जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने दुख प्रकट करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है, उन्होंने कहा कि दोषियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगी हुई है जल्द ही दोषी गिरफ्तार होंगे। योगी सरकार में अपराधियों के लिए उत्तर प्रदेश में कोई जगह नहीं है। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित परिवार को हर संभव मदद मुहैय्या कराई जाए। जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ विनोद प्रमुख, डा. देवेन्द्र प्रधान नैनूपट्टी, वेद प्रधान सींगापट्टी, प्रताप सिंह प्रधान झुडावई, क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार, थानाध्यक्ष मगोर्रा हरीश चैधरी, इंटेलिजेंस के पीके देशवाल, एसओजी क्राइम राकेश यादव और योगेश सहित गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अपनी विरासत व परंपरा को संजोने को हम निरंतर प्रयासरत हैं : जयवीर सिंह




**फिरोजाबाद।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विकासखंड नारखी के अंतर्गत आने वाले 9 प्राचीन मंदिरों का 14 करोड़ की लागत से लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन मंदिरों में 153.30 लाख की लागत से बछगांव स्थित शिव गुफा मंदिर 236.06 लाख की लागत से नगला डूंगर में स्थित शिव एवं माता मंदिर 218.25 लाख की लागत से नगला रामकुंवर के चोंडेश्वर मंदिर का 204.21 लाख की लागत से थाने गढ़ी शियर देवी मंदिर का 197.82 लाख की लागत से रामगढ़ उमरगढ़ स्थित प्राचीन मनकेश्वर शिव मंदिर का 136.61 लाख की लागत से गोंछ में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर का 110.39 लाख की लागत से भुण्ड नगरिया में बजरंग आश्रम को 99.90 लाख की लागत से हिम्मतपुर में हिम्मतपुर वाली के मैय्या तथा 53.05 की लागत से पहाड़पुर स्थित प्राचीन सनातन मंदिर के पर्यटन विकास एवं सौंदरीकरण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, इस अवसर पर बोलते हुए पर्यटन मंत्री ने कहा कि अपनी विरासत और परंपरा को सजोने हेतु हम निरंतर प्रयासरत है, हमारा उद्देश्य है कि फिरोजाबाद को पर्यटन का हब बनाया जाए, जिससे लोग यहां की विरासत और संस्कृति से परिचित हो सके, खासकर आधुनिक पीढ़ी हमारी विरासत के बारे में अवश्य जानकारी प्राप्त करें, इस अवसर पर टुंडला विधायक प्रेमपाल धनगर, भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख सुनील चक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बांकेबिहारी मंदिर में अत्यधिक भीड़ में बुजुर्गों की हो रही है तबियत खराब

**मथुरा।** बांकेबिहारी मंदिर में रविवार को एक बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ गई। वह भीड़ में फंसकर बेहोश हो गए। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए। वहीं, एक महिला श्रद्धालु की तबीयत भी बिगड़ गई।वीकेंड पर बांकेबिहारी मंदिर में रविवार श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दर्शन के दौरान मंदिर परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया जब एक बुजुर्ग श्रद्धालु भीड़ में फंसकर बेहोश हो गए, वहीं एक महिला श्रद्धालु की तबीयत भी अचानक बिगड़ गई। दोनों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हर बार की तरह इस बार भी रविवार का अवकाश होने के चलते बांकेबिहारी मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त दर्शनों को पहुंचे। सुबह से ही दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया था, लेकिन बढ़ती भीड़ के बीच कुछ समय के लिए अव्यवस्था देखने को मिली। बताया गया कि बुजुर्ग श्रद्धालु जगमोहन में बांकेबिहारी के दर्शन के लिए पहुंचे थे, तभी भीड़ का दबाव बढ़ने से उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश होकर गिर पड़े। आसपास मौजूद पुलिसकर्मियों और सेवादारों ने उन्हें तुरंत बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल भेजा। इसी दौरान एक महिला श्रद्धालु को भी चक्कर आने पर मेडिकल सहायता दी गई। मंदिर परिसर में अचानक हुई इस घटना से कुछ देर के लिए स्थिति बिगड़ी गई। पुलिस और मंदिर प्रबंधन ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्था को संभाला और भीड़ को नियंत्रित किया।

## संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में वक्ताओं ने दिया बहुमूल्य ज्ञान



**मथुरा।** संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल द्वारा संतोष मैमोरियल आडिटोरियम में ह्यचिकित्सा में अंतःविषय प्रशिक्षणः आवश्यकता और व्यवहार्यताह्न विषय को लेकर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए वक्ताओं ने चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा वितरण में अंतःविषय सहयोग और एकीकृत दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डाला और चिकित्सा क्षेत्र में व्यापक रोगी देखभाल और नवाचार सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न चिकित्सा विषयों के संयोजन की व्यवहार्यता और आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा स्वागत भाषण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी ने उत्साहवर्धक और उत्साहपूर्ण शब्दों में कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक डॉ. आकांक्षा ने कार्यक्रम के सभी गणमान्य अतिथियों का संक्षिप्त परिचय दिया। मुख्य अतिथि, आईपीएस (सेवानिवृत्त), अनुप्रयुक्त विधि के प्रकांड विद्वान डॉ. विपिन कुमार मिश्रा ने अंतःविषय चिकित्सा पद्धति के नैतिक और कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डाला और स्वास्थ्य सेवा में अनुप्रयुक्त कानून के महत्व पर बल दिया। विशिष्ट वक्ता, पद्मश्री पुरस्कार विजेता, पूर्व निदेशक और सीईओ, दिल्ली राज्य कैंसर संस्थान, डॉ. राजेश कुमार ग्रोवर ने चिकित्सा विज्ञान के उभरते परिदृश्य और बेहतर स्वास्थ्य सेवा परिणामों के लिए आयुर्वेदिक और आधुनिक चिकित्सा प्रणालियों के एकीकरण की आवश्यकता पर एक गहन व्याख्यान दिया। आयुर्वेद के विभिन्न विभागों के संकाय सदस्यों और छात्रों ने इसके बाद हुई संवादात्मक चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया।

# 550 क्षय रोगियों को बांटी गयी पौष्टिक सामग्री



**मथुरा।** जनपद में जिला क्षय रोग विभाग द्वारा मंडोना ग्रामीण विकास फाउंडेशन के माध्यम से दो दिवसीय जागरूकता एवं पौष्टिक आहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोवर्धन, बरसाना, फरह और बलदेव क्षेत्रों में 550 क्षय रोगियों को पौष्टिक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान मरीजों को स्वच्छता का पालन करने, दवा को समय से लेने, परिजनों की जांच करवाने और अपने अनुभव साझा कर टीबी चैम्पियन बनने हेतु प्रेरित किया गया। संस्था के निदेशक लक्ष्मीकांत गौर ने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल सामग्री वितरण नहीं, बल्कि मरीजों को सामाजिक, मानसिक और पोषण संबंधी सहयोग प्रदान करना भी है। हम पिछले चार वर्षों से ग्रामीण ब्लॉकों में लगातार कार्य कर रहे हैं और हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक मरीज उपचार पूरा करे और आगे चलकर दूसरे मरीजों को प्रेरित करने वाला ह्यटीबी चैम्पियनह्न बने। उन्होंने क्षय रोगियों को गोद लेने के अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की अपील भी की। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. संजीव यादव ने बताया कि टीबी उन्मूलन में सामुदायिक सहयोग सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। टीबी का इलाज पूरी तरह संभव है, पर उपचार को नियमित रूप से पूरा करना आवश्यक है। पौष्टिक भोजन, जागरूकता और समय पर जांच इस बीमारी को हराने के आधार स्तंभ हैं। मथुरा में अब तक सोलह हजार से अधिक क्षय रोगी पंजीकृत किए जा चुके हैं। मौके संस्था एवं अधिकारियों ने अपील की कि आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति, संस्था या समूह किसी क्षय रोगी को गोद लेकर उसकी पोषण, दवा पालन और मानसिक समर्थन में सहयोग कर सकते हैं।

फाउंडेशन और स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील एवं जागरूक किया कि यदि किसी को दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार या वजन कम होने जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत टीबी की जांच कराएं। टीबी की जांच और उपचार पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। कार्यक्रम में डॉ चंद्रवल्ली, आलोक तिवारी, निश्चल दिवाकर, शिव कुमार, तेजवीर, पंकज यादव, मुकेश कुमार, संजय शर्मा, सत्यवीर, अनूप, प्रेम कुमार, राजेश दीपक आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे और जागरूकता अभियान में सक्रिय सहयोग दिया।

## डीएम ने रजिस्ट्री को लेकर फार्मर किया सीएससी का निरीक्षण

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** जनपद के किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभसुनिश्चित करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अभियान का देर शाम जिलाधिकारी सीपी सिंह ने कॉमन सर्विस सेंटरों (सीएससी) का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों के पंजीकरण की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से फर्मर रजिस्ट्री अभियान को गति दी जा रही है। शनिवार रात 10 बजे डीएम सीपी सिंह ने ब्लॉक चैमुहा स्थित हरिओम जनसेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र संचालक से फर्मर रजिस्ट्री की प्रगति के बारे में पूछा और मौके पर ही कुछ किसानों का पंजीकरण भी करवाया। जिलाधिकारी ने किसानों को फर्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राजस्व कर्मियों और सीएससी संचालकों को निर्देश दिए कि वे किसानों से संपर्क कर उनका पंजीकरण कराएं, ताकि कोई भी किसान सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। फार्मर रजिस्ट्री किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से उन्हें सरकारी योजनाओं, किसान सम्मान निधि, सब्सिडी और अन्य सहायता राशि का सीधा लाभ मिल सकेगा। जिलाधिकारी ने सीएससी संचालकों और संबंधित अधिकारियों को अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करने का कार्य सौंपा। इस अवसर पर एसडीएम छाता वैभव गुप्ता, सचिन पवार तहसीलदार छाता, अभिमन्यु सेठ बीडीओ चैमुहां मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## गो संरक्षण केंद्रों का डीएम ने किया निरीक्षण गौवंशों को ठंड से बचाने के दिये निर्देश

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील छाता के ग्राम सिहाना स्थित वृहद गो संरक्षण केन्द्र तथा तहसील गोवर्धन के ग्राम सहार स्थित वृहद गो संरक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सर्दी / ठंड के दृष्टिगत गौशाला में गौवंशों हेतु की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने हरा-चारा, भूसा, खर, चोकर, पानी, साफ-सफाई, शेड आदि का जायजा लिया। डीएम ने ठंड के दृष्टिगत गौशालाओं के शेड को तिरपाल से कवर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फर्श/जमीन पर पुआल, भूसा या पेड़ की पत्तियाँ बिछाएं ताकि गौवंशों को ठंड न लगे। गौशाला के दरवाजों और खिड़कियों पर बोरे लगाएं ताकि ठंडी हवा का प्रवेश रोका जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नियमित अंतराल पर अलाव जलाएं ताकि गौवंश को गर्माहट मिल सके। गौवंशो की नियमित जांच कराए तथा ठंड के मौसम में बीमार होने वाले गौवंशों का विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण में सिहाना ग्राम प्रधान तुलाराम द्वारा अवगत कराया गया कि गौशाला में लगभग 310 गौवंश संरक्षित है। निरीक्षण में ग्राम सहार प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि गौशाला में लगभग 290 गौवंश संरक्षित हैं।



# जिला कांग्रेस कमेटी ने की साप्ताहिक बैठक

- एक कदम गांधी के साथ पदयात्रा पर हुआ विचार-विर्मश




**मथुरा।** आज जिला कांग्रेस कमेटी के सेठबाडा स्थित कार्यालय पर साप्ताहिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में सद्भावना, संविधान और लोकतंत्र की विरासत के लिए 2 अक्टूबर को राजघाट वाराणसी से दिल्ली तक आरंभ हुई पदयात्रा एक कदम गांधी के साथ जिसका उद्देश्य समता, बंधुता, सम्मान, सहिष्णुता, शांति, इंसाफ और निर्भयता एवं प्रकृति संरक्षण है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए का शिवदत्त चतुर्वेदी ने बताया कि आज देश की बड़ी चुनौतियां हैं जिसमें बढ़ती मंहगाई घटता रोजगार, किसानों की घटती आमदनी और बढ़ता कर्ज, घटता व्यापार बढ़ता टैक्स, रेल बिजली सड़क का निजीकरण, नागरिक अधिकारों पर हमला, वोट का अधिकार, नागरिक अधिकार एवं स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं -गांधी, नेहरू, लोहिया, मौलाना आजाद, डॉ अम्बेडकर के योगदान को नकारते हुए मनगढ़ंत इतिहास बताना है आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चरित्र और विचारों पर हमला तथा गांधी विचार की संस्थाओं जैसे साबरमती आश्रम, गुजरात विद्यापीठ, सेवाग्राम आश्रम, सर्व सेवा संघ वाराणसी पर मनगढ़ंत आरोप और अवैधानिक कब्जा की कोशिश करना है।

श्री चतुर्वेदी ने बताया कि एक कदम गांधी के साथ एतिहासिक यात्रा 15 नवंबर को मथुरा जनपद की सीमा में प्रवेश करेगी जो कि 20 नवंबर तक मथुरा शहर व देहात में भ्रमण कर दिल्ली को प्रस्थान करेगी। जहां 25 नवंबर संविधान दिवस को दिल्ली में यात्रा का समापन होगा। कार्यक्रम का संचालन पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने किया। उपस्थित जनों में मुख्य रूप से सर्वश्री वैद्य मनोज गौड़ महेश चौबे राकेश शर्मा सुशील सागर मोहित चैधरी पूरन सिंह बलवीर सिंह अनिल खरे दिलशाद खान हर्ष कुमार अजीम शाह सुरेश शर्मा कलुआ मनीष चौधरी विवेक कुमार करण निषाद अरनब चौधरी दीपक दीक्षित जिलानी कादरी रवि वाल्मीकि सागर माहौर सहित आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर, मथुरा में मनाया गया राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस

**मथुरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय मथुरा के तत्वावधान में आज राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर, मथुरा में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेन्द्र प्रसाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा ने बालकिशोर अपचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 9 नवम्बर को प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए निष्पक्ष, न्यायसंगत एवं सुलभ न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करना तथा विधिक जागरूकता बढ़ाना है। विशिष्ट अतिथि विकास कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी, मथुरा ने कहा कि भारत में प्रत्येक वर्ष 9 नवम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। विनेश कुमार सनवाल, पी.एल.वी. एवं सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि ह्न्याय का अधिकार हर नागरिक का है और अब यह अधिकार आपके पास, बिना किसी शुल्क के !ह्व उन्होंने कहा कि इस दिवस का प्रमुख उद्देश्य समाज के कमजोर तबकों में विधिक जागरूकता फैलाना एवं उन्हें यह विश्वास दिलाना है कि प्रत्येक व्यक्ति निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने का अधिकारी है। कार्यक्रम में उमा शंकर शर्मा, पी.एल.वी. ने बालकिशोर अपचारियों को उनके मौलिक अधिकारों एवं विधिक सहायता योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन दीपक गोस्वामी, पी.एल.वी. द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभाकर सिंह, अधीक्षक, राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर मथुरा; राजेश वर्मा, अधीक्षक, राजकीय शिशु सदन, केओमकार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

संक्षेप

## कोक बडी ने कॉर्नर स्टोर्स को स्मार्ट रिटेल हब में बदला

नई दिल्ली। कोका-कोला इंडिया ने अपने मोबाइल ऐप कोक बडी का दायरा बढ़ाया है।यह एक स्मार्ट, एआई-इनेबल्ड ऐप है जोकि दुकानदारों को आसानी और तेजी से काम करने की ताकत देता है, वह भी सीधे उनके मोबाइल में।इस लॉन्च के बाद से, कोक बडी ने भारत में किसी भी एफएमसीजीईबी2बी रिटेल प्लेटफॉर्म की तुलना में सबसे तेजी से अपना दायरा बढ़ाया है और 10 लाख से अधिक रिटेलर्स इसका उपयोग कर रहे हैं।ऐप ने उद्योग-नेतृत्व वाले एंगेजमेंट रेट हासिल किए हैं, जिसमें रिटेलर हर महीने रिपीट ऑर्डर्स देते हैं ताकि अपने पसंदीदा कोका-कोला प्रोडक्ट्स खरीद सकें, जो पारदर्शी ऑफर्स, एआई-संचालित सुझावों और यूजर-अनुकूल इंटरफेस द्वारा संचालित है।

## बीएसई 500 एन्हांस्ड वैल्यू 50 इंडेक्स फंड लॉन्च

गोरखपुर। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) के लिए एक नया फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ बीएसई 500 एन्हांस्ड वैल्यू 50इंडेक्स फंडलॉन्च किया है।इस फंड का उद्देश्य ग्राहकों को भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं( ग्रोथ स्टोरी) में भागीदारी के लिए मंच प्रदान करना है। यह फंड उन शेयरों पर ध्यान केंद्रित करेगा, जो सैद्धांतिक रूप से मजबूत हैं, लेकिन फिलहाल अपनी वास्तविक क्षमता से कम मूल्य प्रदान कर रहे हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ बीएसई 500 एन्हांस्ड वैल्यू 50 इंडेक्स फंड निष्क्रिय रूप से प्रबंधित फंड है, जोहमारे यूलिप ग्राहकों को भारत की वृद्धिकी संभावनाओं में भाग लेने का सरल और पारदर्शी तरीका प्रदान करेगा।

## स्टाइल आइकॉन को एक मंच दे रहा फैशन टूर

बंगलुरु। इस बार भी यह टूर फैशन, क्रिएटिविटी और संस्कृति को एक साथ लाकर एक शानदार मंच तैयार करेगा। यह फैशन टूर देश के प्रमुख डिजाइनरों और मशहूर स्टाइल आइकॉन को एक मंच पर ला रहा है। यह मंच द वन एंड ओनली की थीम पर आधारित होगा, जो आने वाले समय में फैशन की अगली दिशा तय करेगा।2025 में एक बार फिर लौट रहा है ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर।ऐसे दौर में जब फैशन ट्रेंड जल्दी बदल जाते हैं, फैशन टूर इस बार अपनी सबसे साहसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह फैशन को आगे ले जाने और फैशनस नेक्स्ट मूव तय करने के मायने को एक नए रूप में पेश कर रहा है। यह सिर्फ एक थीम नहीं है, बल्कि एक साफ घोषणा है कि फैशन का नया अध्याय किसी आम रैंप पर शुरू नहीं होता।

## द बंगाल फाइल्स का प्रीमियर जी5 पर 21 से

नयी दिल्ली। अपनी बहुचर्चित थिएटर रिलीज के बाद, द बंगाल फाइल्स जो कि विवेक अग्निहोत्री द्वारा लिखित और निर्देशित एक बहुप्रतीक्षित ऐतिहासिक ड्रामा है, तथा अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स और आई एम बुद्धा प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित है – अब 21 नवम्बर 2025 से जी5 पर अपने विश्व डिजिटल प्रीमियर के लिए तैयार है। फिल्म में अनुपम खेर, पल्लवी जोशी, मिथुन चक्रवर्ती, दर्शन कुमार, सिमरत कौर और सस्वता चटर्जी के दमदार अभिनय देखने को मिलेंगे। यह फिल्म मशहूर फाइल्स ट्रिलॉजी( द ताशकंद फाइल्स और द कश्मीर फाइल्स के बाद) का तीसरा हिस्सा है । इसकी कहानी आजादी से पहले के उथल-पुथल भरे बंगाल की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म में 1946 के ग्रेट कलकत्ता किलिंग्स (डायरेक्ट एक्शन डे) से जुड़ी घटनाओं को फिर से दिखाया गया है, जिन्होंने भारत के विभाजन और आजादी के रास्ते पर गहरा असर डाला था।

## जी5 पर रिलीज होगी फिल्म साली मोहब्बत

नयी दिल्ली। जी5 की ऑरिजिनल फिल्म – साली मोहब्बत इस साल के अंत में सिर्फ जी5 पर रिलीज के लिए तैयार है। टिस्का चोपड़ा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है, जिसमें राधिका आप्टे, दिव्येंदु शर्मा, अनुराग कश्यप, अंशुमान पुष्कर, सौरसेनी मैत्रा और शरत सक्सेना ने मुख्य किरदार निभाए हैं। जियो स्टूडियोज और मनीष मल्होत्रा के स्टेज5 प्रोडक्शन द्वारा प्रोड्यूस की गई ये थ्रिलर-ड्रामा बेहद मशहूर डिजाइनर की पहली डिजिटल फिल्म है, जो विजुअल्स की उनकी बारीकियों और जज्बातों से भरी एक शानदार कहानी का बेहद खूबसूरत मेल है। जियो स्टूडियोज और जी5 चौथी बार साथ मिलकर काम कर रहे हैं।इस फिल्म की कहानी एक छोटे शहर की हाउसवाइफ, स्मिता (राधिका आप्टे) के इर्द-गिर्द घूमती है।

# कंपनियों की पूंजी 88635 करोड़ घटी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 88,635.28 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में भारती एयरटेल और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रहीं।

पिछले सप्ताह पांच नवंबर को गुरु नानक जयंती पर शेयर बाजार बंद रहा था। सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 722.43 अंक या 0.86 प्रतिशत टूट गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 229.8 अंक या 0.89 प्रतिशत नीचे आया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत बढ़ गई। सप्ताह के दौरान भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 30,506.26 करोड़ रुपये घटकर 11,41,048.30 करोड़ रुपये रह गया। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 23,680.38 करोड़ रुपये टूटकर 10,82,658.42 करोड़ रुपये पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 12,253.12 करोड़ रुपये घटकर 5,67,308.81 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 11,164.29 करोड़ रुपये घटकर 20,00,437.77 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 7,303.93 करोड़ रुपये घटकर 15,11,375.21 करोड़ रुपये पर रहा। इन्फोसिस का मूल्यांकन 2,139.52 करोड़ रुपये घटकर 6,13,750.48 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 1,587.78 करोड़ रुपये घटकर 9,59,540.08 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 18,469 करोड़ रुपये बढ़कर 5,84,366.54 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 17,492.02 करोड़ रुपये बढ़कर 8,82,400.89 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन 14,965.08 करोड़ रुपये बढ़कर 6,63,721.32 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

## एफपीआई ने नवंबर में अब तक भारतीय शेयर बाजार से 12,569 करोड़ रुपये निकाले

नयी दिल्ली। अक्टूबर में थोड़े विराम के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने बिकवाली फिर शुरू कर दी है। कमजोर वैश्विक संकेतों और जोखिम-रहित धारणा के बीच नवंबर में अब तक एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से 12,569 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है।



डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में एफपीआई ने शेयरों में 14,610 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था, जो लगातार कई महीनों की निकासी के बाद आया था। सितंबर में एफपीआई ने 23,885 करोड़ रुपये, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये की निकासी की थी। नवंबर के अब तक हर कारोबारी दिन जारी रही बिकवाली की नई प्रवृत्ति ने इस साल अन्य प्रमुख बाजारों की तुलना में भारत के खराब प्रदर्शन में योगदान दिया है।2025 में एफपीआई गतिविधियों की एक प्रमुख विशेषता निवेश प्रवाह में विविधता रही है, जहां हेज फंड भारत में बिकवाली कर रहे हैं, जबकि अमेरिका, चीन, दक्षिण कोरिया और ताइवान जैसे एआई-संचालित तेजी के लाभार्थी माने जाने वाले बाजारों में लिवाली कर रहे हैं। भारत को वर्तमान में एआई-आधारित कमजोर प्रदर्शन करने वाला देश माना जा रहा है, और यही धारणा एफपीआई की रणनीति को आकार दे रही है। हालांकि, विजयकुमार ने आगे कहा कि एआई-संबंधित मूल्यांकन अब बढ़ा हुआ है, और वैश्विक प्रौद्योगिकी शेयरों में संभावित बुलबुले का जोखिम भारत में निरंतर बिकवाली को सीमित कर सकता है। एशिया और अन्य प्रमुख बाजारों में प्रौद्योगिकी शेयरों में वैश्विक बिकवाली के बीच नवंबर के पहले सप्ताह में एफपीआई ने 12,569 करोड़ रुपये मूल्य के भारतीय शेयर बेचे। भारतीय कंपनियों के वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के नतीजे उम्मीद से थोड़े बेहतर रहे हैं, खासकर मध्यम आकार के खंड में। लेकिन वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण विदेशी निवेशक निकट भविष्य में जोखिम भरी संपत्तियों के प्रति सतर्क रह सकते हैं। इस तरह 2025 में अब तक, एफपीआई ने 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है।

## खरीदार न मिलने के कारण घाटे में चल रही श्रीलंकन एयरलाइंस का पुनर्गठन होगा


कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने कहा है कि प्रबंधन नियंत्रण के लिए खरीदार न मिलने के बाद सरकार घाटे में चल रही राष्ट्रीय विमानन कंपनी श्रीलंकन एयरलाइंस का पुनर्गठन करेगी।

शुक्रवार को 202526 का बजट पेश करते हुए दिसानायके ने कहा, कोई खरीदार नहीं मिला हैं। उन्होंने यह टिप्पणी उन प्रयासों के संदर्भ में की जो पिछली सरकारों ने श्रीलंकन एयरलाइंस के प्रबंधन को सरकारी नियंत्रण से अलग करने के लिए किए थे। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा लगभग तीन अरब डॉलर के राहत पैकेज से जुड़ी सख्त शर्तों के कारण, राष्ट्रीय विमानन कंपनी का विनिवेश बेहद महत्वपूर्ण हो गया था। यह राहत पैकेज 2023 में उस समय दिया गया था, जब श्रीलंका अपने इतिहास में पहली बार समय पर विदेशी ऋण नहीं चुका पाया था। दिसानायके ने कहा, हम अगले साल की शुरुआत तक इसके प्रबंधन का पुनर्गठन करेंगे। प्रबंधन को इस कार्य के लिए एक व्यावसायिक योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार दिसंबर के अंत तक विमानन कंपनी के पुनर्गठन को पूरा करने की उम्मीद कर रही है। यदि पुनर्गठन असफल होता है, तो वैकल्पिक कदम उठाए जाएंगे।

## वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह मुद्रास्फीति के आंकड़ों, कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों और वैश्विक रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

इसके अलावा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियां भी शेयर बाजार के रुख को प्रभावित करेंगी। यह सप्ताह महत्वपूर्ण रहेगा, क्योंकि कई प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़े जारी होने वाले हैं। घरेलू मोर्चे पर, भारत के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति और थोक (डब्ल्यूपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जो महंगाई की दिशा और नीतिगत दृष्टिकोण के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे।



उन्होंने कहा कि सप्ताह के दौरान ओएनजीसी, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और ऑयल इंडिया जैसी प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजों आएंगे, जिन पर सभी की निगाह रहेगी। इसके साथ रुपये-डॉलर का रुख और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। इस सप्ताह कई प्रमुख घरेलू और वैश्विक वृहद आर्थिक कारक बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगे। घरेलू मोर्चे पर, अक्टूबर के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर कड़ी नजर रखी जाएगी, क्योंकि इससे निवेशकों को ब्याज दर के भविष्य के बारे में स्पष्ट जानकारी मिलने की संभावना है। वैश्विक स्तर पर, सभी की निगाहें अमेरिका में कुछ विभागों का कामकाज ठप होने (शटडाउन) पर रहेगी। इसकी वजह से महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों को जारी नहीं किया जा सका है जिससे निवेशकों और नीति-निर्माताओं को वास्तविक स्थिति की जानकारी नहीं मिल पा रही है। बीते कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 722.43 अंक या 0.86 प्रतिशत और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 229.8 अंक या 0.89 प्रतिशत नीचे आया।

## हरियाणा सरकार किसानों को बागवानी फसलों की खेती के लिए कर रही है प्रोत्साहित

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार किसानों को बागवानी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के लिए नए प्रावधान ला रही है।

बागवानी विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस पहल के तहत किसानों को फलों, सब्जियों, फूलों और मसालों की खेती के लिए प्रेरित किया जाएगा। योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रवक्ता ने कहा कि इसमें नए फलों के बागान की स्थापना, एकीकृत मॉडल के माध्यम से सब्जियों की खेती, फलों की फसलें, मसाले और सुगंधित पौधे उगाने जैसी गतिविधियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को निम्नानुसार सब्सिडी प्रदान की जाएगी, नए फल बाग़ लगाने पर प्रति एकड़ 24,500 रुपये से 1,40,000 रुपये तक, एकीकृत मॉडल के अंतर्गत सब्जी की खेती पर प्रति एकड़ 15,000 रुपये, अनुसूचित जाति के किसानों के लिए प्रति एकड़ 25,500 रुपये, मसाला फसलों की खेती पर प्रति एकड़ 15,000 रुपये से 30,000 रुपये तक, फूलों की खेती पर प्रति एकड़ 8,000 रुपये से 40,000 रुपये तक और सुगंधित पौधों की खेती पर प्रति एकड़ 8,000 रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। सब्सिडी राशि सीधे किसान के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। सब्सिडी सहायता की अधिकतम सीमा पांच एकड़ तक है।

# सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल-तिलहन में सुधार

नयी दिल्ली। बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों, मूंगफली और सोयाबीन तेल-तिलहन कीमतों में मामूली सुधार देखने को मिला। हालांकि, इस सुधार के बावजूद मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे दाम पर बिकना जारी है। सट्टेबाजी के कारण ऊंचे दाम वाले पाम-पामोलीन की जाड़े की मांग प्रभावित होने से पाम-पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट आई।

बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह मुख्यतः स्टॉकिस्ट की सट्टेबाजी से सरसों तेल-तिलहन में कुछ सुधार तो है पर ऊंचा दाम होने की वजह सरसों तेल के लिवाल नहीं हैं। सटोरियों ने सिर्फ भाव ऊंचा कर रखा है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार सोयाबीन तेल-तिलहन में भी मामूली सुधार है पर



इस सुधार के बावजूद आयातक सोयाबीन डीगम तेल को आयात की लागत से 2.5-3 प्रतिशत नीचे दाम पर बेच रहे हैं। इसी प्रकार मूंगफली तेल-तिलहन में भी अपने विगत सप्ताहांत के मुकाबले मामूली सुधार तो है पर इसे भी एमएसपी से काफी नीचे हाजिर दाम पर बेचा जा रहा है। कुल मिलाकर देखें तो बीते सप्ताह जो मामूली सुधार है, उसे सही मायने में सुधार नहीं माना जाना चाहिये। यह सुधार केवल पिछले सप्ताहांत के मुकाबले मामूली सुधार को दर्शाता है। सूत्रों ने कहा कि सट्टेबाजों ने जो पाम-पामोलीन के दाम चढ़ा रखे थे, उसकी हवा निकलना शुरू हो गई है। कुछ ही दिन पहले कुछ समीक्षक मलेशिया एक्सचेंज में पाम-पामोलीन के दाम में लगभग 10 प्रतिशत की और तेजी आने का अनुमान जता रहे थे लेकिन दाम में विगत एक माह में लगभग आठ प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर पाम-पामोलीन का दाम सोयाबीन तेल के आसपास मंडरा रहा है। जाड़े में जमने के गुण की वजह से वैसे भी पाम-पामोलीन की मांग कमजोर रहती है। ऊपर से पाम-पामोलीन के दाम सोयाबीन के आसपास होने की वजह से इसमें लिवाली काफी कमजोर है जो पाम-पामोलीन में गिरावट का मुख्य कारण है। सूत्रों ने कहा कि आयातक बैंकों में अपना ऋण-साखपत्र (एलसी) चलायमान रखने और कर्ज लौटाने के लिए आयातित तेल को लागत से नीचे दाम पर बेच रहे हैं। इस ओर सरकार को भी ध्यान देना होगा क्योंकि इससे पूरी कारोबारी धारणा प्रभावित होती है। बाजार धारणा बिगड़ने के बीच बिनौला तेल के दाम भी अपने पूर्व सप्ताहांत के मुकाबले समीक्षाधीन सप्ताहांत में हानि दर्शाते बंद हुए। वैसे देखें तो कपास, (जिससे बिनौला और फिर बिनौला तेल निकलता है) भी एमएसपी से नीचे के हाजिर दाम पर बिक रहा है। सूत्रों ने कहा कि एक ओर मलेशिया में पाम-पामोलीन का उत्पादन इतना अधिक है कि उन्हें इन तेलों को स्टॉक करने के लिए जगह की दिक्कत होती है।

## कोल इंडिया चालू वित्त वर्ष में 87.5 करोड़ टन उत्पादन का लक्ष्य हासिल करने का प्रयास करेगी: सीएमडी

कोलकाता। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सनोज कुमार झा ने रविवार को कहा कि कंपनी चालू वित्त वर्ष में 87.5 करोड़ टन उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने या उसके करीब पहुंचने की आकांक्षा रखती है।

यह बयान ऐसे समय में आया है जब कोल इंडिया पिछले दो महीनों में अपने उत्पादन लक्ष्य से चूक गई है। हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर झा ने कहा, आज मैं यह नहीं कह सकता कि हम (उत्पादन लक्ष्य) पूरा नहीं करेंगे। मैं यह भी नहीं कह सकता कि हम पूरा करेंगे। लेकिन हम प्रयास करेंगे कि लक्ष्य तक या उसके करीब पहुंच सकें। कोयला मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव झा ने एक नवंबर को कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का कार्यभार संभाल लिया। सीएमडी ने कहा कि मानसून की बारिश के कारण कोल इंडिया सितंबर और अक्टूबर में




अपने उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने से चूक गई। उन्होंने कहा कि कोयले की मांग बहुत सुस्त रही है और बिजली क्षेत्र की मांग में भी कमी आई है। झा ने उद्योग की कोयला जरूरतों को पूरा करने का आश्वासन देते हुए कहा, साल के अंत तक हमारे पास पिछली बार की तुलना में ज्यादा भंडार होगा। अक्टूबर में सीआईएल का उत्पादन 9.8 प्रतिशत घटकर 5.64 करोड़ टन रह गया, जबकि सितंबर में कंपनी का उत्पादन घटकर 4.89 करोड़ टन रहा था।

## पेज एक का शेष

### बिहार में दूसरे

दिया गया है। दूसरे चरण के मतदान में 1302 प्रत्याशी चुनावी मैदान हैं। इनमें 1165 पुरुष उम्मीदवार, 136 महिला उम्मीदवार और एक थर्ड जेंड हैं। वहीं तीन करोड़ 70 लाख मतदाता दूसरे चरण में मतदान करेंगे। एक करोड़ 95 लाख पुरुष वोटर हैं। एक करोड़ 74 लाख महिला वोटर हैं। चार लाख चार हजार दिव्यांग वोटर हैं। 63373 सर्विस वोटर हैं। 943 थर्ड जेंडर हैं। 43 एनआरआई हैं। वहीं 18 से 19 साल के मतदाताओं की संख्या सात लाख 69 हजार 356 है। बिहार डीजीपी विनय कुमार ने कहा, ‘दूसरे चरण के चुनाव की तैयारियां पहले चरण से भी ज्यादा कड़ी हैं। जिन ज़िलों में मतदान होगा, उनमें से कुछ अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित हैं, जैसे भारत-नेपाल सीमा से लगे सात ज़िले। अंतरराज्यीय सीमा से लगे ज़िलों में भी चुनाव हो रहे हैं। इन राज्यों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं और इन राज्यों के डीजीपी से बातचीत भी हो चुकी है। सुरक्षा इंतजामों की जानकारी देते हुए डीजीपी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा कल सील कर दी गई थी। अंतरराज्यीय सीमा आज सील कर दी जाएगी। सीमावर्ती राज्यों में चेकपोस्ट बनाए गए हैं और संयुक्त जांच होगी। इस चरण में 1,650 कंपनियां तैनात की जा रही हैं। इसके अलावा, जिन ज़िलों में चुनाव होने हैं, वहां राज्य पुलिस बल तैनात किया जाएगा। सभी तैयारियां चल रही हैं। अश्वारोही दस्ता भी तैनात किया गया है।

### वाइब्रेंट विलेज

चार गुना बढ़ा है, वहीं सड़क नेटवर्क भी दोगुना हो चुका है। कभी छह महीने में चार हजार यात्री हवाई सेवाओं का लाभ ले पाते थे, आज प्रतिदिन चालीस हजार से अधिक लोग वायुसेवा का उपयोग कर रहे हैं। चिकित्सा और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में भी राज्य ने उल्लेखनीय विस्तार किया है। कनेक्टिविटी को उत्तराखंड की प्रगति का मूल आधार बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की आधारभूत परियोजनाएं प्रदेश में क्रियान्वित हो रही हैं। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन, दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे तथा गौरीकुंड से केदारनाथ व गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक प्रस्तावित रोपवे जैसे प्रोजेक्ट प्रदेश को विकास की नई गति प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री ने सर्दियों में बढ़ते पर्यटन, आदि कैलाश हाई ऑल्टिट्यूड मैराथन, और प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे इको व एडवेंचर टूरिज्म की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि तीन वर्ष पहले जहां आदि कैलाश में सालभर में दो हजार से कम यात्री आते थे, अब यह संख्या 30 हजार तक पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि नई फिल्म नीति के बाद उत्तराखंड तेजी से फिल्म शूटिंग और वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। राज्य के स्थानीय उत्पादों की सफलता का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि 15 कृषि उत्पादों को जीआई टैग मिल चुका है और हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड डिजिटल प्लेटफॉर्मों के माध्यम से इन्हें वैश्विक बाजार तक पहुंचा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शास्त्रों में भी कहा गया है कि 'राजा धर्मस्य कारणम' यानि राजा ही धर्म का कारण और रक्षक होता है, जब राजा धर्मपरायण होता है, तब राज्य में सबका कल्याण होता है। ये सूत्र वाक्य प्रधानमंत्री के दिव्य, प्रेरणादायी और कर्मनिष्ठ व्यक्तित्व का साक्षात प्रतिबिंब है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि केदारनाथ त्रासदी, सिलक्यारा टनल हादसा, जोशीमठ भूधंसाव या अन्य प्राकृतिक आपदाओं के समय प्रधानमंत्री ने संवेदनशीलता के साथ उत्तराखंड की जनता का साथ दिया है। प्रधानमंत्री के इसी स्नेहपूर्ण सहयोग और मार्गदर्शन से उत्तराखंड कठिनाइयों से उबरकर एक नई शक्ति, नए संकल्प और नई ऊर्जा के साथ आज आगे आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल ले. ज. (से.नि.) गुरमीत सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूड़ी, राज्यसभा सांसद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट सहित गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

### विश्वास के

छिने और किसानों तथा सामान्य जनता को विषम हालात में डाल दिया। योगी आदित्यनाथ ने यूपी के पिछले साढ़े आठ साल के डबल इंजन शासन का ज़िक्र कर कहा कि वहां कर्फ्यू और दंगे अब नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यूपी न कर्फ्यू न दंगा है, वहां सब चंगा है। वह इसे एनडीए के सुशासन की सफलता के रूप में पेश करते दिखे। उन्होंने बिहार के विकास के लिए नितीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि 2005 के बाद से बिहार में रोड, बिजली, पेयजल, शैक्षणिक और चिकित्सा संस्थानों की श्रृंखला बनकर आई है और मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 11 साल में यह और भी तेज हुआ। योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में राममंदिर के निर्माण और उससे जुड़े विकास कार्यों का भी संदर्भ देते हुए कहा कि आस्था और विकास दोनों का सम्मान एनडीए ही करेगा। यूपी के मुख्यमंत्री ने अयोध्या में राममंदिर निर्माण का उदाहरण देते हुए कहा कि एनडीए जो कहता है, वह कर के दिखाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा था कि राम तो हुए ही नहीं। आरजेडी ने रथयात्रा को रोका था और समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर गोली चलाई थी। लेकिन आज अयोध्या में भगवान श्रीराम विराजमान हैं और भव्य राममंदिर बन चुका है। योगी आदित्यनाथ ने बताया कि अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि, निषादराज, माता शबरी और जटायू जैसी पवित्र विभूतियों की स्मृति में स्थल बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भव्य अयोध्या के दर्शन करेंगे। सभा में सीएम ने नरपतगंज से एनडीए द्वारा घोषित प्रत्याशी देवंती यादव के पक्ष में वोट मांगा और कहा कि महागठबंधन के प्रत्याशी की जमानत जब्त होगी और देवंती यादव भारी मतों से विजयी होंगे। उन्होंने लोगों से घर-घर जाकर मोदी जी और नितीश बाबू का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया। योगी ने यह भी कहा कि प्रथम चरण में तय हो चुका है कि बिहार में महागठबंधन को आने नहीं दिया जाएगा और नरपतगंज में कमल को खिलाने का समय है। इस अवसर पर सांसद प्रदीप कुमार सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद गुजरात देवु सिंह चौहान, नरपतगंज से एनडीए प्रत्याशी देवंती यादव, विधानसभा प्रभारी राजेश चंद्र झा, विधानसभा संयोजक नवीन यादव, जदयू जिलाध्यक्ष आशीष पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उमानंद राय, जिला मंत्री आलोक साह, जिला महामंत्री राजेन्द्र यादव, आकाश राज, नागेश्वर यादव और लोजपा के जिलाध्यक्ष अरुण सिंह सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### समाज कल्याण

प्राप्त कर छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि सीधे शिक्षण संस्थाओं के बैंक खातों में भेजी। इससे लगभग 2.74 करोड़ रुपये की अनियमितता हुई। जांच में यह भी पाया गया कि उन्होंने विभागीय वेबसाइट पर छात्रों के रिकार्ड में कूटरचना कर घोटाला किया। इस पर उन्हें बर्खास्त करते हुए 3.23 करोड़ रुपये की वसूली का निर्देश दिया गया है। शाहजहांपुर के तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार पर वित्तीय वर्ष 2022-23 में वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत लाभार्थियों के बैंक खाते बदलकर अपात्र व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने का आरोप सिद्ध हुआ है। इनके खिलाफ सेवा से बर्खास्तगी और 2.52 करोड़ रुपये की वसूली का आदेश जारी हुआ है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। ऐसे सभी मामले जो अब तक दबे हुए हैं, उनमें भी शीघ्र कार्रवाई होगी और दोषियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की जाएगी। तीन सेवानिवृत्त अधिकारियों में वर्ष 2018 से 2020 तक औरैया के जिला समाज कल्याण अधिकारी रहे श्रीभगवान पर जांच में यह आरोप सही पाया गया कि उन्होंने 251 लाभार्थियों के खाते बदलकर अन्य लोगों के खातों में पेंशन की राशि भेज दी।

### गुजरात एटीएस

वह पाकिस्तान के कई लोगों के संपर्क में भी रहा है। जोशी ने बताया, चीन से एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने वाला सैयद एक बड़े आतंकवादी हमले को अंजाम देने के लिए रिसिन नाम का एक बेहद घातक कर रहा था। उसने ज़रूरी शोध शुरू कर दिया था, उपकरण और कच्चा माल जुटा लिया था और शुरुआती रासायनिक प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा कि सैयद उच्च शिक्षित और कट्टरपंथी है, तथा उसने बड़ी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश के तहत धन इकट्ठा करने और लोगों की भर्ती करने की योजना बनाई थी। डीआईजी ने बताया कि एटीएस टीम ने सैयद के मोबाइल फोन से मिली जानकारी के आधार पर उसे हथियार आपूर्ति करने वाले लोगों को भी गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि अन्य आरोपी आजाद सुलेमान शेख और मोहम्मद सुहैल मोहम्मद सलीम, दोनों उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं, जिन्हें बनासकांठा जिले से गिरफ्तार किया गया। जोशी ने बताया कि दोनों ने कथित तौर पर राजस्थान के हनुमानगढ़ से हथियार हासिल किए थे और उन्हें सैयद को दिए थे। उन्होंने कहा, "प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपियों ने लखनऊ, दिल्ली और अहमदाबाद में कई संवेदनशील स्थानों की रेकी की थी। हथियारों के स्रोत के बारे में पूछताछ करने पर उन्होंने खुलासा किया कि उनका हैंडल ड्रोन के जरिये पाकिस्तान से हथियारों की खेप भेजता है। अधिकारी ने बताया कि तीनों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक अदालत ने सैयद को 17 नवंबर तक एटीएस की हिरासत में भेजा है, जबकि दो अन्य को रविवार को अदालत में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे आईएसकेपी से जुड़े हैं या नहीं, यह जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि गुजरात एटीएस भी विभिन्न राज्यों में मामले की जांच कर रही है।

### आरएसएस ने

देते हैं, न कि किसी व्यक्ति या पार्टी के समर्थन के लिए। राम मंदिर निर्माण आंदोलन का उदाहरण देते हुए, भागवत ने कहा कि संघ के स्वयंसेवकों ने इस आंदोलन का समर्थन किया। उन्होंने कहा, भाजपा भी (समर्थन करने के लिए) थी। अगर कांग्रेस या कोई अन्य पार्टी इसका समर्थन करती, तो हम उनका भी समर्थन करते। भागवत ने कहा, हमें किसी एक पार्टी के प्रति खास लगाव नहीं है। संघ का कोई दल नहीं है। कोई दल हमारा नहीं है और सभी दल हमारे हैं, क्योंकि वे भारतीय हैं। भागवत ने कहा कि आरएसएस किसी को बाहर रखे बिना पूरे समाज को संगठित करना चाहता है और वह बिना कोई नारा दिए सबका साथ, सबका विकास में विश्वास करता है। पाकिस्तान के साथ भारत के रिश्ते पर, भागवत ने कहा कि संघ हमेशा पाकिस्तान के साथ शांति चाहता है। उन्होंने कहा, यह पाकिस्तान है, जो हमारे साथ शांति नहीं चाहता, और जब तक पाकिस्तान को भारत को नुकसान पहुंचाने से संतोष मिलता रहेगा, वह ऐसा करता रहेगा। भागवत ने कहा, इसलिए पाकिस्तान के साथ शांति का रास्ता यह है कि हम अपनी तरफ से शांति का उल्लंघन न करें। लेकिन अगर पाकिस्तान शांति का उल्लंघन करता है, तो वह कभी भी सफल नहीं होगा। भागवत ने 1971 के युद्ध का जिक्र करते हुए याद दिलाया कि उस युद्ध के परिणामस्वरूप बांगलादेश का गठन हुआ था, और अगर पाकिस्तान अपनी नीतियों में बदलाव नहीं करता, तो एक दिन वह एक कड़ा सबक सीखेगा।

### यूपी में एडिशनल

जितेंद्र कुमार प्रथम को उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड भेजा गया है। सीआईडी में तैनात एवं यूपीएसआईएफएस से संबद्ध चल रहे चिरंजीव मुखर्जी को प्रयागराज कमिश्नरेट भेजा गया है। साइबर क्राइम मुख्यालय में तैनात श्वेताभ पांडेय को एटा का एएसपी सिटी बनाया गया है।




# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को हराया

## न्यूजीलैंड ने तीसरे टी20 में वेस्टइंडीज को नौ रन से हराया, श्रृंखला में 2-1 की बढ़त हासिल की

एजेंसी



नेलसन (न्यूजीलैंड)। न्यूजीलैंड ने काइल जैमीसन की अंतिम ओवर में शानदार गेंदबाजी से रविवार को तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज को नौ रन से हरा दिया। न्यूजीलैंड ने इस तरह पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1से बढ़त बना ली है। जैमीसन ने बृहस्पतिवार को दूसरे मैच में भी आखिरी ओवर फेंका था जिसे न्यूजीलैंड ने तीन रन से जीत लिया था। वेस्टइंडीज ने पहला मैच सात रन से जीता था। तीनों मैचों का फैसला अंतिम ओवर में हुआ है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 177 रन का स्कोर खड़ा किया। फिर लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने 13वें ओवर में 88 रन पर आठ विकेट गंवा दिए थे जिससे लग रहा था कि न्यूजीलैंड आसानी से जीत जाएगा।

लेकिन रोमारियो शेफर्ड ने 34 गेंद में 49 और शमर स्प्रिंगर ने 20 गेंद में 39 रन बना दिए। जिससे वेस्टइंडीज को अंतिम ओवर में जीत के लिए 14 रन की दरकार थी। शेफर्ड और अकील होसेन क्रीज पर थे। आखिरी ओवर फेंकने की जिम्मेदारी फिर से लंबे कद के तेज गेंदबाज जैमीसन को दी गई। उन्होंने संयम से गेंदबाजी करते हुए पहली चार गेंद में सिर्फ दो रन दिए और पांचवीं गेंद पर शेफर्ड को आउट कर मैच खत्म कर दिया। रविवार को एक बार फिर शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद पुछल्ले बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज की पारी को संभाला। मेहमान टीम ने पारी के दूसरे ओवर में जैकब डफी की गेंदों पर दो विकेट गंवा दिए। इससे पावरप्ले की में टीम का स्कोर दो विकेट पर 47 रन था। और फिर बीच के ओवरों में टीम ने 35 रन पर छह विकेट गंवा दिए। स्पिनर ईश सोढ़ी ने 34 रन देकर तीन विकेट लिए और प्लयर ऑफ द मैच रहे। इससे पहले डेवोन कॉनवे ने 34 गेंद में 56 रन बनाकर न्यूजीलैंड की पारी की शुरुआत की। हालांकि टीम ने पांच ओवरों में 31 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे।

वेस्टइंडीज के शानदार क्षेत्ररक्षण से तीन खिलाड़ी रन आउट हुए। जेसन होल्डर और मैट फोर्ड ने बेहतरीन गेंदबाजी की। फोर्ड ने 20 रन देकर दो और होल्डर ने 31 रन देकर दो विकेट झटकर न्यूजीलैंड को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। टिम रॉबिन्सन (23) और रचिन रविंद्र (26) दोनों अच्छी शुरुआत के बावजूद बड़ी पारी नहीं खेल सके।

### जेमिमा की डब्ल्यूबीबीएल में निराशाजनक शुरुआत

ब्रिसबेन। जेमिमा रोड्रिग्स की विश्व कप जीत के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी निराशाजनक रही क्योंकि यह भारतीय बल्लेबाज रविवार को महिला बिग बैश लीग (बीबीएल) में मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ अपनी टीम ब्रिस्बेन हीट की सात विकेट से हार में केवल छह रन ही योगदान दे पाई। पिछले सप्ताह भारत की एकदिवसीय विश्व कप में ऐतिहासिक जीत के बाद अपना पहला मैच खेल रही जेमिमा प्रभाव छोड़ने के लिए बेताब दिखीं लेकिन नौ गेंद खेलने के बाद एलिस कैप्सी की गेंद पर बैकवर्ड पॉइंट पर डिएंड्रा डॉटिन के हाथों कैच आउट हो गई। रोड्रिग्स की इस वापसी ने उनके बढ़ते प्रशंसकों को निराश किया लेकिन उनकी मौजूदगी ने मुकाबले में स्टार वैल्यू का तड़का लगाया। ब्रिस्बेन हीट ने अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें जेमिमाह मुस्कुराते हुए मैदान की ओर जाती हुई दिखाई दे रही हैं। जेमिमा ने इस वीडियो में कहा, मैं यहां ब्रिस्बेन में हूं, क्या आप यकीन कर सकते हैं, आज के लिए बहुत उत्साहित हूं, चलो शुरू करते हैं। हीट के लिए नादिन डी क्लार्क (38 गेंदों पर 40) और चिनेल हेनरी (22 गेंदों पर 29) ने डटकर सामना किया लेकिन रेनेगेड्स के स्पिनरों ने मैच पर दबदबा बनाए रखा और टीम की पारी 20 ओवर में 133 रन पर ही सिमट गयी।

## पिछले एक साल में संघर्षों से उबरने के लिए कड़ी मेहनत की : शेफाली

चंडीगढ़। भारत की महिला विश्व कप विजेता टीम की सदस्य शेफाली वर्मा ने रविवार को कहा कि पिछले एक साल में उन्हें काफी संघर्षों का सामना करना पड़ा और उन्होंने अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत की और टीम को ऐतिहासिक विश्व कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। चोटिल प्रतिका रावल की जगह टीम में शामिल की गईं 21 वर्षीय शेफाली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में मेजबान टीम की 52 रन की जीत के दौरान 87 रन की पारी खेलने के अलावा 36 रन देकर दो विकेट भी चटकाए जिसके लिए उन्हें मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

शेफाली ने रोहतक में एक सम्मान समारोह के बाद संवाददाताओं से कहा पिछला एक साल मेरे लिए बहुत कठिन रहा। मुझे बहुत संघर्षों का सामना करना पड़ा लेकिन मैं कड़ी मेहनत करती रही और ईश्वर ने मेरी मेहनत का फल मुझे दिया। शेफाली को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल की पूर्व संध्या पर भारतीय टीम में शामिल किया गया था। वह अंतिम चार के मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाईं लेकिन हरियाणा की इस खिलाड़ी ने खिताबी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। शेफाली ने कहा, सेमीफाइनल से पहले जब मैं भारतीय टीम में शामिल हुई तो मैंने विश्व कप जीत में योगदान देने की ठान ली थी। फाइनल हमेशा एक बड़ा मंच होता है। शुरुआत में मैं थोड़ी घबराई हुई थी लेकिन मैंने खुद को शांत किया।

## आकाश ने लगातार आठ छक्के व 11 गेंदों में अर्धशतक, बनाये विश्व रिकॉर्ड



सूरत। मेघालय के आकाश कुमार चौधरी रविवार को प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लगातार आठ छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने यहां अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच में केवल 11 गेंदों पर इस प्रारूप का सबसे तेज अर्धशतक भी जड़ा। चौधरी ने सीके पीठावाला मैदान पर मैच के दूसरे दिन आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए यह शानदार उपलब्धि हासिल की। वह 14 गेंदों पर 50 रन बनाकर नाबाद रहे, जिससे मेघालय ने अपनी पहली पारी छह विकेट पर 628 रन के विशाल स्कोर पर घोषित कर दी।

चौधरी ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का लीसेस्टरशर के वेन व्हाइट के पिछला रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2012 में एसेक्स के खिलाफ 12 गेंदों में अर्धशतक बनाया था। यही नहीं 25 वर्षीय चौधरी वेस्टइंडीज के महान सर गारफील्ड सोबर्स और भारत के रवि शास्त्री के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। चौधरी ने यह उपलब्धि तब दर्ज की जब मेघालय का स्कोर छह विकेट पर 576 रन था। उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत में पहली तीन गेंद पर दो रन बनाए। इसके बाद दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अगली आठ गेंदों पर छक्के लगाए। उन्होंने 126वें ओवर में लिमार डाबी की सभी छह गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। रविवार के मैच से पहले चौधरी ने 30 प्रथम श्रेणी मैचों में केवल दो अर्धशतकों के साथ 14.37 की औसत से रन बनाए थे। उन्होंने 28 लिस्ट-ए मैच और 20 टी20 मैच भी खेले हैं। सोबर्स ने अगस्त 1968 में नॉटिंघमशर की तरफ से ग्लेमोर्गन के खिलाफ काउंटी मैच में मैल्कम नैश के एक ओवर में छह छक्के लगाए थे।

इस तरह से वह यह कारनामा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने थे। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रहे शास्त्री ने वानखेड़े स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी 1984-85 के मैच में मुंबई की तरफ से खेलते हुए बड़ौदा के तिलक राज के एक ओवर में छह छक्के लगाए थे। मेघालय के छह विकेट पर 628 रन पर पारी घोषित करने के जवाब में अरुणाचल प्रदेश की टीम पहली पारी केवल 73 रन पर सिमट गई। फॉलोऑन के बाद भी उसकी टीम तीन विकेट पर 29 रन बना कर संघर्ष कर रही थी।

## संक्षेप

### ऑल इंडिया गवर्नर्स गोल्ड कप 16 से

गंगटोक। सिक्किम फुटबॉल संघ (एसएफए) ने रविवार को घोषणा की कि ऑल इंडिया गवर्नर्स गोल्ड कप टूर्नामेंट 16 से 29 नवंबर तक यहां पलजोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और सिक्किम ओलंपिक संघ (एसओए) से मान्यता प्राप्त इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी। प्री-क्वालीफाइंग दौर 16 नवंबर से शुरू होगा जबकि प्री-क्वार्टर फाइनल 18 नवंबर से खेले जाएंगे। क्वार्टर फाइनल 22 नवंबर से 25 नवंबर तक होंगे जबकि सेमीफाइनल 26 और 27 नवंबर को होंगे। फाइनल 29 नवंबर को खेला जाएगा।

### रथिका एनएसडब्ल्यू ओपन स्क्वाश के फाइनल में हारी

सिडनी। भारत की रथिका सुथांथीरा सीलन रविवार को एनएसडब्ल्यू ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के पांच गेम तक चले कड़े मुकाबले में कनाडा की शीर्ष वरीयता प्राप्त इमान शाहीन से हार गईं। दूसरी वरीयता प्राप्त और दुनिया की 180वें नंबर की खिलाड़ी 24 वर्षीय रथिका ने अपने चौथे पीएसए फाइनल में तीसरा और चौथा गेम जीतकर चैलेंजर टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले को बेहद रोमांचक बना दिया। हालांकि कनाडा की खिलाड़ी ने निर्णायक गेम में वापसी करते हुए 61 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 11-8, 11-3, 4-11, 10-12, 12-10 से जीत हासिल की। इससे पहले शनिवार को रथिका ने न्यूजीलैंड की छठी वरीयता प्राप्त एम्मा मर्सन को सीधे गेम में हराकर अपने चौथे पीएसए फाइनल में प्रवेश किया था।

### कुमार कुशाग्र का दोहरा शतक झारखंड का विशाल स्कोर

वडोदरा। युवा विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र के शानदार दोहरे शतक की मदद से झारखंड ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में 506 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और फिर बड़ौदा को शुरुआती झटके देकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। अपने 29वें प्रथम श्रेणी मैच में खेल रहे 21 वर्षीय कुशाग्र ने 367 गेंद पर 234 रन बनाए। इस युवा बल्लेबाज को आईपीएल 2024 से पहले दिल्ली कैपिटल्स ने 7.2 करोड़ रुपये में खरीदा था, जिसके बाद वह आईपीएल 2025 के लिए गुजरात टाइटन्स में चले गए। बड़ौदा की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर 78 रन बनाए हैं। झारखंड की तरफ से तेज गेंदबाज साहिल राज ने 15 रन देकर दो विकेट लिए हैं।

## शंकर और विहारी के शतक से त्रिपुरा का विशाल स्कोर

एजेंसी



अगरतला। पूर्व भारतीय बल्लेबाज विजय शंकर के करियर के सर्वश्रेष्ठ नाबाद 150 रन और हनुमा विहारी के 156 रन से त्रिपुरा ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच के दूसरे दिन रविवार को यहां असम के खिलाफ पहली पारी सात विकेट पर 602 रन बनाकर घोषित की। मौजूदा सत्र में तमिलनाडु का साथ छोड़कर त्रिपुरा की ओर से खेलने वाले शंकर ने 143 गेंद की अपनी पारी में 14 चौके और चार छक्के मारे।

इससे पहले विहारी ने 228 गेंद में 18 चौकों और दो छक्कों से 156 रन बनाए। विकेटकीपर सेंतु सरकार (94) और कप्तान मणिशंकर मूरासिंह (52) ने भी अर्धशतक जड़े। इसके जवाब में असम ने दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 67 रन बनाए। त्रिपुरा की ओर से तेज गेंदबाज अभिजीत सरकार ने 10 रन देकर दो विकेट चटकाए। असम की टीम अब भी 535 रन से पीछे है जबकि उसके सिर्फ छह विकेट बचे हैं। सूरत में बंगाल ने 474 रन बनाने के बाद तेज गेंदबाज सूरज सिंधू जायसवाल (17 रन पर चार विकेट) की तूफानी गेंदबाजी से रेलवे का स्कोर पांच विकेट पर 97 रन करके अपना पलड़ा भारी रखा। रेलवे की टीम अब भी 377 रन से पीछे है जबकि उसके सिर्फ पांच विकेट बचे हैं। बंगाल की ओर से अनुस्तूप मजूमदार ने 135 जबकि सुमंत गुप्ता ने अपना पहला प्रथम श्रेणी शतक जड़ते हुए 120 रन की पारी खेली। मजूमदार ने 182 गेंद की अपनी पारी में 15 चौके मारे जबकि गुप्ता ने 153 गेंद का सामना करते हुए 15 चौके और दो छक्के जड़े।

नाडियाड में गुजरात और सेना के बीच चल रहा मैच रोमांचक मोड़ पर है। सेना के 248 रन के जवाब में गुजरात ने चार विकेट पर 171 रन बना लिए हैं। दिन का खेल खत्म होने पर उर्विल पटेल 37 जबकि क्षितिज पटेल 18 रन बनाकर खेल रहे थे। गुजरात की टीम सेना के पहली पारी के स्कोर से 77 रन पीछे है जबकि उसके छह विकेट शेष है। रोहतक में उत्तराखंड ने हरियाणा पर शिकंजा कस दिया है।

## दक्षिण अफ्रीका ए ने भारत ए को पांच विकेट से हराया

बेंगलुरु। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ए ने नियमित टेस्ट गेंदबाजों की मौजूदगी वाले भारत ए के खिलाफ रविवार को दूसरे चार दिवसीय मैच के चौथे दिन पांच विकेट से यादगार जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका ए ने दिन की शुरुआत में बिना किसी नुकसान के 25 रन से आगे से खेलते हुए 417 रन के बड़े लक्ष्य का बिना किसी परेशानी के आसानी से पीछा कर लिया। जॉर्डन हरमन (91, 123 गेंद), लेसेगो सेनोक्वाने (77, 174 गेंद), तेम्बा बावुमा (59, 101 गेंद), जुबैर हमजा (77, 88 गेंद) और कॉनर एस्टरहुइजन (52 रन नाबाद, 54 गेंद) ने शानदार अर्धशतक जड़े जिससे दक्षिण अफ्रीका ए ने तीन ओवर शेष रहते पांच विकेट पर 417 का स्कोर बना यादगार जीत दर्ज की। यह ए मैचों में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़ा स्कोर था। दक्षिण अफ्रीका ए को पारी की हार से बचने के लिए चौथे दिन 392 रन बनाने थे। हरमन और सेनोक्वाने ने शुरुआती विकेट के लिए शानदार साझेदारी कर टीम को कमाल की शुरुआत दिलाई। इस जोड़ी ने दिन के पहले सत्र में 27 ओवर में 114 रन बनाने के साथ 258 गेंद में 156 रन की साझेदारी की। शुरुआती सत्र के खेल के बाद दक्षिण अफ्रीका का स्कोर बिना किसी नुकसान के 139 रन था और तब तक यह साफ हो चुका था।

## रायबाकिना ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीता



एजेंसी

रियाद (सऊदी अरब)। छठी वरीयता प्राप्त और 2022 विम्बलडन चैंपियन एलेना रायबाकिना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 6-3, 7-6 (0) से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीत लिया। रायबाकिना ने शनिवार को रियाद के इनडोर हार्डकोर्ट पर हुए मुकाबले में आठ ऐस लगाए और मैच का एकमात्र ब्रेक भी हासिल किया। रायबाकिना ने अपने खिताबी अभियान में दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक, अमांडा अनिसिमोवा और जेसिका पेगुला पर जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल्स जीतने के बाद कहा, यह सप्ताह अविश्वसनीय रहा।

मुझे किसी नतीजे की उम्मीद नहीं थी और यहां तक सफर तय करना अविश्वसनीय रहा। चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका के लिए यह सत्र के अंतिम टूर्नामेंट के फाइनल में दूसरी हार थी। इससे पहले वह 2022 के खिताबी मुकाबले में कैरोलिन गार्सिया से हार गई थीं। रायबाकिना लगातार तीसरे डब्ल्यूटीए फाइनल्स में अपना पहला खिताबी मुकाबला खेल रही थीं। शीर्ष आठ महिलाओं वाले इस टूर्नामेंट जीत हासिल करने से उन्हें 52.3 लाख अमेरिकी डॉलर की राशि हासिल की। डब्ल्यूटीए ने कहा कि यह महिला खेलों के इतिहास में सबसे बड़ी राशि है। सबालेंका ने उपविजेता के रूप में 27 लाख अमेरिकी डॉलर कमाए। वहीं दूसरी ओर चौबीस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने लगातार दूसरे साल एटीपी फाइनल्स से हटने का फैसला किया। जोकोविच ने लगभग तीन घंटे चले फाइनल में लोरेंजो मुसेटी को हराकर हेलेनिक चैंपियनशिप जीतने के कुछ देर बाद ही यह फैसला किया। इस सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि कंधे की चोट के कारण वह रविवार को इटली के तूरिन में शुरू होने वाले शीर्ष आठ पुरुष खिलाड़ियों के सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। जोकोविच ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, मुझे यह बताते हुए दुख हो रहा है कि मुझे अपनी चोट के कारण टूर्नामेंट से हटना पड़ रहा है।

## क्रिकेट बड्डीज की जीत में नूर ने दिखाया कमाल

लखनऊ। क्रिकेट बड्डीज क्रिकेट क्लब ने चतुर्थ स्वर्गीय अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) टी-20 क्रिकेट टूनामेंट में सीवीसीएल को 4 विकेट से शिकस्त दी। टीम की जीत में मैन ऑफ द मैच नूर ने उपयोगी 49 रन बनाए। आरडीएसओ स्टेडियम पर सीवीसीएल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 4 विकेट पर 145 रन का स्कोर बनाया। सलामी बल्लेबाज देवेश ने 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। कपिल निगम ने 35 व राकेश जोशी ने 36 रन जोड़े। क्रिकेट बड्डीज से जयदेव बिष्ट, फखरुजमां व नूर को 1-1 विकेट की सफलता मिली। जवाब में क्रिकेट बड्डीज क्रिकेट क्लब ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 19 ओवर में 6 विकेट पर 146 रन बनाए। जीत में नूर ने 38 गेंदों पर 3 चौके से 49 रन और करुणेश उपाध्याय ने 33 रन की पारी खेली। सोनू स्वरुप ने 16 व आईसी अग्रवाल ने 14 रन का योगदान किया। सीवीसीएल से राकेश जोशी व आशुतोष श्रीवास्तव को 2-2 व नीरज तोमर को 1 विकेट की सफलता मिली।

## प्रमोद, कृष्णा व सुकांत जापान पैरा बैडमिंटन में चमके

एजेंसी



शिजुओका सिटी (जापान)। स्टार पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों प्रमोद भगत, कृष्णा नागर और सुकांत कदम ने रविवार को यहां जापान पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारत ने आधे दर्जन से अधिक स्वर्ण पदक जीते। भगत ने एकल, युगल और मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता जबकि तोक्यो पैरालंपिक चैंपियन नागर ने एकल और मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक हासिल किए।

सुकांत ने पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा एकल में रजत पदक हासिल किया। भगत ने एसएल3 वर्ग में पुरुष एकल में जापान के दाइसुके फुजिहारा के खिलाफ पहला गेम गंवाने और दूसरे में 16-19 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए एक घंटे और 33 मिनट में 17-21, 21-19, 21-10 से जीत दर्ज की। पुरुष युगल में भगत ने सुकांत के साथ मिलकर जगदीश दिल्ली और नवीन शिवकुमार की हमवतन जोड़ी को 21-17, 18-21, 21-16 से हराया। भगत ने इसके बाद मनीषा रामदास के साथ मिलकर एसएल4-एसयू5 वर्ग में नितीश कुमार और टी मुरुगेसन की हमवतन जोड़ी को 29 मिनट में 21-19, 21-19 से हराकर स्वर्ण पदक ही हैट्रिक पूरी की। भगत ने मैच के बाद कहा, यहां तीन स्वर्ण पदक जीतना बहुत मायने रखता है। ऐसे देश में प्रदर्शन करना हमेशा खास होता है जो पैरा बैडमिंटन को इतनी गहराई से महत्व देता है। हर मैच ने मुझे मानसिक और शारीरिक रूप से परखा और मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं इस दबाव से कैसे निपटा।

नागर ने एसएच6 वर्ग के पुरुष एकल फाइनल में अमेरिका में माइल्स क्राजेवस्की को 22-20, 21-13 से हराया और फिर नित्या श्री के साथ मिलकर मिश्रित युगल का भी खिताब जीता। सुकांत ने भगत के साथ स्वर्ण पदक जीतने के अलावा एसएल4 एकल में रजत पदक हासिल किया जहां उन्हें कड़े मुकाबले में हमवतन भारतीय नवीन शिवकुमार से हार का सामना करना पड़ा। मनदीप कौर और नीरज ने महिला एसएल3 वर्ग में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। महिला युगल एसएल3-एसयू5 में मानसी जोशी और तुलसीमति मुरुगेसन ने स्वर्ण पदक जीता जबकि नीरज-आरती और संजना कुमारी-शांतिया ने कांस्य पदक जीता। मानसी जोशी और रूथिक रघुपति ने मिश्रित युगल (एसएल3-एसयू5) में कांस्य पदक जीता। सूर्यकांत ने पुरुष एसएल4 में कांस्य पदक जीता जबकि तुलसीमति, मनीषा रामदास और शांतिया ने महिला एसयू5 वर्ग में क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते। हार्दिक मक्कड़ और रूथिक रघुपति ने पुरुष युगल एसयू5 में रजत पदक जीता जबकि नित्या श्री ने महिला एकल एसएच6 में स्वर्ण पदक जीता।

## नैशविले पर जीत से इंटर मियामी ईस्ट सेमीफाइनल में

एजेंसी



फोर्ट लाउडरडेल (अमेरिका)। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के दो गोल और दो गोल में मदद करने से इंटर मियामी शनिवार को ईस्टर्न कांफ्रेंस प्लेऑफ सीरीज के पहले दौर के निर्णायक तीसरे मैच में तीसरी वरीयता प्राप्त नैशविले एससी को 4-0 से हराकर ईस्ट सेमीफाइनल्स में पहुंच गया। इससे अब मेसी और इंटर मियामी एमएलएस कप खिताब से तीन जीत दूर हैं। मेसी ने पहले हाफ में दो गोल दागे जबकि तादेओ अलेंदे को दूसरे हाफ में दो गोल करने में मदद की। इस तरह इंटर मियामी ने सीरीज में नैशविले को 8-3 से हरा दिया। मेसी ने इन सभी आठ गोल में योगदान दिया जिनमें से पांच गोल उन्होंने किए और बाकी तीन गोल करने में मदद की। इंटर मियामी अब ईस्ट सेमीफाइनल मैच के लिए एफसी सिनसिनाटी से भिड़ेगा। यह नॉकआउट होगा।

इंटर मियामी और सिनसिनाटी का विजेता ईस्ट फाइनल में शीर्ष वरीय फिलेडेल्फिया यूनियन और पांचवें वरीय न्यूयॉर्क सिटी एफसी के बीच होने वाले विजेता से भिड़ेगा। एमएलएस कप फाइनल छह दिसंबर को होगा। वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता को छोड़कर भारतीय नागरिकता लेने वाले फॉरवर्ड रेयान विलियम्स मुख्य कोच खालिद जमील की देखरेख में बेंगलुरु में चल रही राष्ट्रीय टीम के शिविर में शामिल हो गये। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने रविवार को यह जानकारी दी। पर्थ में जन्में 32 वर्षीय इस खिलाड़ी ने डिफेंडर जय गुप्ता के साथ शिविर में प्रवेश किया। एआईएफएफ ने एक्स पर लिखा, फॉरवर्ड रेयान विलियम्स और डिफेंडर जय गुप्ता बेंगलुरु में सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के शिविर में शामिल हो गए हैं। भारतीय फुटबॉल के लिए इस नयी पहल के तहत एआईएफएफ ने इस हफ्ते की शुरुआत में दो विदेशी खिलाड़ियों (विलियम्स और अबनीत भारती) को 18 नवंबर को ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिए शामिल किया। यह कदम मुश्किल दौर से गुजर रही महासंघ के दृष्टिकोण में एक साहसिक बदलाव को दर्शाता है, जिससे भारतीय मूल के खिलाड़ियों और देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए विदेशी नागरिकता छोड़ने को तैयार खिलाड़ियों के लिए दरवाजे खुल गए हैं। शिविर बृहस्पतिवार को बेंगलुरु में शुरू हुआ। विलियम्स को भारतीय नागरिकता सौंपने का समारोह दिग्गज सुनील छेत्री द्वारा बेंगलुरु एफसी के प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया था। वह इंडियन सुपर लीग में बेंगलुरु एफसी के लिए खेलते हैं।

विलियम्स को भारतीय नागरिकता सौंपने का समारोह दिग्गज सुनील छेत्री ने बेंगलुरु एफसी के प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया। वह इंडियन सुपर लीग में बेंगलुरु एफसी के लिए खेलते हैं। विलियम्स ने इससे पहले एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, लंबे समय से इंतजार करने के बाद आधिकारिक तौर पर टीम से जुड़ने पर गर्व है। इस देश ने मुझे जो प्यार, अवसर और अपनेपन का जो अहसास दिया है, उसके लिए आभारी हूं। भारत, मैं आपका अपना हूं। विलियम्स की मां का जन्म मुंबई में हुआ था जबकि उनके पिता का जन्म इंग्लैंड के केंट में हुआ था। यह केवल दूसरा मामला है जब किसी प्रवासी भारतीय नागरिक (ओसीआई) को भारतीय फुटबॉल टीम के लिए खेलने का अधिकार मिला है। वह ऑस्ट्रेलिया की अंडर-20 और अंडर-23 टीमों के लिए खेल चुके हैं और 2019 में दक्षिण कोरिया के खिलाफ एक मैत्री मैच में दूसरे हाफ में स्थानापन्न के रूप में सीनियर टीम का प्रतिनिधित्व भी किया था। वह 2023 में आईएसएल टीम बेंगलुरु एफसी से जुड़े। उन्होंने इससे पहले इंग्लैंड के क्लब फुलहम और पोर्ट्समाउथ का भी प्रतिनिधित्व किया है।

# मोदी बना रहे हैं औद्योगिक कॉरिडोर

## विपक्ष बिहार में घुसपैठिया कॉरिडोर बनाना चाहता है, भविष्य में पाकिस्तान पर जो मोर्टार दागे जायेंगे, वे बिहार के आयुध कारखाने में बनेंगे

एजेंसी

सासाराम/अरवल। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन पर बिहार में घुसपैठियों के लिए कॉरिडोर बनाने की कोशिश का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य में औद्योगिक कॉरिडोर स्थापित कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण के प्रचार के आखिरी दिन सासाराम एवं अरवल में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, भविष्य में पाकिस्तान पर जो मोर्टार दागे जाएंगे, वे बिहार के आयुध कारखाने में बनाए जाएंगे। शाह ने कहा, हाल ही में राहुल गांधी और लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव ने वोटर अधिकार यात्रा निकाली।



यह यात्रा बिहार के गरीबों, दलितों और अति पिछड़ों के जीवन में सुधार लाने के लिए नहीं थी, बल्कि यह घुसपैठियों की रक्षा के लिए थी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि विपक्ष की वोट बैंक की राजनीति ने उन्हें घुसपैठिया कॉरिडोर बनाने की कोशिश करने पर मजबूर किया है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी राज्य में औद्योगिक कॉरिडोर स्थापित कर रहे हैं। राहुल गांधी के इस आरोप पर कि देश में वोट चोरी हो रही है, शाह ने कहा, अगर उन्हें सच में ऐसा लगता है, तो वे निर्वाचन आयोग में औपचारिक शिकायत क्यों नहीं करते? उन्होंने कहा, जब केंद्र में मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी और लालू यादव की सरकार थी, तब आतंकवादी देश के अंदर खुलकर हमले करते थे और अब हम आतंकवादियों को उनके घरों में घुसकर मार रहे हैं। शाह ने कहा, भविष्य में अगर पाकिस्तान से कोई आतंकवादी हमला करने की हिम्मत करता है, तो उनके बमों का जवाब मोर्टार से दिया जाएगा और ये मोर्टार यहीं बिहार के सासाराम में बनेंगे, जहां मोदी रक्षा कॉरिडोर बना रहे हैं। कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर राम मंदिर निर्माण रोकने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए शाह ने कहा, 550 साल पहले मुगल बादशाह बाबर ने वहां एक प्राचीन मंदिर को तोड़ दिया था, लेकिन आज मोदी के नेतृत्व में उस स्थान पर आसमान छूता भव्य मंदिर बनकर तैयार है। उन्होंने कहा, मैं आपको पहले ही बता सकता हूं कि इस चुनाव का नतीजा क्या होगा।

यह बिहार में मेरी 37वीं रैली है और मैं दावा करता हूं कि लालू जी और उनके साथी पहले चरण में ही पूरी तरह साफ हो चुके हैं। शाह ने मतदाताओं से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा, विपक्ष ने भले ही नया चेहरा धारण कर लिया हो, लेकिन उनके चुनाव चिह्न लालटेन और पंजा वही हैं, और उनका चरित्र भी वही है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, मोदी के नेतृत्व में हमने नक्सलवाद की समस्या को खत्म किया है। लेकिन अगर इन लाल झंडा वालों को जरा भी मौका मिला, तो बिहार फिर से अराजकता और हिंसा के उसी दौर में चला जाएगा। शाह ने मतदाताओं से अपील की, राजग उम्मीदवारों के पक्ष में ईवीएम का बटन इतनी ताकत से दबाइए कि उसकी गूंज इटली तक सुनाई दे। राजद प्रमुख लालू प्रसाद और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तुलना करते हुए शाह ने कहा, लालू जी चारा घोटाले सहित कई भ्रष्टाचार मामलों में दोषी हैं।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पूर्वोत्तर राज्यों के सीपीए इंडिया सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सोमवार को कोहिमा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन-तृतीय के 22वें वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस दो दिवसीय सम्मेलन में आठ पूर्वोत्तर राज्यों के पीठासीन अधिकारी और विधायक भाग लेंगे। इस सम्मेलन में नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और नगालैंड विधानसभा के अध्यक्ष एवं सीपीए भारत क्षेत्र जोन-तृतीय के अध्यक्ष शारिंगेन लोंगकुमेर शामिल होंगे।



सम्मेलन का विषय नीति, प्रगति और जनताः परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में विधानमंडल है और उप-विषय विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में विधानमंडलों की भूमिका और पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में हाल में हुई बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं के आलोक में जलवायु परिवर्तन हैं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सीपीए भारत क्षेत्र तृतीय ने क्षेत्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने, संसदीय सर्वोत्तम चलन को बढ़ावा देने और पूर्वोत्तर के लिए एक्ट ईस्ट नीति एवं बुनियादी ढांचे के विकास जैसे विशिष्ट क्षेत्रीय मुद्दों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसकी प्रमुख उपलब्धियों में व्यापार और सहयोग के लिए भारत-आसियान दृष्टिकोण में पूर्वोत्तर क्षेत्र को शामिल करना और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में तेजी लाने, व्यापारिक चौकियों को बढ़ाने एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान का आह्वान करना शामिल है। यह क्षेत्र संसदीय प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने और प्रौद्योगिकियों के अधिक उपयोग के माध्यम से उन्हें अधिक सुलभ और समावेशी बनाने पर भी ध्यान केंद्रित करता है, जैसा कि राष्ट्रीय ई-विधान ऐप्लीकेशन (नेवा) के कार्यान्वयन, डिजिटलीकरण कार्यक्रम और सक्रिय सार्वजनिक भागीदारी में देखा गया है।

## संक्षेप

### पाक के सिंध में 16 लाख से अधिक बाल मजदूर

कराची। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में 16 लाख से अधिक बच्चे बालश्रम में लगे हुए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने हाल के एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए रविवार को यह जानकारी दी। सिंध के श्रम महानिदेशक सैयद मुहम्मद मुर्तजा अली शाह ने बताया कि पांच से 17 वर्ष तक के बच्चों की सुरक्षा के लिए कानूनों को अद्यतन करने और लागू करने के सरकार के प्रयासों के बावजूद बाल श्रम देश में एक बड़ी समस्या बनी हुई है। जुलाई-अगस्त में यूनिसेफ और सांख्यिकी ब्यूरो की तकनीकी सहायता से उनके विभाग द्वारा किए गए सर्वेक्षण से पता चला कि प्रांत में 16 लाख से अधिक (5-17 वर्ष की आयु के 10.3 प्रतिशत) बच्चे बाल श्रम में लगे हुए हैं। शाह ने कहा, अन्य प्रांत भी अब बाल श्रम पर नए सर्वेक्षण कर रहे हैं लेकिन सिंध में हमने पाया कि लगभग आठ लाख बच्चे (10-17 वर्ष की आयु के 50.4 प्रतिशत) खतरनाक और शोषणकारी परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। सर्वेक्षण से यह भी पता चला कि केवल 40.6 प्रतिशत कामकाजी बच्चे ही स्कूल जाते हैं, जबकि गैर-कामकाजी बच्चों में यह प्रतिशत 70.5 है। कंबर शाहदादकोट जिले में सबसे ज्यादा 30.8 प्रतिशत बाल श्रम है, उसके बाद थारपारकर में 29 प्रतिशत, टांडो मुहम्मद खान में 20.3 प्रतिशत और शिकारपुर में 20.2 प्रतिशत है।

# जापान में शक्तिशाली भूकंप सुनामी की चेतावनी जारी

एजेंसी

तोक्यो। उत्तरी जापान के तट पर रविवार को शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने यह जानकारी दी। जेएमए ने कहा कि भूकंप की तीव्रता 6.7 मापी गई और भूकंप का केंद्र इवाते प्रांत के तट पर समुद्र की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। अधिकारियों के मुताबिक, क्षेत्र में स्थित दोनों परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के किसी तरह के नुकसान या किसी असामान्य घटना की तत्काल कोई खबर नहीं मिली है। एजेंसी ने उत्तरी तटीय क्षेत्र में समुद्र में एक मीटर तक सुनामी की लहरें उठने की चेतावनी जारी की है। सार्वजनिक प्रसारक एनएचके ने सुनामी के खतरे के कारण लोगों को तटीय क्षेत्रों से दूर रहने की चेतावनी दी है। उसके मुताबिक क्षेत्र में और अधिक भूकंप आ सकते हैं। एनएचके ने बताया कि इवाते प्रांत के ओफुनाटो शहर और ओमिनाटो बंदरगाह पर लगभग 10 सेंटीमीटर की सुनामी की सूचना है।

# यूक्रेन के हमलों से रूस के शहरों की बिजली आपूर्ति बाधित

एजेंसी

कीव। यूक्रेन द्वारा शनिवार रात किए गए हमलों के कारण उसकी सीमा से लगते रूस के दो प्रमुख शहरों में बिजली आपूर्ति और हीटिंग प्रणाली बाधित हो गई। स्थानीय रूसी अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। रूस और यूक्रेन एक-दूसरे के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर लगभग प्रतिदिन हमले कर रहे हैं। लगभग चार साल से जारी युद्ध को रोकने के लिए अमेरिका के नेतृत्व वाले कूटनीतिक प्रयास बेनतीजा साबित हो रहे हैं। क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्जेंडर गुसेव ने बताया कि ड्रोन हमले के कारण वोरोनिश के कुछ



हिस्सों में अस्थायी रूप से बिजली बाधित हो गई और हीटिंग सिस्टम (सर्दियों में इमारतों या संयंत्रों को गर्म रखने की प्रणाली) ठप हो गई।

उन्होंने कहा कि दस लाख से ज्यादा की आबादी वाले शहर के ऊपर रात में कई ड्रोन को मार गिराया गया लेकिन उनके मलबे से आग लगी जिसे तुरंत बुझा दिया गया। रूस और यूक्रेन के टेलीग्राम चैनलों ने दावा किया कि हमले का लक्ष्य एक स्थानीय ताप विद्युत संयंत्र था। स्थानीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने बताया कि शनिवार देर रात हुए एक मिसाइल हमले से बेलगोरोड शहर की बिजली आपूर्ति और हीटिंग सिस्टम को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि लगभग 20,000 घर प्रभावित हुए हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि उसकी सेनाओं ने शनिवार रात के दौरान दो दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्रों, ब्रांस्क और रोस्तोव, के ऊपर से उड़ान भर रहे यूक्रेन के 44 ड्रोन को नष्ट कर दिया या उन्हें निष्क्रिय कर दिया गया।

# तेलंगाना में कांग्रेस 2034 तक सत्ता में रहेगी : मुख्यमंत्री रेवंत

एजेंसी

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने रविवार को भरोसा जताया कि कांग्रेस राज्य में 2034 तक सत्ता में बनी रहेगी। रेड्डी ने यहां प्रेस से मिलिए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विपक्षी दल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की आलोचना की। उन्होंने बीआरएस पर आरोप लगाया कि वह अपने दस साल के शासन के दौरान लगभग दो लाख करोड़ रुपये का औसत वार्षिक राजस्व अर्जित करने के बावजूद हैदराबाद में कुछ फ्लाईओवर सहित कई परियोजनाओं को पूरा करने में विफल रही।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि तेलंगाना में निवेश करने के इच्छुक उद्योगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इशारे पर गुजरात की ओर मोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का केंद्र से लड़ने का कोई इरादा नहीं है। रेड्डी ने कहा, 1994 से 2004 तक तेदेपा (तेलुगु देशम पार्टी) ने 10 साल तक शासन किया और 2004 से 2014 तक कांग्रेस (तत्कालीन) एकीकृत आंध्र प्रदेश में सत्ता में थी। 2014 से बीआरएस ने लगभग 10 साल तक तेलंगाना पर शासन किया और 2024 से 2034 तक फिर से कांग्रेस सत्ता में रहेगी। यह लोगों की ओर से दिया गया दृढ़ जनादेश



है। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि कांग्रेस जुबली हिल्स विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में जीत दर्ज करेगी। उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जमानत जब्त हो जाएगी, जबकि बीआरएस को हार का सामना करना पड़ेगा। अपनी सरकार की ओर से क्रियान्वित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए रेड्डी ने कहा कि उनके प्रशासन ने पिछली बीआरएस सरकार द्वारा शुरू की गई किसी भी योजना को बंद नहीं किया है तथा कुछ का विस्तार किया गया है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि बीआरएस ने पिछले लोकसभा चुनावों में परोक्ष रूप से भाजपा का समर्थन किया था। रेड्डी ने कहा के चंद्रशेखर राव की बेटी खुद कहती हैं कि बीआरएस का भाजपा में विलय शुरू हो गया है।

# देश को बांट रहे भाजपा व आरएसएस

एजेंसी

**किशनगंज।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि देश को बांटने का प्रयास कर रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की विचारधारा और देश को जोड़ने का संकल्प लिए हुए इंडिया गठबंधन की विचारधारा के बीच इस समय सीधी लड़ाई है।



बिहार के किशनगंज में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हम नफरत के बाज़ार में मोहब्बत की दुकान खोलना चाहते हैं। नरेन्द्र मोदी जी के खून में नफरत है, लेकिन मेरे खून में देश को एकजुट करने का जज्बा है। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस समाज में डर व घृणा का माहौल बनाकर राजनीतिक लाभ उठाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, वे चाहते हैं कि लोग एक-दूसरे से डरें, नफरत करें, ताकि वे सत्ता में बने रहें।

गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधते हुए कहा वह बिहार आकर कहते हैं कि यहां उद्योग लगाने के लिए जमीन नहीं है। लेकिन जब अदाणी की बात आती है, तो उन्हें जमीन दी जाती है। बिहार में एक भी फूड प्रोसेसिंग यूनिट नहीं है, जबकि यहां के किसानों के पास अपार संभावनाएं हैं। कांग्रेस नेता ने बिहार की गौरवशाली शैक्षणिक परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य कभी ज्ञान और शिक्षा का केंद्र था।

# तरनतारन उपचुनाव के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

एजेंसी

चंडीगढ़। तरनतारन विधानसभा उपचुनाव के लिए 11 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए व्यापक सुरक्षा उपाय किए गए हैं। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने रविवार को यह कहा।

उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 12 कंपनियां तैनात की गई हैं। उन्होंने बताया कि उपचुनावों के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा की गई अब तक की यह सबसे बड़ी सीएपीएफ तैनाती में से एक है। योजना के अनुसार, सभी 114 मतदान केन्द्र स्थलों (जिनमें 222 मतदान केन्द्र शामिल हैं) की सुरक्षा सीएपीएफ कर्मियों द्वारा की जाएगी। सीएपीएफ की उपस्थिति के अलावा सभी मतदान केंद्र सीसीटीवी कैमरों और वेबकास्टिंग सुविधाओं से सुसज्जित होंगे, जिसकी निगरानी भारत निर्वाचन आयोग की समग्र निगरानी में रिटर्निंग अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी और मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा बारीकी से की जाएगी।

## इंटरटेनमेंट...

# प्यार के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है रश्मिका

**मुंबई।** नेशनल क्रश कहलाई जाने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना की नई फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। इसी दौरान रश्मिका मंदाना ने अपनी शादी को लेकर दिल छू लेने वाला बयान दिया है। हाल ही में एक इवेंट में रश्मिका ने कहा कि वो विजय देवरकोंडा से शादी करना चाहती हैं और अपने जीवनसाथी के लिए वे किसी भी हद तक जा सकती हैं, यहां तक कि गोली खाने को भी तैयार हैं। रश्मिका ने कहा मुझे ऐसा इंसान चाहिए जो समझने के लिए तैयार हो। कोई ऐसा जो

**जीवन साथी के लिए गोली खाने को तैयार हैं रश्मिका**

सचमुच अच्छा हो और जो मेरे साथ या मेरे लिए जंग लड़ सके। अगर कल मेरे खिलाफ जंग हुई, तो मुझे पता है कि वो इंसान मेरे साथ लड़ेगा। मैं भी वैसा ही करूंगी। मैं उसके लिए किसी भी दिन गोली खाने को तैयार हूं।? उन्होंने यह भी बताया कि उनका आदर्श जीवनसाथी वही होगा जो जिंदगी को गहराई से समझे और हर परिस्थिति को अपने दृष्टिकोण से देखे। उसी इवेंट में रश्मिका ने मजाकिया अंदाज में बताया कि अगर उनसे पूछा जाए कि वे किन अभिनेताओं को डेट, शादी या मार डालेंगी, तो वे शादी के



लिए विजय देवरकोंडा का नाम लेंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रश्मिका और विजय ने हाल ही में सगाई कर ली है और दोनों 26 फरवरी 2026 को उदयपुर में शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों की जोड़ी बॉलीवुड और साउथ की जनता में बहुत पसंद की जा रही है।

# 'हक' की स्क्रीनिंग में भावुक हुई मुस्लिम महिला

**मुंबई।** यामी गौतम और इमरान हाशमी स्टारर फिल्म हक 7 नवंबर को रिलीज हुई है। ये फिल्म शाहबानो केस पर बनी है, जिन्होंने मुस्लिम महिलाओं के हक की लड़ाई छेड़कर इसे राष्ट्रीय बहस बना दिया। हाल ही में मुंबई में फिल्म की स्क्रीनिंग रखी गई

**यामी गौतम का हाथ थामकर रो पड़ीं, कहा- बहुत हिम्मत मिली, एक्ट्रेस बोलीं हमसे जो बन पड़ेगा हम करेंगे**

थी, जिस समय एक मुस्लिम महिला फिल्म देखकर भावुक हो गईं और उन्होंने एक्ट्रेस का हाथ थामकर उन्हें ऐसी कहानी पर्दे पर दिखाने के लिए शुक्रिया अदा किया। स्क्रीनिंग के बाद महिला फिल्म की स्टारकास्ट के पास पहुंची। इस दौरान उन्होंने यामी का



हाथ थामकर कहा- बहुत अच्छा लगा फिल्म देखकर, ये हक सबको मिलना चाहिए। मेरे साथ भी वही हुआ। महिला को रोते देख यामी गौतम ने उनकी हिम्मत बांधी और कहा- आप हिम्मत रखिए, हमसे जो बन पड़ेगा हम करेंगे।

# प्रोड्यूसर पर भड़के शाहरुख कहा-सैफ कौन?

**मुंबई।** 1997 में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म यस बॉस के सेट पर एक छोटी-सी बात ने उस वक्त बड़ा बवाल खड़ा कर दिया था। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, शूटिंग के दौरान फिल्म के निमार्ता रतन जैन ने हंसी-मजाक में कहा था कि अगर शाहरुख डेट्स नहीं देंगे, तो सैफ अली खान को ले लेते हैं। यह सुनते ही किंग खान का मूड बदल गया। उन्होंने तुरंत पलटकर जवाब दिया- सैफ कौन? इतना कहकर शाहरुख खान गुस्से में वहां से उठकर चले गए। बताया जाता है कि उन्होंने साफ चेतावनी दी थी कि अगर किसी और एक्टर का नाम फिर लिया गया।

# करण जौहर ने किया विक्की-कटरीना का पेरेंटिंग वर्ल्ड में स्वागत

**मुंबई।** बॉलीवुड के पावर कपल कटरीना कैफ और विक्की कौशल 7 नवंबर को पेरेंट्स बने हैं। कटरीना कैफ ने बेटे को जन्म दिया, जिसके बाद कपल ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस और करीबियों के साथ ये खुशखबरी शेयर की। अब कटरीना के दोस्त और फिल्ममेकर करण जौहर ने उनका और विक्की का पेरेंटिंग की खूबसूरत दुनिया में स्वागत करते हुए उनके बेटे को आशीर्वाद दिया है। करण जौहर ने हाल ही में अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से विक्की-कटरीना की एक खूबसूरत तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, 'इस बेहद प्यारे और



गर्मजोशी से भरे कपल को बधाई, ये सबसे बेस्ट न्यूज है। खुशकिस्मत बेबी बॉय को मेरा आशीर्वाद। पेरेंटिंग की मैजिकल दुनिया में स्वागत है।' बता दें कि करीना कपूर ने भी कटरीना कैफ का बॉय मम्मा क्लब में स्वागत किया। उन्होंने कटरीना-विक्की की पोस्ट पर लिखा, 'कैट बॉय मम्मा क्लब में तुम्हारा स्वागत है। मैं तुम्हारे और विक्की के लिए बहुत खुश हूं।' कटरीना और विक्की ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को खुशखबरी देते हुए अपनी पोस्ट में लिखा, ?हमारी खुशियों का छोटा सा तोहफा आ गया है।

बेहद प्यार और आभार के साथ, हम अपने बेटे का स्वागत करते हैं। कटरीना कैफ ने सितंबर के महीने में मां बनने की घोषणा की थी। इंस्टाग्राम पर कटरीना कैफ ने एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वो और विक्की कौशल बेबी बंप थामे हुए नजर आए थे। हम जिंदगी का सबसे अच्छा चैप्टर शुरू करने जा रहे हैं, दिल खुशी और आभार से भरे हुए हैं। कटरीना और विक्की की शादी 9 दिसंबर 2021 में हुई थी। जिसमें केवल करीबी लोग शामिल हुए थे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com